# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 44, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 32 अंकों की गिरावट

सेंसेक्स 32.11 अंक यानी 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई। } 14

## राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ खड़ा है विपक्ष : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा विपक्ष का सदन से बहिर्गमन कार्यवाही में दर्ज होना चाहिए कि ये देशद्रोही गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है, एक अभिव्यक्ति है। } 16



### संक्षेप

### मणिपुर में जवान ने की गोलीबारी, दो की मौत

मणिपुर। मणिपुर में सीआरपीएफ जवान ने कैंप पर फायरिंग कर खुद को भी गोली मार दी। इस फायरिंग में दो जवान की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। यह घटना गुरुवार (13 फरवरी 2025) की रात करीब 8.20 बजे इंफाल पश्चिम जिले के लामफेल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कैंप में हुई। सूत्रों के मुताबिक 120वीं बटालियन के हवलदार संजय कुमार ने अपनी सर्विस बंदूक से फायरिंग की, जिसमें एक कांस्टेबल और एक सब-इंस्पेक्टर की मौत हो गई और फिर उसने खुद को भी गोली मार ली. गोलीबारी में सीआरपीएफ के आठ जवान घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया।

### मेरठ में विजिलेंस छापा 14.50 करोड़ बरामद

मेरठ (उप्र)। आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने सेवानिवृत पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह सैनी के आवासों पर छापेमारी की और इस दौरान 14.50 करोड़ की संपत्ति मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक इंदू सिद्धार्थ ने बृहस्पतिवार को बताया कि छापे के दौरान विभाग की तीन टीम ने सात घंटे तक जांच की। इन टीम में 22 कर्मी हैं। टीम द्वारा बुधवार सुबह यहां कीर्ति पैलेस में महेंद्र सैनी के दो मकानों और जागृति विहार स्थित उनके न्यू देहली पब्लिक स्कूल में एक साथ छापेमारी की गई। इस स्कूल सोसाइटी की अध्यक्ष सैनी की पत्नी शकुंतला देवी और प्रबंधक, महामंत्री बेटा अनुराग सैनी है। सिद्धार्थ के अनुसार महेन्द्र सिंह सैनी के परिसरों पर दबिश देने के लिए अदालत से तलाशी वारंट हासिल किया गया था। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान 11.5 करोड़ रुपये के स्कूल और तीन करोड़ रुपये के दो आवासों का पता चला। इसके अलावा अलग-अलग बैंकों के 10 खाते, 30 जगह जमीनें, भूखंड के कागजात बरामद किए गए हैं।

### पीसीएस अफसर गणेश प्रसाद सिंह बर्खास्त

लखनऊ। योगी सरकार ने गुरुवार देर रात एक पीसीएस अफसर के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने वित्तीय मामले में धोखाधड़ी को लेकर पीसीएस अफसर गणेश प्रसाद सिंह को बर्खास्त कर दिया है। जौनपुर के सीआरओ रहे गणेश प्रसाद सिंह पर वित्तीय अनियमित्ताओं के साथ ही सरकारी कामकाज में गड़बड़ी करने का आरोप है। शिकायतों के आधार पर डीएम जौनपुर ने नियुक्ति विभाग को उन्हें निलंबित किए जाने के संबंध में पत्र भेजा था। जांच के बाद उनके ऊपर लगाए गए आरोप की पुष्टि हुई है। इसमें पाया गया कि गणेश प्रसाद सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। भुगतान में नियमों का ध्यान नहीं रख रहे हैं।

## मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन, अधिसूचना जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती। अधिसूचना में कहा गया है, अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं। अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एन बीरेन सिंह ने गुरुवार ...शेष पृष्ठ 14 पर



## राष्ट्रपति ट्रंप से वार्ता करने वाशिंगटन पहुंचे पीएम मोदी

एजेंसी




वाशिंगटन। वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज से भी मुलाकात की। मोदी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए बुधवार शाम अमेरिका की राजधानी पहुंचे।

वाल्ट्ज के साथ यह बैठक दिन की उनकी (प्रधानमंत्री की) पहली बैठक थी। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद थे। अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस पहुंचने के बाद मोदी ने बुधवार को अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर कहा इस पद पर उनकी नियुक्ति को लेकर उन्हें बधाई दी। भारत-अमेरिका मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं। मोदी से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही गबार्ड ने ट्रंप की मौजूदगी में राष्ट्रीय खुफिया विभाग की आठवीं निदेशक के रूप में पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में द्विपक्षीय बैठक शुरू हो गई है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, थोड़ी देर पहले वाशिंगटन डीसी पहुंचा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने और भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। दोनों देश अपने लोगों के लाभ और बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। मोदी राजधानी के मध्य में स्थित अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस में ठहरे हैं। ब्लेयर हाउस में पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने मोदी का जोरदार स्वागत किया। कड़ाके की ठंड और बारिश के बावजूद समुदाय के सदस्य ब्लेयर हाउस में एकत्र हुए। उन्होंने भारतीय एवं अमेरिकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने गरीबों को दिया तोहफा

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को दी 103 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब गरीबों और आर्थिक दृष्टि से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के कार्यक्रम भी फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे और कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ माह में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे। इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है। मुख्यमंत्री

- फाइव स्टार सुविधा से लैस कल्याण मंडपम का किया लोकार्पण, जल्द बनेंगे सात और मंडप

ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपये में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं।

सीएम योगी गुरुवार को करीब 103 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए खोराबार टाउनशिप में नगर निगम की तरफ से आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण का लोकार्पण किया। कुल 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा उन्होंने 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण मंडपम का उद्घाटन नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में एक नयी शुरुआत है। किसी भी मांगलिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास साधन हैं वे होटलों या बड़े लॉन में कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, जो गरीब हैं वे कहां जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम और विकास प्राधिकरण से कहा था कि कल्याण मंडपम के रूप में ऐसा स्थान हो जहां गरीब, निम्न और ...शेष पृष्ठ 14 पर



## जगद्गुरु शंकराचार्य के साथ योगी ने किया विशिष्ट हवन

जिला संवाददाता

गोरखपुर। शृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के मंगलमय आशीर्वाद और दिव्य आदेश से विजय यात्रा लेकर 11 फरवरी को गोरखपुर पधारे जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम गोरक्षपीठ में प्रवास करने के बाद गुरुवार को विदा हो गए। विदा होने से पूर्व शंकराचार्य ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में शृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट हवन किया। दोनों आध्यात्मिक विभूतियों के सानिध्य में 108 सुंदरकांड पाठ और आञ्जनेय हवन से लोक मंगल व राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की गई

जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम की विजय यात्रा का आगमन मंगलवार देर शाम गोरक्षपीठ में हुआ था। बुधवार शाम गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका अभिनंदन किया था और इसके बाद शंकराचार्य के वेदपाठी छात्रों और अध्यापकों को शंकर वचन (आशीर्वचन) दिया था। बुधवार रात उन्होंने अपने प्रवास क्षेत्र में शृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित हुए। गुरुवार सुबह शंकराचार्य मुख्यमंत्री की अगवानी में गोरखनाथ मंदिर की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर दी गयी जल समाधि

अयोध्या। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को बृहस्पतिवार की शाम जल समाधि दी गयी। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गयी। इससे पहले दोपहर बाद सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया गया।

अयोध्या नगरी का भ्रमण कराते हुए सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर उनके निवास स्थान पर पहुंचा, फिर पालकी में रखकर नदी में ले जाया गया। जल समाधि से पहले उनके पार्थिव शरीर को हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि के दर्शन के लिए ले जाया गया। बैंड-बाजों के साथ सत्येंद्र दास की अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य पुजारी के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग सरयू तट पर खड़े थे। फैजाबाद/अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने जल समाधि से पहले आचार्य सत्येंद्र दास को श्रद्धांजलि दी। सत्येंद्र दास को इस महीने की शुरुआत में मस्तिष्काघात के बाद संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार को उनका निधन हो गया।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर सदन में हंगामा

### विपक्ष ने वक्फ को बर्बाद करने के प्रयास का लगाया आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में असहमति की अभिव्यक्ति से जुड़े हिस्सों को कथित रूप से हटाए जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने बृहस्पतिवार दोपहर उच्च सदन में एक शुद्धिपत्र पेश किया।

कुलकर्णी ने रिपोर्ट के परिशिष्ट पांच का शुद्धिपत्र राज्यसभा में भोजनावकाश के बाद पेश किया। उन्होंने सुबह सदन में रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट के परिशिष्ट का अध्याय पांच संयुक्त समिति के सदस्यों से प्राप्त टिप्पणियोंअसहमतियों के कार्यवृत्त से संबंधित है और इसमें वे टिप्पणी शामिल हैं जिन्हें पहले की पेश की गई रिपोर्ट में संपादित किया गया था। भाजपा सदस्य ने जैसे ही शुद्धिपत्र पेश किया, एक विपक्षी सदस्य ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह साबित करता है कि सदन को पहले एक मंत्री द्वारा गुमराह किया गया था। इससे पहले, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जेपीसी की रिपोर्ट में विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का ...शेष पृष्ठ 14 पर



## नर्सिंग कॉलेज के छात्र से अमानवीय रैगिंग

कोट्टायम (केरल)। सरकारी नर्सिंग कॉलेज में कनिष्ठ छात्रों पर वरिष्ठ छात्रों द्वारा की गई क्रूर रैगिंग के विचलित करने वाले दृश्य बृहस्पतिवार को सामने आए। गांधीनगर पुलिस को मिले फुटेज के अनुसार, पीड़ित छात्र को भयानक क्रूरता का सामना करना पड़ा जिसमें उसे अर्ध निर्वस्त्र किया जाना और उसके शरीर में बार-बार कंपास चुभाना शामिल है।

छात्र को जिस तरह की यातना का सामना करना पड़ा उनमें उसे एक खाट से बांधने के बाद उसके निजी अंगों पर डंबल रखा गया, उसके मुंह में फेशियल क्रीम डालना और उसके शरीर में बार-बार कंपास चुभाना शामिल है। टीवी चैनलों की ओर से प्रसारित दृश्य के अनुसार, कनिष्ठ छात्र बिस्तर पर पड़ा था और उसके पूरे शरीर पर लोशन लगा हुआ था तथा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रहा भारत

### 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे अमित शाह : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/हल्द्वानी। उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल सिर्फ पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत में खेल संस्कृति को नई दिशा देने वाला आंदोलन साबित हो रहा है। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित होने वाले समापन समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करने के दौरान व्यक्त किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रतिभा विकास और नवाचार को बढाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। बता दें कि भव्यतम और गरिमा पूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक आयोजित किये गय 38वें राष्ट्रीय खेलों का का आज अंतिम दिन है। 14 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में हल्द्वानी में समापन समारोह होगा। जिसको लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। यह समापन समारोह हल्द्वानी में 14 फरबरी को दोपहर 3.30 बजे अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में समापन समारोह सम्पन्न होगा। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड सरकार ने खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने और ...शेष पृष्ठ 14 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- ऑपरेशन चतुर्भुज से श्रद्धालुओं की निगहबानी (पृष्ठ-02)
- जापान से यूपी आयेंगे करीब ढाई सौ सीईओ (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे बढ़कर 86.92 (पृष्ठ-14)
- बुद्ध पर्यटन स्थलों को किया जा रहा विकसित (पृष्ठ-14)
- बिना किसी बाधा के यात्री कर रहे संगम स्नान (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, तेल व गैस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने को कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

## भारत ने इंडिया एनर्जी वीक में वैश्विक ऊर्जा साझेदारी को किया मजबूत

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। भारत ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने और तेल एवं गैस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को इंडिया एनर्जी वीक 2025 में कई रणनीतिक समझौतों और ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इन समझौतों को देश के लिए अधिक लचीले और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कच्चे तेल के आयात में विविधता लाने के प्रयासों के तहत, बीपीसीएल ने 6 मिलियन बैरल कच्चे तेल के आयात के लिए ब्राजील के पेट्रोब्रास के साथ एक वैकल्पिक अवधि अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। प्राकृतिक गैस आधारित अर्थव्यवस्था में भारत के परिवर्तन को मजबूत करते हुए, आईओसीएल और एडीएनओसी (यूएई) ने 2026 से शुरू होने वाले 14 वर्षों के लिए 1.2 एमएमटीपीए एलएनजी स्रोत के लिए 7 बिलियन अमरीकी डालर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि बीपीसीएल और एडीएनओसी ने 2.4 एमएमटी के लिए पांच साल का एलएनजी ऑफटेक समझौता किया, जिसे अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। क्षेत्रीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका का विस्तार करते हुए, आईओसीएल ने नेपाल के योग्या होल्डिंग्स के साथ अपना पहला एलएनजी निर्यात ...शेष पृष्ठ 14 पर




### सीएनजी पंपों की संख्या बढ़ाने पर रहेगा जोर

केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा देश में सीएनजी गैस के पर्याप्त पंप ना होने के चलते लग रही लंबी-लंबी लाइनों को लेकर सरकार संजीदा है। सीएनजी उत्पादन को बढ़ाने के लिए तेजी से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादन जैसे-जैसे बढ़ेगा वैसे-वैसे सीएनजी पंपों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रिक गाड़ियों की चार्जिंग पॉइंट की दिशा में भी काम किया जा रहा है। श्री पुरी ने कहा की आज सीएनजी वाहनों का तेजी से उत्पादन किया जा रहा है और सीएनजी पंपों की भी संख्या बढ़ी है, इससे ऐसा लगता है की पब्लिक भी ग्रीन एनर्जी को लेकर के उतनी ही संजीदा है इसलिए सरकार को आशा है की इस दिशा में जल्दी हम अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे।

## सड़क दुर्घटनाओं ने ली 15 की जान, 33 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखीमपुर, कुशीनगर, जौनपुर, शाहजहांपुर व मुजफ्फरनगर जिले में हुए सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 33 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लखीमपुर खीरी जिले में निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी कस्बे के पास एक कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई जिससे निघासन कोतवाली क्षेत्र के चौधरीपुरवा गांव निवासी संजय (24), रजनीश (19), लवकुश (23) और साइकिल मैकेनिक अंसार की मौत हो गई जबकि दिग्विजय, अरुण और रवि घायल हो गए। कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मथौली बाजार के पास एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान मंशा चौहान (40), अवधेश चौहान (41) और कांता चौहान (65) के रूप में हुई है। घायलों को तुरंत कप्तानगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोरखपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, शाहजहांपुर जिले में अज्ञात वाहन ...शेष पृष्ठ 14 पर

- लखीमपुर, मुजफ्फरनगर कुशीनगर, शाहजहांपुर व जौनपुर में हुए हादसे

C M Y K

# प्रयागराज में ट्रैफिक सुचारू, बिना किसी बाधा के यात्री कर रहे स्नान

## माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य ढंग से हो रही संचालित

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन की ओर से

- **मेला पुलिस के मुताबिक सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था हुई सुगम**
- **लखनऊ, मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, जौनपुर, वाराणसी रूट और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य**

किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वो सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं।

मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुम्भ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशो का पालन करें और अनावश्यक रूप से किसी भी मार्ग पर रुकने से बचें। प्रयागराज में उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन की कुशल व्यवस्था के चलते यातायात नियंत्रण में है, जिससे श्रद्धालु आसानी से संगम तक पहुंचकर पुण्य स्नान कर रहे हैं।



# जलवायु सम्मेलन का मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ

## 'कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन' विषय पर 16 को होगा सम्मेलन

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 16 फरवरी को प्रयागराज महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 'कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन' विषय पर प्रस्तावित जलवायु सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री जी करेंगे। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जायें। सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले महानुभावों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। ट्रैफिक जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। मेला क्षेत्र के आस.पास साफ.सफाई व्यवस्था बेहतर रहे। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिये लगभग 450 धर्मगुरुओं एवं विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। लगभग 140 स्पीकर्स और डेलीगेट्स द्वारा सम्मेलन में प्रतिभाग करने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रतिभागियों की सुविधा के लिये एक हेल्प डेस्क कार्यक्रम स्थल पर और एक ट्रेवेल डेस्क प्रयागराज एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट पर स्थापित की गई है। बैठक में प्रमुख सचिव वन अनिल कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रयागराज प्रशासन तथा मेला प्राधिकरण प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं से ठगी करने वाले 15 बाइकर्स गिरफ्तार

## एक से पांच हजार रुपये तक की करते थे वसूली, पुलिस ने सभी बाइक की सीज

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में माघी पूर्णिमा के महा स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने वाले 15 बाइकर्स को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बाइकर्स दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को महाकुंभ तक पहुंचाने के नाम पर एक हजार से पांच हजार रुपए तक की अवैध वसूली कर रहे थे। एयरपोर्ट थाना के इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह को जब इस मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइकर्स गैंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने सभी आरोपी बाइकर्स को हिरासत में लेकर उनकी बाइक जब्त कर ली हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया कि ये बाइकर्स श्रद्धालुओं की अनभिज्ञता का फायदा उठा रहे थे। जब श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग में रोका जाता था, तो ये बाइकर्स उन्हें महाकुंभ तक पहुंचाने का प्रस्ताव देकर मनमानी रकम वसूल रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य बाइकर्स गैंग में हड़कंप मच गया है। इंस्पेक्टर ने श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया है ताकि वे ऐसे लोगों के झांसे में न आएं।

# महाकुंभ में स्नान करने प्रयागराज पहुंचे अभिनेता विक्की कौशल

विशेष संवाददाता (vol)



महाकुंभ नगर। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने कहा कि वह त्रिवेणी संगम में स्नान करने पर भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं।

विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म छावा के प्रचार में व्यस्त हैं। सिनेमाघरों में यह फिल्म शुक्रवार को रिलीज होने जा रही है। विक्की कौशल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं लंबे समय से इस अवसर का इंतजार कर रहा था कि महाकुंभ का हिस्सा बन सकूं। अब जब मैं यहां हूं, तो बहुत अच्छा और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। अभिनेता अपनी फिल्म छावा की सह-कलाकार रश्मिका मंदाना के साथ धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। वे हाल ही में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, शिरडी साईं बाबा मंदिर और एलोरा गुफाओं के पास स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (12वें ज्योतिर्लिंग) के दर्शन कर चुके हैं। फिल्म छावा में विक्की कौशल मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं जबकि रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी महारानी यसुबाई के किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

# बुद्ध से जुड़े पर्यटन स्थलों को तेजी से विकसित किया जा रहा : जयवीर सिंह

## पर्यटन मंत्री ने जापानी प्रतिनिधि मंडल का किया हार्दिक स्वागत, यूपी के साथ मिलकर काम करेंगे : जापान

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल ओसादा के नेतृत्व में राजधानी पधारे जापानी प्रतिनिधि मंडल का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी भगवान बुद्ध की कर्म भूमि रही है। भगवान बुद्ध से जुड़े अधिकांश धर्मस्थल यूपी में ही स्थित हैं। जहां पर लाखों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते रहते हैं। राज्य सरकार इन धर्मस्थलों की महत्ता को देखते हुए पर्यटन विकास संबंधी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

जयवीर सिंह गुरुवार को गोमती नगर के एक स्थानीय होटल में जापानी प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे थे। उन्होंने जापानी प्रतिनिधि मंडल से बौद्ध पर्यटन स्थलों के विकास एवं पूंजी निवेश सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की उत्पत्ति यूपी की धरती पर हुई। भगवान बुद्ध से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए यूपी एक प्रमुख गन्तव्य स्थल है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। बौद्ध पर्यटकों के वर्ष पर्यन्त यूपी आने से रोजगार के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिल रहा है। जयवीर सिंह ने कहा कि बौद्ध धर्म से जुड़े पवित्र स्थलों को सम्मिलित करके पर्यटन विकास की कई योजनायें संचालित की जा रही हैं। 12 टूरिज्म सेक्टरों में से 1 योजना बुद्धिष्ट सर्किट भी शामिल है। इसका विकास केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। रेल, जल, हवाई और सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है। यह प्रतिनिधि मंडल दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने तथा भगवान बुद्ध से जुड़ने का एक खास मौका देता है। यूपी में बौद्ध धर्म को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी परिस्थितियां अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि जापान से रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। यामानासी प्रांत के सलाहकार नीरेन्द्र उपाध्याय है, जो यूपी के रहने वाले हैं। उनकी इस दिशा में बड़ी भूमिका है। जापान के यामानाशी प्रांत के उपराज्यपाल को ओसादा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पावन स्थलों और यहां संभावनाओं को जानकार काफी प्रभावित हूं। जापान में टूरिज्म का मतलब 'ज्ञान का प्रकाश फैलाना' होता है जो जगह के महत्व को बताता है। हम लोग पर्यटन के विकास के लिए उत्तर प्रदेश के साथ काम करेंगे। निवेश अवसर की तलाश में जापान से एक बड़ा डेलिगेशन उत्तर प्रदेश आएगा। उन्होंने पर्यटन विभाग की ओर से दिए गए प्रस्तावों के लिए आभार जताया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने राज्य में पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने प्रदेश के पर्यटन स्थलों तथा उनके विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान यामानाशी के इंटरनेशनल स्ट्रेटजी डिविजन के डायरेक्टर कोइची फुरुया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, सलाहकार पर्यटन जेपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बसपा में गुटबाजी खत्म करने के लिए औरों पर गिर सकती है गाज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अंदरूनी कलह धीरे-धीरे सतह पर दिखाई देने लगी है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बैठक में देशभर से आए नेताओं ने बसपा सुप्रीमो मायावती से अलग-अलग मिलकर यह शिकायत की है कि टीम भावना से काम न कर बड़े नेता अपना एजेंडा चला रहे हैं। पुराने नेताओं को कम तरजीह दी जा रही है। नए और चाटुकारों की सुनी जा रही है व उनके कहने पर ही टिकट के साथ पद बांटे जा रहे हैं। इससे माना जा रहा है कि बसपा में अभी और भी नेताओं पर कार्रवाई हो सकती है। मायावती इन दिनों दिल्ली में रहकर अलग-अलग नेताओं व प्रभारियों से मुलाकात कर रिपोर्ट ले रही हैं।

बसपा मौजूदा समय अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। उसका जनाधार लगातार गिरता जा रहा है। मायावती ने दिल्ली में 29 जनवरी को देश के सभी राज्य के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें राज्यवार बसपा संगठन को मजबूत करने और ताकत बढ़ाने को लेकर चर्चा की थी। बताया जा रहा है कि इसी बैठक में देश के कई राज्य के नेताओं ने प्रदेश प्रभारियों पर उंगली उठाई थीं। उनकी कार्यशैली और व्यवहार को लेकर सवाल उठाए गए। बसपा के गिरते जनाधार के लिए इन्हें ही दोषी ठहराया गया। इसके साथ ही यह भी बात सामने आई कि पार्टी के कई बड़े नेता अपना-अपना एजेंडा चला रहे हैं। इसीलिए पार्टी आर्थिक और जमीनी स्तर पर मजबूत नहीं हो पा रही है। पार्टी के जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय बैठक के बाद मायावती ने अलग-अलग नेताओं को बुलाकर फीडबैक लिया है। कुछ नेता कतई नहीं चाहते हैं कि बसपा में पुराने नेताओं की अधिक चले। इसीलिए उत्तर प्रदेश को छोड़कर दिल्ली को केंद्र बिंदु बनाने की साजिश रची जा रही थी। एक चर्चा तो यह भी है कि आकाश आनंद की शादी की तुलना में अशोक सिद्धार्थ के बेटे की शादी 10 फरवरी को बड़ी शान-ओ-शौकत से हुई। दिल्ली चुनाव की कमान संभालने वालों ने शादी में बढ़कर कर हिस्सा लिया। इस शादी में मायावती और उनके दूसरे भतीजे ईशान आनंद को छोड़कर परिवार के सभी लोग गए। इस शादी में मायावती के सबसे करीबी एक दलित नेता का देर रात तक वहां मौजूद रहना भी अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई की वजह बताई जा रही है।

# भाजपा सरकार पशुओं की समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पायी : अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश की जुमलाजीवी भाजपा सरकार अभी छुट्टा पशुओं की समस्या का ही समाधान ढूंढ नहीं पाई थी कि जनता के सामने अब एक और चुनौती आ गई है और वो है प्रदेश की राजधानी में बाघ के बाद तेंदुए का हमला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लोगों की छुट्टा और जंगली जानवरों के हमलों से लगातार मौतें हो रही है। छुट्टा जानवरों की समस्या का समाधान करने में केंद्र और प्रदेश की दोनों डबल इंजन सरकारें फेल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री जी ने भी छुट्टा जानवरों की समस्या के समाधान का वादा किया था, लेकिन उसे भी अपने दूसरे वादों की तरह पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में एक शादी समारोह में तेंदुए के प्रवेश का समाचार चिंताजनक है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का एक रूप ये भी है कि जंगलों में इंसानों का अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में हिंसक जंगली जानवर भोजन की तलाश में जंगलों से निकलकर शहरों की तरफ आने को मजबूर हो रहे हैं। जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में पड़ गया है। कोई कार्रवाई होगी या सरकार ये कहकर इस घटना पर पर्दा डाल देगी कि वो तेंदुआ नहीं ओवरसाइज बिल्ला था या फिर हो सकता है तेंदुए का नाम बदलकर बड़ा बिल्ला रखकर मामला रफा-दफा कर दिया जाए। राजधानी के ही रहमानखेड़ा में दो महीने से बाघ के कारण पूरे इलाके में दहशत है। किसान खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है। सरकार का पूरा अमला बाघ पकड़ने में नाकाम साबित हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि बुधवार को ही एटा के थाना कोतवाली देहात के समदपुरा गांव में एक सांड के हमले में चार किसान घायल हो गयें। एटा में ही एत्मादपुर में सांड से टकराने के कारण एक छात्र की मौत हो गयी। बीते सोमवार को शाहजहांपुर के बंडा में छुट्टा पशु से बचने के प्रयास में पेड़ से टकराकर मोटर साइकिल सवार दो युवकों की जान चली गयी।

# कुशीनगर में मस्जिद धवस्तीकरण की कार्यवाही दुर्भाग्यपूर्ण : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश की सामाजिक समरसता, भाईचारा और कानून व्यवस्था को योगी पूरी तरीके से बर्बाद करने में लगी हुई है। अजय राय ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि अपनी नाकामी को छुपाने के लिए पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ खासतौर पर मुस्मलामनों के खिलाफ एक माहौल बनाया जा रहा है और प्रशासनिक ढांचे का दुरूपयोग कर उनके धार्मिक स्थानों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

यह काम एक सुनियोजित तरीके से पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। विदित हो कि जैसा पहले मध्य उत्तर प्रदेश के बहराइच में फिर पश्चिम के संभल जनपद में और अब पूर्वांचल के कुशीनगर में मुस्लमानों के खिलाफ सत्ता का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 09 फरवरी को कुशीनगर की हाटा नगर पंचायत में मदनी मस्जिद को बिना नोटिस के गिरा दिया गया। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व 08 फरवरी को हाईकोर्ट के स्टे के मियाद समाप्त हो रही थी और 09 फरवरी को रविवार होने की वजह से कोर्ट बंद थी। मस्जिद कमेटी को कोर्ट जाने का अवसर न मिले इसलिए उनके संवैधानिक अधिकारों का दमन करते हुए 09 फरवरी रविवार अवकाश के दिन में 1 दर्जन बुल्डोजर लगाकर आनन-फानन में मस्जिद को गिरा दिया गया। उन्होंने कहा कि अत्याचार की पराकाष्ठा यह है कि जिस मस्जिद को गिराया गया वहां एक मदरसा भी चलता था जहां बच्चे भी पढ़ते थे। इतना ही नहीं बुल्डोजर चलवाने से पूर्व उन्हें कुर्रान शरीफ और अन्य धार्मिक पुस्तकों को निकालने का अवसर भी नहीं दिया गया। पूरे हाटा को पुलिस छावनी में तब्दील कर इस तानाशाही कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

# 50 नये फ्यूचर स्किल सेंटर और 10 अंतरराष्ट्रीय अकादमियां होंगी स्थापित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने देशभर में कौशल विकास के दायरे को व्यापक बनाने के लिए 50 नए फ्यूचर स्किल सेंटर और 10 अंतरराष्ट्रीय अकादमियां स्थापित करने की घोषणा की है। इस विस्तार का उद्देश्य युवाओं को घरेलू और वैश्विक रोजगार बाजारों के लिए प्रशिक्षित करना है।

एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने पत्रकारों से बताया कि कौशल विकास कार्यक्रमों की संख्या 300 से अधिक की जाएगी, जिसमें 12 प्रमुख उभरती हुई तकनीकों को शामिल किया जाएगा। इस पहल से 2 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जाएगा और 2.70 लाख वर्गफीट से अधिक प्रशिक्षण अवसंरचना विकसित की जाएगी। अब तक 33 वैश्विक कंपनियों ने एनएसडीसी के साथ साझेदारी की है, और 21 फ्यूचर स्किल सेंटर उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थापित किए जा चुके हैं। 200 से अधिक उद्योग-अनुकूल कार्यक्रमों को प्रमाणित किया गया है, जिसमें 9 प्रमुख उभरती हुई तकनीकों को शामिल किया गया है। 27,000 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, और 1.20 लाख वर्गफीट प्रशिक्षण स्थल विकसित किए गए हैं। एनएसडीसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों से सहयोग कर रहा है। इजराइल ने 5000 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ की मांग की है, वहीं जर्मनी और जापान में भी स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता बनी हुई है। एनएसडीसी इंटरनेशनल गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों और अफ्रीका में भी अपने प्रशिक्षण और परामर्श सेवाओं का विस्तार कर रहा है। युवाओं को डिजिटल रूप से कौशल प्राप्त करने का अवसर देने के लिए स्किल इंडिया डिजिटल के माध्यम से 1.30 करोड़ उम्मीदवारों तक पहुंच बनाई गई है। इसमें 92 लाख शॉर्ट टर्म प्रशिक्षित उम्मीदवार, 86 लाख प्रमाणित उम्मीदवार और 13 लाख प्रशिक्षु शामिल हैं। यह प्लेटफार्म 23 भारतीय भाषाओं में 7,100 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और 42,000 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, एनएसडीसी जॉब एक्स नामक एक उन्नत रोजगार पोर्टल संचालित कर रहा है, जो नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करेगा। साथ ही, एनएसडीसी ट्रस्ट के तहत डिजिटल रूप से प्रमाणित दस्तावेजों के लिए एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है, जो आधार, पैन, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी सहित 100 से अधिक सेवाएं प्रदान करेगा। एनएसडीसी ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक 3.5 मिलियन से अधिक अप्रेंटिस को प्रशिक्षित किया है और 49,000 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की है। उद्योग जगत से 288.93 बिलियन रुपये का सहयोग प्राप्त हुआ है, जबकि राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के तहत 10.46 बिलियन रुपये की सब्सिडी प्रदान की गई है।

## उद्योग भागीदारी और सीएसआर से होगा कौशल प्रशिक्षण

एनएसडीसी ने 67 कॉर्पोरेट साझेदारों के सहयोग से 147 परियोजनाओं के तहत 2676 मिलियन रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त की हैए जिससे 192,111 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से 136,441 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया और 81,779 को रोजगार मिला है। अब तक एनएसडीसी ने 40.3 मिलियन से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 9.4 मिलियन को रोजगार मिला है। इस पहल के तहत 18.3 मिलियन महिलाओं, 12.9 मिलियन वंचित वर्ग के उम्मीदवारों और 2.5 लाख दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।

# गांवों में बने खेल मैदान साबित हो रहे पिकनिक स्पॉट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण इलाकों में बनाये जा रहे खेल मैदान गांव के पिकनिक स्पॉट साबित हो रहे हैं। गांव में आस-पास कोई घूमने की बेहतर जगह न होने के चलते इन मैदानों में ही छोटे-छोटे बच्चे पिकनिक मनाते हैं। यहां पर गांव के युवाओं के साथ यहां के बुजुर्ग भी मॉर्निंग वॉक से साथ शाम को यहां अपना समय बिताते हैं।

- **गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रही सरकार**
- **मनरेगा योजनान्तर्गत बनाये जा रहे स्टेडियम, ओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने, दक्ष और सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएं, दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं। मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियम, ओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही है साथ ही मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है।

खेल मैदानों में रनिंग ट्रैक बनने से ग्रामीण अंचलों में रहने वाला युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में ही रहकर कर रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग की इस योजना के चलते खेल मैदान बनने से गांव के युवाओं को मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता न केवल एथलीटों को सशक्त बना रही है बल्कि शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटने के साथ समुदायों के कल्याण को भी बढ़ावा दे रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा को बढ़ावा भी मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में खेल मैदान विकसित होने से युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। खेलकूद से युवाओं की शारीरिक दक्षता में भी सुधार हो रहा है।

# एक दूजे के हुए 30 जोड़े

● विधायक पल्टूराम ने नवविवाहिता जोड़ों को दिया आशीर्वाद



बलरामपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में विकास खंड परिसर बलरामपुर में दिनांक 13 फरवरी, 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड बलरामपुर के 21 जोड़ों, विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के 09 जोड़ों कुल 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 03 जोड़े एवं अन्य वर्ग के 27 जोड़े सम्मिलित हुए। विकास खण्ड परिसर बलरामपुर में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पल्टूराम विधायक बलरामपुर सदर, समस्त ब्लांक प्रमुख, जनप्रतिनिधिगण एवं हिमांशु गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बलरामपुर व श्रीदत्तगंज एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।

# विधायक ने बांटे विद्युत चालित चाक



जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा विकास खंड बलरामपुर में माटीकला टूल्स किट्स वितरण योजनांतर्गत निःशुल्क विद्युत चालित चाक का वितरण तथा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान लाभार्थी नीलम प्रजापति, गीता देवी, साबिर अली, बब्लू प्रजापति सहित कुल निःशुल्क 30 विद्युत चालित चाक का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत दोना मेंकिंग मशीन एवं पॉपकार्न मशीन का भी वितरण किया गया। इस दौरान खादी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग की योजनाओं में अधिक स्वरोजगार दिलाये जाने वाले जनपद के 18 ग्राम प्रधानों को भी विधायक द्वारा अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक ने कहा कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार के मार्गदर्शन में पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है एवं कुम्हार/प्रजापति समाज के हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं का संचालन विशेष तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कुम्हार/प्रजापति समाज को आगे ले जाने के लिए कुल्हड़/माटी के बर्तन का प्रचलन प्रारंभ किया, जिससे कुम्हारों की आय का स्रोत बढ़ा एवं प्लास्टिक के बर्तन का चलन कम हुआ है। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण एवं लाभार्थी/जनमानस मौजूद रहे।

# व्यापारी से हुई लूट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** जिले की चिल्हिया थाने की पुलिस व एसओजी /सर्विलांस की संयुक्त टीम ने व्यापारी से हुए लूट की घटना का पदार्फाश करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिस्टल व जिन्दा कारतूस चाकू व लूट के हजारों रूपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया है ,जो कि प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद,एसओजी प्रभारी उनि. शेषनाथ यादव उनि. जीवन त्रिपाठी टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है। लूट की घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि चिल्हिया थानाक्षेत्र मे हार्डवेयर व्यवसायी से लूट के आरोप में वाछिंत 02 अभियुक्तो को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है, गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से 01 अदद देसी पिस्टल 32 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस, एक अदद चाकू, 01 अदद आधार कार्ड व लूट के 15,400/- नकद, लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है, 06.02.2025 की शाम को चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम ससना के पास हार्डवेयर व्यवसायी से अज्ञात बदमाशो द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध मे थाना चिल्हिया पर मु0अ0सं0 09/2025 का अंतर्गत धारा 309(4) इठर पंजीकृत किया गया था। विदित हो ड़ॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना स्थल का तत्काल निरीक्षण कर घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीम (थाना चिल्हिया पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम) का गठन किया गया था। सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर/शोहरतगढ़ के निर्देशन में गठित टीम द्वारा 12/13-02-2025 की रात्रि परैया पुल के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, दौरान चेकिंग जरिए मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि चिल्हिया की हार्डवेयर व्यवसायी के साथ हुई लूट की घटना से संबंधित कुछ संदिग्ध नेपाल भागने हेतु बर्डपुर-गौरा मार्ग से आ रहे हैं। इसी बीच एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति तेज गति से आते हुए दिखाई दिए जिन्हें रोका गया तो वह मोटरसाइकिल घुमाकर भागना चाहे जिसके कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर भागते हुए बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया गया, जो कि इंस्पेक्टर चिल्हिया द्वारा पहनी हुई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगा और वह बाल बाल बच गए आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा भी जबाब में फायर किया गया जिसमें एक व्यक्ति घायल होकर गिर पड़ा, तथा दूसरे व्यक्ति को घेर-घार दौडाकर मौके पर पुलिस टीम ने पकड़ लिया।

# भगदड़ में लापता लोगों के लिए दायर याचिका पर सुनवाई 19 को

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के दौरान लापता हुए सभी लोगों का विवरण एकत्रित करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति के गठन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तिथि बृहस्पतिवार को तय की। प्रयागराज जिले के सुरेश चंद्र पांडेय की इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने याचिकाकर्ता को याचिका में लगाये गये आरोपों के समर्थन में सामग्री रिकॉर्ड में दर्ज कराने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 19 फरवरी तय की। इस जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने उन समाचार रिपोर्ट का संदर्भ दिया है जिनमें कहा गया है कि भगदड़ में मारे गए लोगों के शव दयनीय स्थिति में रखे गए हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि शवों को कथित तौर पर जमीन पर बोरे में लपेटकर रखा गया है और रेफ्रिजरेशन की व्यवस्था नहीं होने से शव सड़ गल रहे हैं। इस जनहित याचिका से एक दिन पूर्व उच्चतम न्यायालय ने तीन फरवरी को उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय से संपर्क करे। उत्तर प्रदेश सरकार ने 29 जनवरी को हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक न्यायिक आयोग गठित किया है। आयोग ने इस घटना के संबंध में लोगों से सूचना उपलब्ध कराने को कहा है।

## महाकुंभ के सेक्टर छह में लगी आग, दो टेंट जलकर खाक

महाकुंभ नगर। महाकुंभ के सेक्टर छह में नागवासुकी के पास बिंदु माधव मार्ग पर पुलिस लाइन के शिविर में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई जिससे दो टेंट जलकर खाक हो गए। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर में सेक्टर छह के नागवासुकी थानाक्षेत्र में बिंदु माधव मार्ग पर स्थित पुलिस लाइन कैंप में धुंआ उठता दिखा। उन्होंने बताया कि अग्निशमन की चार गाड़ियां तत्काल मौके के लिए रवाना की गईं जिन्होंने कुछ ही मिनटों में वहां पहुंचकर आग बुझाई। उन्होंने कहा कि हालांकि दो टेंट इस आग में पूरी तरह से जल गए परंतु कोई जनहानि नहीं हुई।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | | | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावी, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेडी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 07081 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, डोर्नकल जं., महबूबाबाद, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरीया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 06221 | मैसूरू जं. | 07:30 | लखनऊ | 16:00 | मंड्या, केंगेरि, केएसआर बेंगलुरु सिटी जं., यशवंतपुर जं., तुमकूर, अरसीकेरे जं., कडूरु जं., चिक्कजाजूरु जं., दावणगेरे, हरिहर, राणिबेन्नूरु, हावेरि, एसएसएस हुब्बल्लि जं., धारवाड़, लोंडा जं., खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज जं., सांगली, कराड, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., कटनी जं., सतना जं., प्रयागराज छिवकी जं. एवं वाराणसी जं. स्टेशन |
| 04017 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| **दिनांक 15.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | | | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं. लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 06019 | मंगलूरु सेन्ट्रल | 04:15 | वाराणसी जं. | 14:50 | कासरगोड, नीलेश्वरम, पय्यन्नूर, कण्णूर, तलश्शेरी, वडकरा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड़ ज., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 09406 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं.. फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06071 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.आर. चेन्नै सेंट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलूरु, ताडेपलिगूडेम, निडदवोलु जं., राजमंड्री, समालकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनाकापल्ली, दुव्वाडा, पेन्दुर्ति, कोत्तवलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, राँची, मूरी जं., बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी जं. स्टेशन |
| 04721 | बीकानेर जं. | 19:00 | पाटलिपुत्र जं. | 02:00 | नापासर, सूडसर, श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़ जं., चूरू जं., सादुलपुर जं., लोहारु जं., सतनाली, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गाँव, दिल्ली छावनी, दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर,, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04020 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर,, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

## युवक ऑटो की टक्कर से घायल

बकेवर, इटावा। सिक्सलेन हाइवे पार कर रहे एक युवक को आटो चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल किया पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। थाना क्षेत्र के ग्राम कर्वा खेड़ा निवासी विक्रम सिंह बुधवार की देर शाम सिक्स लेन सड़क पार कर घर वापस जा रहा था कि उसी समय इटावा की ओर से तेज गति से आ रहे आटो चालक ने युवक के टक्कर मार दी जिससे युवक विक्रम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जब कि आटो चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहे।

## पुलिस ने छह वारंटी पकड़े

बकेवर, इटावा। बकेवर पुलिस ने वारन्टियो के विरुद्ध अभियान चलाकर अलग अलग गांवो 6 वारन्टियो को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि थाना क्षेत्र में लम्बे अर्से से मुकदमो में वांछित चल रहे वारन्टियो के विरुद्ध अभियान चलाकर इन्द्रबाबू, बृजेन्द्र कुमार निवासीगण ग्राम नगला खादर, चरन सिंह निवासी ग्राम वीरपुर, अशोक कुमार निवासी ग्राम हिगुटिया, अरविंद कुमार निवासी ग्राम शेरपुर, के अलावा राजेश कुमार निवासी ग्राम इकघरा थाना बकेवर इटावा को पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

## बिजली फीडर से चोरी

जसवंतनगर, इटावा। केस्थ गाँव में स्थित विजली फीडर पर चोरी की घटना सामने आई है इस बिजली घर पर मेंटीनेंस के तहत पिछले कई दिनों कार्य चल रहा था ट्रांसफार्मर में नई सीटी लगाकर पुरानी सीटी वहीं पर रखी हुई थीं जिसमें से एक सीटी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है, जिससे विभाग को लगभग 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रार्थी जेई कौशल पांडेय ने बताया कि बिजनेस प्लान 2924-24 के तहत दो दिन पहले 6 सीटी बदली गई थीं, लेकिन गुरुवार सुबह पता चला कि एक सीटी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने तहरीर लेकर घटना की जांच शुरू की है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## प्रेमानंद महाराज के लिए वृंदावन तक पैदल यात्रा

इटावा। अलीगढ़ के दो श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति की अनूठी मिसाल पेश की है। रोहित मालन और गौरव मालन अपने गुरु प्रेमानंद महाराज के लिए संगम का पवित्र जल लेकर वृंदावन तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। दस दिन की यात्रा के बाद वे इटावा पहुंच चुके हैं और अगले चार दिनों में वृंदावन पहुंचने की उम्मीद है। यह यात्रा प्रेमानंद महाराज के एक वीडियो संदेश से प्रेरित है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे संगम स्नान के लिए वृंदावन नहीं छोड़ सकते। इसी बात से प्रेरित होकर उनके इन दो शिष्यों ने गुरु सेवा का यह अनूठा संकल्प लिया। अब तक की 400 किलोमीटर की यात्रा में दोनों श्रद्धालुओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन गुरु के प्रति समर्पण ने उन्हें हर मुश्किल से पार पाने की शक्ति दी। मार्ग में कई स्थानीय लोगों ने भी उनकी मदद की और भोजन-पानी की व्यवस्था की। गौरव मालन के अनुसार, उनका उद्देश्य केवल संगम का जल पहुंचाना नहीं है, बल्कि गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त करना है। वहीं रोहित मालन का कहना है कि गुरु का आशीर्वाद ही उन्हें इस कठिन यात्रा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है। यह अनूठी यात्रा भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा की गहराई को दर्शाती है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट पूर्ण परीक्षा सन् 2021 अनुक्रमांक 216020678 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। परीक्षार्थी का नाम-शिवानी ग्राम/पोस्ट-सनहीं, तहसील-सदर, जिला-रायबरेली।

### सूचना

मेरे बैंक खाते में त्रुटिवश मेरा नाम रजिया अंकित है जोकि गलत है। मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा सही नाम कैसर अंकित है। मेरे बैंक खाते में भी मेरा सही नाम कैसर की अंकित किया जाये। **कैसर पुत्री मो. हनीफ नि.- 227/28, अस्तबल, यहियागंज, चौक, लखनऊ।**

# पुराने सरयू पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद



गोरखपुर। बड़हलगंज-दोहरीघाट सरयू नदी पर बने पुराने पुल पर भारी वाहनो के आवागमन पर मंगलवार की रात से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पटना चौराहे पर ही सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रख कर बड़े वाहनों को रोककर डायवर्ट किया जा रहा है। बड़े वाहनो पर रोक लगने के बाद यात्री काफी परेशान है। सर्वाधिक परेशानी सरकारी बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही है। बस चालक यात्रियों को बाइपास पर ही उतारकर आगे चले जा रहे है। जिससे यात्रियो को महिलाओं व बच्चो को लेकर बस स्टेशन तक 04 किमी की पैदल तय करनी पड़ रही है। हालाकि दिसंबर में 15/20 दिन तक पुल की मरम्मत का का कार्य हुआ था। बताया जाता है कि पुराने सरयू पुल के 13 पीलरो के बेयरिंग को बदला गया। किन्तु उसके सड़क की मरम्मत नही हो पायी थी। उधर दोहरीघाट मे लोहे की बैरिकेडिंग कर भारी वाहनो का संचलन रोक दिया गया है।

बता दे कि दोहरीघाट की तरफ से आने वाले सरकारी बस को अब बड़हलगंज बस स्टेशन पर आने के लिए कुरांव फोरलेन के पास से घुम कर बड़हलगंज बस स्टेशन पर आना पड़ेगा। वही गोरखपुर से वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज या बलिया जाने के लिए बड़हलगंज बस स्टेशन पर आकर फिर कुरांव फोरलेन पकड़कर आगे की यात्रा करनी पड़ेगी। आजमगढ़, बलिया या प्रयागराज या दोहरीघाट स्टेशन जाने के लिए दोहरीघाट क्षेत्र के नई बाजार से सर्विस लेन पर उतरना पड़ेगा। तभी यात्रियों की यात्रा सुविधाजनक होगी। मंगलवार की देर शाम वाराणसी से गोरखपुर जा रहे बस के कन्डक्टर ने यात्रियो को कुरांव के पास ही उतार दिया। जिससे रात में यात्रियों को लगभग 04 किमी की यात्रा पैदल तय करनी पड़ी।

इस संबंध मे एआरएम अशोक सिंह ने कहा कि अभी अधिकृत रुप से सूचना नही मिली है। जैसे ही सूचना मिलेगी विकल्प तैयार किया जायेगा।

इस संदर्भ में पीडब्लूडी के जेई जयशंकर प्रसाद ने कहा कि पुल पर सड़क का क्षतिग्रस्त स्क्रैप हटाकर नया स्क्रैप लगाने के लिए भारी/बड़े वाहनो पर रोक लगाई गयी है।

## एमसीए पब्लिक स्कूल पर विदाई समारोह में पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल के 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में एक विशेष और प्रेरणादायक पल सामने आया। स्कूल के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझाने के लिए एक बेहद अनूठा उपहार दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक-एक पेड़ उपहार स्वरूप प्रदान किया। यह पेड़ न केवल उनकी यादों का हिस्सा बनेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य सेवक श्री सिंह ने कहा कि ₹पेड़-पौधे हमारी धरती का आभूषण है। जैसे यह पेड़ बढ़ते हैं, वैसे ही हमारे जीवन के अनुभव और यादें भी बढ़ती हैं। जब तक यह पेड़ हरे-भरे रहेंगे, तब तक आपको हमारी एमसीए पब्लिक स्कूल की यादें जीवित रहेंगी।

इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य है। एक पेड़ न केवल हवा को शुद्ध करता है, बल्कि यह जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी जागृत करता है।

विदाई के इस अवसर पर स्कूल में हर किसी का दिल गर्व से भरा हुआ था। हर विद्यार्थी यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित हुआ कि वे न केवल अपने जीवन में, बल्कि अपने आस-पास के पर्यावरण में भी बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

इटावा। एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी रामजी बाथम को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी पर 2,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 5 मार्च 2021 का है, जब थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में आरोपी के खिलाफ धारा और पॉक्सो एक्ट की धारा 3, 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत मामले की जांच की गई। उपनिरीक्षक संत कुमार ने जांच अधिकारी के रूप में पुख्ता साक्ष्य जुटाए और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम, मानीटरिंग सैल और सम्मन सैल की सक्रिय भूमिका रही। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता दशरथ सिंह चैहान ने मजबूत पैरवी की। 12 फरवरी को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट इटावा ने सभी साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। यह फैसला पीड़िता को न्याय दिलाने के साथ-साथ समाज में एक कड़ा संदेश भी है कि ऐसे जघन्य अपराधों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बस स्टैंड पर युवक बेहोश मिला

इटावा। गुरूवार सुबह बस स्टैंड पर एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की अवस्था में मिला, जिससे वहां मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और युवक को जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बिना देर किए युवक का इलाज शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, व्यक्ति की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन बेहोशी के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। डॉक्टरों की टीम उसकी पूरी जांच कर रही है। पुलिस ने युवक के पास से मिले आधार कार्ड की जांच की, जिससे उसकी पहचान विशाल पुत्र विजय, निवासी फुलेरा, बागपत के रूप में हुई। पहचान पत्र मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत उसके परिवार से संपर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

## मंदिर से मूर्तियां और आभूषण चोरी

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्राचीन ठाकुर नरसिंह महाराज बाबा गोपाल दास मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने बुधवार तड़के मंदिर में घुसकर राधा रानी की 7 किलो वजनी अष्टधातु की बेशकीमती मूर्ति समेत लड्डू गोपाल और गरुड़ जी की मूर्तियां, चक्र तथा सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना का खुलासा सुबह आरती के लिए पहुंचे पुजारी के मंदिर खोलने पर हुआ। उन्होंने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था, महाराज का आसन बिखरा पड़ा था और श्रीकृष्ण की मूर्ति जमीन पर गिरी हुई थी। यह देखकर उन्होंने तुरंत मंदिर प्रबंधक को सूचना दी, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मुगलकाल से भी पुराने इस मंदिर में चोरी की घटना से स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी रोष है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस संदिग्धों लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

## वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत

इकदिल, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पर दिमाग से कमजोर वृद्ध महिला की ट्रेन के चपेट में आने से कटकर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहरम मंच गया। गांव लोहिया दौलतपुर के रहने वाले खुशीलाल की 85 वर्षिय पत्नी लीलावती, बुधवार सुबह आठ बजे घर से गांव में टहलने के लिए निकली थी तभी रेलवे ट्रैक को पार करने के दौरान पोल नंबर के पास ट्रेन के चपेट में आ जाने से कटकर मौत हो गई। खेतों के तरफ गए गांव वालों ने वृद्ध का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा देकर भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक महिला की दिमांगी हालत ठीक नही उसका सैफई अस्पताल से इलाज चल रहा था। उसके पति की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है वह अपने दोनों बेटों साथ रहती थी। मृतिका के बेटे विनोद ने बताया सुबह मां घर से घूमने के लिये निकली थी तभी हादसें की शिकार हो गई। परिजनों को रोरो कर बुरा हाल है।

## प्रेस क्लब की नयी कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी ने आज गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने इस दौरान दिवंगत पत्रकार साथी धीरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध पत्र भी मुख्यमंत्री जी को सौंपा। साथ ही प्रेस क्लब में पुस्तकालय प्रारम्भ किए जाने और भावी रचनात्मक कार्ययोजनाओं की जानकारी भी मुख्यमंत्री जी को दी। मुख्यमंत्री जी ने उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी पत्रकारों के हित में बेहतर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करने वालों में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य परमात्मा राम त्रिपाठी व राजीव पांडेय शामिल रहे।

## रस्सी के सहारे यातायात व्यवस्था सुधारने में जुटी चौरीचौरा पुलिस

### सोमवार, शुक्रवार तथा सोमवार को लगता है भोपा चौराहे पर भीषण जाम



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र का भोपा बाजार चौराहा हमेशा जाम की झाम से अधिकतर जूझता रहता है। सोमवार, शुक्रवार तथा शनिवार को जाम की स्थिति और भी बद्तर हो जाती है। लेकिन चौराहे पर पिकेट की ड्यूटी निभाने वाले जिम्मेदार चुप्पी साधे रहते हैं इस जाम की झाम से छुटकारा पाने के लिए चौरीचौरा पुलिस ने भोपा बाजार चौराहे पर रस्सी का सहारा लिया है जो नाकाफी सिद्ध हो रहा है। बताते चलें कि भोपा बाजार चौराहे से गोरखपुर देवरिया के साथ ही साथ नई बाजार, तथा मुण्डेरा बाजार होते हुए बघाड़ जाने के लिए सवारियां मिलती हैं। लोग उक्त स्थानों पर जाने के लिए वाहन उसी चौराहे से पकड़ते हैं। इसलिए भारी भरकम भीड़ होना उस चौराहे पर लाजिमी है। सोमवार शुक्रवार तथा शनिवार को जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से चौराहे पर लगायी जाने वाली पुलिस उक्त चौराहे पर राजमार्ग पर बने डिवाइडर के बीच रस्सी बांध कर वन वे कर यातायात की सुरक्षा करने का प्रयास करती नजर आती है। जबकि रस्सी बांधने से कभी कभी रस्सी उठाकर बीच से निकलने का प्रयास करने वाले गिरकर चुटहिल भी हो जाते हैं। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि चौराहे पर रोज लगायी जाने वाली पुलिस सतर्क रहकर जाम से निपटने का प्रयास करती तो कभी भी उक्त चौराहे पर जाम की समस्या नहीं हो सकती। लोगों ने चौराहे पर लगायी जाने वाले पुलिस को सक्रिय कर जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग प्रशासन से किया है।

## फंदे से झूल युवक ने की खुदकुशी

गोला, गोरखपुर। गोला वार्ड नंबर 5 विसरा में एक युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन के द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनगर के वार्ड नंबर 5 विसरा निवासी विजय सोनकर (18) पुत्र छोटे लाल ने अज्ञात कारणों से अपने कमरे मे बीती रात फांसी लगा ली। युवक एक निजी विद्यालय में इण्टरमीडिएट का छात्र है। युवक अपने दादी के साथ घर रहता था जबकी उसका एक भाई, बहन व माता पिता केरल में रहते हैं। देर सुबह तक जब युवक का कमरा नहीं खुला तो दादी के द्वारा दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया कोई जवाब नहीं मिलने पर वह आसपास मौजूद लोगों को बुला कर लायी। उन लोगों के द्वारा खिड़की खोल कर देखा गया तो युवक फांसी पर झुलता नजर आया। यह देखकर ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। घटनास्थल पर पंहुची पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़कर शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वहीं युवक के माता पिता को भी जानकारी दे दी गयी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया (लेसा) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, पुरनिया अलीगंज, लखनऊ**

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया, लेसा लखनऊ के कार्यक्षेत्र में, प्रतिष्ठित व अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टर वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है। ई-निविदाओं से सम्बन्धित पूर्ण विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) ई-टेण्डरिंग पोर्टल से डाउनलोड कर दिनांक 27.02.2025 को 14.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 27.02.2025 को 14.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 27.02.2025 को 17.00 बजे या उसके बाद खोली जायेगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार/परिवर्तन/संशोधन/विस्तार/शुद्धि पत्र केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे जिसे उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्रों को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं कार्य को विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है, विवरण निम्नवत हैः-क्र. सं.-1, ई-निविदा संख्या-62/EUDCPURANIA 2024-2025 धरोहर धनराशि (रु.)-2000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)-1000+180=1180 (Inclusive GST) कार्य का विवरण-विद्युत वितरण खण्ड, रहीम नगर, लखनऊ के उपखण्ड, विकास नगर के 33/11 के.वी. उपकेन्द्र से पोषित एच.टी./एल.टी. लाइनों के सम्पर्क में आने वाले पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट प्राप्त होने की प्रत्याशा में कराये जाने का कार्य। क्र. सं.-2, ई-निविदा संख्या-63/EUDCPURANIA 2024-2025 धरोहर धनराशि (रु.)-2000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)-1000+180=1180 (Inclusive GST) कार्य का विवरण-विद्युत वितरण खण्ड, रहीम नगर, लखनऊ के उपखण्ड, इंजीनियरिंग कालेज के 33/11 के.वी. उपकेन्द्र से पोषित एच.टी./एल.टी. लाइनों के सम्पर्क में आने वाले पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट प्राप्त होने की प्रत्याशा में कराये जाने का कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता, "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 939, दिनांक : 13.02.2025)**

## बाइक दुर्घटना में मृतक तथा घायलों की हुई पहचान

गोरखपुर। रामगढताल थाना क्षेत्र के आजाद नगर पुलिस चौकी के अन्तर्गत बुधवार की रात सेमरा देवी प्रसाद उर्फ कठऊर मे सड़क पर दो बाईकों की आपस मे भिडंत हो गई थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में ईलाज चल रहा है। मृतक की पहचान विकास साहनी पुत्र राजेन्द्र साहनी उम्र 24 वर्ष निवासी रामपुर नया गांव बनकटवाँ थाना गोरखनाथ के रूप में हुई, जिसके साथ में रहे मनीष घायल हुआ है। दूसरे घायल की पहचान सचिन निषाद पुत्र बेचई निवासी खिरवनिया थाना रामगढताल के रूप में हुई। घायलों का ईलाज चल रहा है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज आजाद नगर अमरीश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पास से मिले अवैध तमंचे को दाखिल कर दिया गया है।

## पति, सास, ससुर, देवर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। बड़हलगंज क्षेत्र के संसारपार गांव निवासी श्री मती शशिकला देवी ने कोतवाली मे अपने पति राजकुमार यादव, सास उषा देवी, ससुर लालचंद व देवर शिवकुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2), 352, 351(3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में लगी हैं। तहरीर में पीड़िता शशिकला देवी ने कहा है कि मैके से दहेज मांगने के लिए पति व उपरोक्त लोग उत्पीड़न के साथ मारपीट कर घर से भगा दिये। मारपीट मे मुझे काफी चोट लगी है।

# मुठभेड़ के दौरान बदमाश गोली से घायल

जसवंतनगर, इटावा। शुक्रवार रात को स्थानीय थाना पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़ हो गई जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि भाग रहे दूसरे बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 25 जनवरी को जिला फिरोजाबाद थाना सिरसागंज के ग्राम नगला छीते कठफोरी के रहने वाले अवनीश कुमार पुत्र फूल सिंह अपनी बहन सोनम के साथ अपने घर से स्कूटी द्वारा इटावा अपनी ननिहाल जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलाजनी ओवर ब्रिज के पास नीले रंग की अपाचे सवार दो लुटेरो ने उनकी बहन से पर्स छीन कर भाग गए थे पर्स में रुपए, रेडमी 5 मोबाइल फोन, आधार कार्ड आदि थे। जिसका मुकदमा थाने में पंजीकृत है। शुक्रवार की रात को जनपद में अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों की



रोकथाम एवं लूट चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसओजी, सर्विलांस एवं थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा था तभी क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे को मुखबिर द्वारा उक्त लुटेरों द्वारा ग्राम मलुपुरा के पास हाईवे पर अन्य वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली।

सीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह, निरीक्षक अपराध नरेंद्र कुमार मिश्रा, उ.नि. ललित किशोर चतुर्वेदी, उ.नि. राजकुमार सिंह, कांस्टेबल शीशपाल अंकुश और मोहित ने घेराबंदी शुरू की। कुछ देर बाद नीले रंग की अपाचे पर सवार दो युवक आते दिखे जो पुलिस को देखकर ग्राम मलुपुरा जाने वाली नहर की पटरी पर मोटरसाइकिल से भागने लगे। पुलिस ने जब पीछा किया तो पुलिस पर दोनों बदमाश फायर झोंकने लगे। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे दोनों बदमाश मोटरसाइकिल सहित गिर गए। दूसरा बदमाश भागने लगा पुलिस ने उसे भी धर दबोचा। नाम पूछने पर पैर में गोली लगी है बदमाश ने सनी उर्फ महाकाल पुत्र विमलेश निवासी झिंगुपुरा थाना सैफई जबकि दूसरे ने अंशुल पुत्र सर्वेश निवासी नगला नवल थाना जसवंतनगर बताया। उनके पास से दो 315 वोर तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक मिस कारतूस, तीन जिंदा 315 बोर कारतूस और रेडमी 5 मोबाइल फोन, 29000 रुपए, एक बिना नंबर अपाचे नीले रंग की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। दोनों लुटेरे बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं और इन पर इटावा जिले के जसवंतनगर, सैफई सिविल लाइन फ्रेंड्स कॉलोनी थाने और सिरसागंज फिरोजाबाद थाने में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों बदमाशों ने तीन फरवरी को थाना सिविल लाइन के अंतर्गत राधिका मैरिज होम विचारपुरा के पास ऑटो में बैठी महिला से पर्स छीनने की बात स्वीकारी।

# 75 छात्राओं के बीच पांच लीटर दूध वितरित

जिला संवाददाता (vol)

ऊसराहार, इटावा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मे 75 छात्राओं के बीच मात्र पांच लीटर दूध वितरित कर कागजो के कालम पूरे किए जा रहे हैं 26 दिसबंर से छात्राओं को दूध नही मिल रहा है दूध की सप्लाई देने वाले दुकानदार के 44 हजार बकाया रूपए न मिलने के कारण दूध की सप्लाई 26 दिसवंर से बंद चल रही है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय वालिका विद्यालय ऊसराहार मे पढने वाली 75 छात्राओं के स्वास्थ के साथ शिक्षा विभाग पिछले ढेड माह से खिलवाड कर रहा है छात्राओं को सप्ताह मे छह दिन रोज दो सौ ग्राम दूध वितरित किया जाना है ऊसराहार मे दूध की सप्लाई पिछले एक वर्ष से धक्का मारकर चलाई जा रही है जिस दुकानदार से दूध लिया जाता है उसका 26 दिसबंर तक 44 हजार रूपया बकाया हो गया तो उसने 27 दिसबंर को सप्लाई बंद कर दी 27 दिसंबर से छात्राओं को दूध मिलना बंद हुआ पर शिक्षा विभाग सोता रहा इस बीच जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी एंव डीसी बालिका शिक्षा व खंड शिक्षा अधिकारी कई बार निरीक्षण कर गए लेकिन किसी ने छात्राओं को किस तरह दूध वितरण शुरू किया जाए इस पर कोई पहल नही की सभी निरीक्षण कागजो पर बेहतर चलते रहे और 75 छात्राएं पूरी सर्दी मे दूध के बिना ही गुजारा करती रही वैसे तो छात्राओं को दूध के अलावा प्रतिदिन शाम के समय चाय व सप्ताह मे खीर एंव सैवई भी मिलन होती है लेकिन ऊसराहार मे पढने वाली इन छात्राओं के लिए इनका स्वाद तो केवल कागजो मे ही रह गया 26 दिसंबर से पहले भी दूध की सप्लाई देने वाले दुकानदार ने भुगतान की मांग की थी लेकिन भुगतान नही हुआ यह हीला हवाली तब से लेकर सात फरबरी तक चलती रही नौ फरबरी को जब मीडिया मे खबरे आई तो शिक्षा विभाग नींद से जागा है उसके बाद किसी दिन दस लीटर तो किसी दिन पांच लीटर दूध नगद खरीद कर स्कूल मे पढने वाली छात्राओं को वितरित कर कागजी खानापूर्ति पूरी की जा रही है गुरवार को तो मात्र पांच लीटर ही दूध स्कूल मे पहुंचाया गया है इस सबंध मे डीसी बालिका विकास सक्सेना से बात की गई तो उन्होंने बताया दो दिन पहले ही दुकानदार से बिल लिया गया अब भुगतान करने के लिए फायल प्रोसिस मे है जल्द भुगतान कर दिया जाएगा और स्कूल मे पर्याप्त दूध पहुचने लगेगा।

## सचिव से दबंग ने की अभद्रता फाड़े सरकारी दस्तावेज



जवंतदनगर, इटावा। ग्राम पंचायत सिरहौल में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी रजनीश कुमार शाक्य पुत्र पूरनमल गाँव गीजा सैफई ने थाना क्षेत्र के रहने वाले ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार सुबह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सत्यापन का कार्य कर रहे थे तभी गाँव नगला छंद के रहने वाले एक नमाजद युवक ने एक अपने अज्ञात साथी के साथ मिलकर मेरे साथ अभद्रता करते हुए धमकाने लगा और कहा कि अगर तुमने मेरे अनुसार काम नहीं किया, तो वह लोग उनके गाँव आने पर हाथ-पैर तोड़कर नहर में बहा देंगे। पंचायत सचिव रजनीश कुमार ने सरकारी नियमों के अनुसार काम करने की बात कही, तो नामजद युवक और उसका साथी भड़क गए और कहने लगे कि ठाकुरों के गांव में शाक्य की एक भी नहीं चलेगी, उसके बाद वह लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने सरकारी दस्तावेजों को भी फाड़ कर नष्ट कर दिया। इस घटना के बाद, पंचायत सचिव रजनीश कुमार अन्य सचिवों के साथ थाने में आकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए एक नामजद और उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है नामजद युवक और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

## चार युवकों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर रंजिशन गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी आयुष तोमर पुत्र गौतम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 11 फरवरी की शाम 4 बजे लखीमपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में चाय पी रहा था। इसी दौरान सिनेमा रोड निवासी अभय भारद्वाज, श्याम नगर कॉलोनी निवासी कपिल वर्मा, भारत भूषण कॉलोनी निवासी राज शुक्ला व अहमदनगर निवासी साहिल उसके साथ गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया औरउसके साथ लाठी और डंडों से मारपीट की। जिससे उसका सिर फट गया। इस दौरान बीच बचाव करने आया उसका दोस्त लकी शुक्ला भी घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वकील ने दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक अधिवक्ता ने चार लोगों पर रंजिशन मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला गुप्ता कॉलोनी निवासी संजीत कुमार पुत्र मदनलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह सिविल कोर्ट लखीमपुर में अधिवक्ता है। 9 फरवरी की शाम 6 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में मौजूद था। इसी दौरान पड़ोसी संजय पुत्र हंसराम, सुनीता देवी पत्नी विजय कुमार, रामदेवी पत्नी रामपाल, रामपाल पुत्र अज्ञातउ सके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडों व ईंटों से प्रहार कर उसे और उसके परिवार वालों को घायल कर दिया। शोर शराबाद सुनकर आस पास के लोग आ गए। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बयाना लेकर जमींन की रजिस्ट्री न करवाने पर दो पर मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) बयाना की रकम लेने के बाद भी जमींन की रजिस्ट्री न करवाने और बयाना वापस मांगने पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शहर को मोहल्ला कुम्हारनटोला निवासी जुगलकिशोर गुप्ता पुत्र पंचम लाल गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि तीन वर्ष पूर्व फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम फूटाकुआं निवासी सरदार महेन्द्र सिंह व सर्वजीत सिंह पुत्रगण सरदार जोगेन्द्र सिंह से जमींन का सौदा हुआ था। जिसके एवज में 50 हजार रुपए बयाना के तौर पर दे दिया। इसके बाद लखीमपुर तहसील में बैनामा कराने गया तो उक्त लोग दिखाई गई जमीन का बैनामा न कराकर दूसरी जमींन का बैनामा कराने जा रहे थे वह भी उनके नाम नहीं थी। जिसके बाद उसने बयाना की रकम वापस मांगी तो उन्होंने बाद में देने की हामी भर दी। धीरे-धीरे तीन साल गुजर गये। जब बयाना वापस नहीं किया उसने फरधान थाना में तहरीर दी। जिसके बाद सभी को 9 फरवरी को थाने पर बुलाया गया वहां भी उक्त लोगों ने पैसा देने से मना कर दिया और देख लेने की धमकी दी। जिसके बाद वह बाइक से वापस आ रहा था। इसी दौरान जमुनाबाद फार्म से पहले मुंह बांधे तीन चार लोगों ने रोक लिया और लाठी डन्डो से उसकी पिटाई की। जिससे उसके गंभीर चोटे आ गईं। पुलिस ने सरदार महेन्द्र सिंह व सर्वजीत सिंह के खिलाफ मारपीट और धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष संदीप कुमार मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ने फीता काट कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया है। गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक मयंक मिश्रा के निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें जिले से आए डॉक्टर अखिलेश शुक्ला और उनके सहयोगी डॉ कुलदीप ,डॉ धर्मेंद्र वर्मा, डॉ सुशील शुक्ला और उनके सहयोगी प्रेम वर्मा समेत स्टाफ कर्मियों के सहयोग से मेले में आए 108 रोगियों की सभी निशुल्क जांच कर दवाइयां वितरित की गई हैं।

# गन्ने से भरी दो ट्रॉलियों में घुसी कार, चार की मौत






निघासन खीरी। बुधवार की देर रात ढखेरवा निघासन स्टेट हाईवे पर हाजरा फार्म के पास गन्ने से भरी ट्राली में कार घुस गई। हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को वाहन से नजदीकी सीएचसी निघासन भेजवाया। कस्बे के पटेल नगर निवासी शिवसागर ने बताया कि उनका 22 वर्षीय बेटा दिग्विजय अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर ढखेरवा जा रहा था। हाजरा फार्म के पास खड़ी गन्ना भरी डबल ट्रॉली में उनकी कार पीछे से जा टकराई, जिससे कार में सवार चौधरी पुरवा के संजय (24), रजनीश(19), सैफू 34 निवासी सिंगाही की मौके पर मौत हो गई। ट्राली का पंचर बना रहे सिंगाही कस्बा निवासी अंसार(26) को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया। वहां मौत हो गई। कार में सवार चौधरी पुरवा के दिग्विजय (21), अरुण(19), रवि(24) निवासी घनश्याम पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार तीन तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में युवकों की मौत की खबर के बाद परिवार में कोहराम मचा गया। बताया जा रहा है कार सवार युवक एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद दोस्त को घर छोड़ने घर जा रहे थे।

## अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में कराया पंजीकरण

इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं नगर के शिवनारायण इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया के कर कमलों से किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 12 कंपनियों ने प्रतिभाग कर आयोजित हुए रोजगार मेला में आये अभ्यर्थियों में से एक सौ उन्नीस लोगों को चयनित कर रोजगार प्रदान किया।सभी अभ्यर्थियों को सदर विधायक द्वारा शुभकामनाएं दीं गई। गुरुवार को आयोजित हुए रोजगार मेला में पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लि., ब्लिंकिट, यूनिवर्सल जनरल इंश्योरेंस, केअर हेल्थ, एआईएम, बजाज कैपिटल, केबिन केअर जैसी तमाम कंपनीयों ने प्रतिभाग किया और अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर चयन किया। रोजगार मेला का आयोजन प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया।

# संगीत शिविर के समापन पर पहुंचे प्रांतीय प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा

## निःशुल्क ढपली प्रशिक्षण का तीसरा बैच



लखीमपुर खीरी। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित नौ दिवसीय ढपली संगीत प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें संगीत प्रशिक्षण में शामिल छात्राओं ने ढपली के साथ हमने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान प्रज्ञा गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ गायत्री परिजन मनीराम वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने कहा आदमी सिगरेट, शराब आदि नशों से उतना अधिक पतित नहीं हुआ है जितना साहित्य, कला और संगीत की विकृति से हुआ है। गायत्री परिवार का संगीत से संस्कार अभियान संगीत प्रतिभा और संगीत कला को सृजन और लोकमंगल की ओर ले जाने का अभियान है। विद्यालय प्राचार्या प्रो० गीता शुक्ला ने स्मृति चिह्न भेंट कर शिविर हेतु गायत्री परिवार का आभार व्यक्त किया स्वागत किया। उन्होंने कहा संगीत से संस्कार अभियान की अभिनव थीम ने मुझे व्यक्तिगत रूप से भी प्रभावित किया है। उन्होंने विद्यालय में होली के बाद दूसरा संगीत प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाने की इच्छा व्यक्त की जिससे अन्य छात्राएं भी ढपली बजाना सीख सकें। शिविर संचालक अनुराग मौर्य ने बताया शिविर की ढपली संगीत छात्राओं का अभ्यास गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना सिंह ने किया। इस दौरान डॉ० सुशीला सिंह, डॉ० रेखा पाण्डेय, जसविंदर कौर, बीन चौरसिया डॉ० राखी चौहान, सरिता यादव संगीत छात्रा अनुष्का भारद्वाज, लविशा तिवारी, कीर्ति कश्यप, राधिका साहू, अंशिका मिश्रा, महक श्रीवास्तव, अनामिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नौरंगाबाद वार्ड में पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम



इटावा। नौरंगाबाद वार्ड में सेक्टर प्रभारी इलियास भूरे पूर्व सभासद के सयोंजन मे पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। फुरकान अहमद पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर और उनके द्वारा बनाए गए संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को पीडीए के लोग कभी माफ नहीं करेंगे, और आने वाले 2027 के चुनाव में प्रदेश की जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम करेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, पूर्व शहर अध्यक्ष नफीसुल हसन अंसारी, वरिष्ठ नेता राजपाल यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राकेश यादव, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, गंगाराम कुशवाहा, प्रदीप सोनी, डा. संतोष राठौर, अवधेश सविता, आलोक दीक्षित, अमित कठेरिया, मनोज राणा वाल्मिक, सभासद सचिन कठेरिया सफर टेलर, बल्लू खान, लवलेश कठेरिया सहित भारी संख्या में बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

# वार्षिक स्पेक्ट्रम महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न



इटावा। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में पिछले एक हफ्ते से चल रहे वार्षिक स्पेक्ट्रम खेल महोत्सव का सफलता पूर्वक समापन हुआ ! संस्था के प्रधानाचार्य, निदेशक डॉक्टर आनंद ने 100 मीटर दौड़ में प्रतियोगी छात्र छात्राओं से परिचय प्राप्त कर व झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता की शुरूआत की !

विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में संस्था के 300 से अधिक छात्र छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया ! विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में पहुंचे संस्था के प्रधानाचार्य, निदेशक डॉक्टर आनंद ने बच्चो की वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए कहां कि आज के युवा कल के भारत का भविष्य है ! कला प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखते बनता था जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना था।प्रतियोगिता में चित्रकला, पोस्टर मेकिंग और थीम-आधारित आर्ट वर्क की विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य, निदेशक डॉक्टर आनंद ने संस्था में आयोजित हुए वार्षिक स्पैक्ट्रम खेल महोत्सव पर चर्चा करते हुए कहां कि यह उत्सव रचनात्मकता और प्रतिभा का ऐसा उत्सव जहां छात्र छात्राएं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग ले सकते हैं ! यह आयोजन छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार कई क्षेत्रों में कौशल का प्रदर्शन करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है जिससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है ! वही संस्था के निदेशक डॉक्टर विवेक यादव ने वार्षिक स्पैक्ट्रम खेल महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा की टॉपर छात्राएं सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा आर्णवी ने जिले में तृतीय स्थान, कक्षा 9 की छात्रा जोहा परवीन तहसील स्तर पर प्रथम स्थान पर रही। गायत्री परिवार गोला के वरिष्ठ सदस्य डा. सूर्यप्रकाश सिंह और विद्यालय प्रधानाचार्य मुदित शाह ने दोनों मेधावी छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। डा. सूर्यप्रकाश सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ श्रेष्ठ संस्कार भी सीखना बहुत आवश्यक है। प्रधानाचार्य मुदित शाह ने अतिथि डा. सूर्यप्रकाश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुर्घटना में जख्मी की पिटाई करने पर केस दर्ज करने के आदेश

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव फरेंदा चौराहे पर अपनी दुकान में पंचर मिस्त्री को बाइक चालक ने टक्कर मारी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया शिकायत करने पर आरोपी की सरेराह लात घुसो से पिटाई कर जाति सूचक गालियां देकर जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई जिस पर कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। फरेंदा निवासी विनोद पुत्र लोचन 5 फरवरी को गांव के चौराहे पर सड़क किनारे दुकान रखकर पंचर जोड़ने का कार्य कर रहा था। शाम 5 बजे करीब अचानक सड़क से निकल रहे बाइक सवारने टक्कर मार कर जख्मी कर दिया शिकायत करने पर आरोपी ने सरेराह लात घुसो से पिटाई कर चला गया था। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को दी थी कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के दरबार में न्याय की गुहार लगाई है मामले की गंभीरता को लेकर कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ कठोर करवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मदरसे में परीक्षा फल हुआ वितरण



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मदरसा फैजुल रसूल रजबिया में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर जुबेर खां बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर उनकी हौसला-अफजाई की है। गुरुवार को मदरसे में परीक्षा पर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंधक रईस जनजाति प्रधानाचार्य मो महशाद की मौजूदगी में मदरसे के बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया है इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे हैं।

# महाशिवरात्रि के लिए तेजी से तैयार हो रहा गोकर्ण तीर्थ

- मुख्यमंत्री 22 को कर सकते हैं कारिडोर का शिलान्यास



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोकर्ण कारिडोर निर्माण को लेकर गोकर्ण तीर्थ का काम महाशिवरात्रि से पहले करने को लेकर तेजी देखने को मिल रही है। गुरुवार को तीर्थ की तलहटी में बिछी ईटों को मजदूरों के द्वारा उखाडा जा रहा है। जिससे महाशिवरात्रि से पहले ईंट बिछाकर जल भरा जा सके। बुधवार को विधायक अमन गिरि, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने कॉरीडोर निर्माण का निरीक्षण कर संबधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महाशिवरात्रि को अभी एक पखवाड़ा से कम समय बचा है। जिसको लेकर कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों के द्वारा गोकर तीर्थ का काम पूरा करने को लेकर एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कॉरिडोर का काम देख रहे अधिकारियों को महाशिवरात्रि के पहले गोकर तीर्थ की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही थी। इसी के साथ महाशिवरात्रि से पहले 22 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास किए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको लेकर एडिशनल एसपी नेपाल सिंह, सी ओ गवेंद्र पाल गौतम, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव के द्वारा गोकर्ण परिक्षेत्र का निरीक्षण अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। उधर ध्वस्त किए गए मेला प्रशासनिक कैंप कार्यालय के पास से रिटेनिंग वाल और ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से बाउंड्री वॉल का निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ में जल भरे जाने को लेकर आपूर्ति के लिए डाले गए पाइप की मरम्मत की जा रही थी।

# साइकिल रैली और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




पलियाकलां-खीरी। 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पलिया द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी ने की। कार्यक्रम का आयोजन वाहिनी मुख्यालय पलिया एवं सीमा चौकी सुमेरनगर में किया गया, जिसमें वाहिनी के सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुई, जिसमें उन्होंने नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि यह समाज में अपराध, गरीबी, और अस्थिरता को भी बढ़ावा देता है। अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से साइकिल रैली एवं केन्द्रीय विद्यालय स.सी.बल गदनिया कैम्प के छात्रों के साथ पैदल मार्च का आयोजन किया गया एवं आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। पलिया हॉस्पिटल से आए डॉ.अभिषेक कुमार (डेंटिस्ट), डॉ. दीपिका (एल.एम.ओ.), श्रीमती प्रज्ञा मिश्रा (सिस्टर इंचार्ज) द्वारा नशे के प्रयोग से दुष्परिणामों के बारे में जवानों को अवगत कराया गया।

# विधायक ने व्यापारियों से की वार्ता

## मेला मैदान रास्ता बंद कर पुलिस करा रही निर्माण कार्य



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) अशोक चैराहा के नजदीक कोतवाली के पीछे मिल रोड से मेला मैदान को जाने वाली सड़क पर कोतवाली पुलिस के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर मेला मैदान के दुकानदारों नेनिर्माण का विरोध करते हुए विधायक अमन गिरि और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से मार्ग छोड़े जाने की गुहार लगाई थी। विधायक अमन गिरि ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मेला मैदान के व्यापारियों की समस्या सुनी। मेला मैदान के व्यापारियों का कहना है कि कोतवाली के पीछे से आने वाली सड़क मेला मैदान की मुख्य सड़क है। जिससे होकर के दूर दराज क्षेत्रों और गांव के लोग मेला मैदान पहुंचते हैं। लेकिन लगभग एक महीने से कोतवाली पुलिस के द्वारा इस मार्ग पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे यह मुख्य सड़क बंद हो जाएगी। जिसका असर मेला मैदान के व्यापारियों के व्यापार पर भी पड़ेगा। क्योंकि मेला मैदान में इस समय सैकड़ो की संख्या में व्यापारी अपना व्यापार कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। विधायक अमन गिरि ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर पुलिस के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पीछे से पुलिस क्वार्टर के पास से मार्ग बनवाए जाने की बात कही। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि ऐसे तो मेला मैदान आने को कई मार्ग है, लेकिन मुख्य मार्ग की बात ही कुछ और होती है ,जिसे बंद किया जा रहा है। बताते चलें मेला मैदान से मिल मार्ग को जोड़ती हुई सड़क कई दशक पहले बनाई गई थी, लेकिन नगर पालिका ने इसकी उपयोगिता को देखते हुए लगभग नौ साल पहले इस मार्ग को बनवाया था। उस समय पुलिस विभाग के किसी अधिकारी ने एतराज नहीं जताया था। लेकिन कोतवाली और क्षेत्राधिकारी कार्यालय सहित आवासों का जीणोद्धार कराया जा रहा है। जिसको लेकर मार्ग पर ही बैरंग बनवाई जा रही है। मेला मैदान में लगभग सैकड़ो दुकानदारों के आने जाने का यह प्रमुख मार्ग है। इसी के साथ चैत मेला के दौरान इस मार्ग पर मुख्य द्वार बनाया जाता है और इसी मार्ग से वीआईपी मूमेंट भी होता है। इस मार्ग के बंद हो जाने के बाद आम जनमानस के साथ दुकानदारों और में मेलार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सीओ गवेन्द्र पाल गौतम का कहना है कि जिस जगह पर निर्माण शुरू कराया गया है वह जगह कोतवाली के रकबे में है। जब तक जगह खाली थी, लोग निकालते रहे। अब जरूरत पड़ने पर निर्माण कराया जा रहा है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बालिका हुई घायल

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊमरसेंडा माइनर पर मिट्टी खुदाई व उठान में लगे एक ट्रैक्टर ने बीती शाम 5 बजे गांव की बालिका नव्या 10 वर्ष पुत्री सन्दीप कुमार को टक्कर मार दी और जिससे बालिका का दुपट्टा ट्रैक्टर में फंस गया और वह थोडी दूरी तक घसिटती चली गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा

पत्रांक मेमो/कर विभाग/न.पा.प.महोबा/2024-25 दिनांकः 13.02.2025

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत)

**प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाना है कि श्री नितेश कुमार यादव पुत्र श्री सुरेन्द्र बाबू यादव निवासी मोहल्ला बजरंगनगर तह. व जिला महोबा ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि मुहल्ला व वार्ड बजरंगनगर स्थित भवन सं. 246 जो कि नगर पालिका अभिलेखो श्री श्रीमती पदमा देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र बाबू यादव के नाम अंकित है। उक्त भवन को दानकर्ता श्रीमती पदमा देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र बाबू यादव निवासी मोहल्ला बजरंगनगर तह. व जिला महोबा ने दानगृहीता श्री नितेश कुमार यादव पुत्र श्री सुरेन्द्र बाबू यादव निवासी मोहल्ला बजरंगनगर को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार दिनांक 16.12.2022 को दान कर दिया है तथा उक्त भवन को आवेदक ने रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर अपने नाम दर्ज करने की प्रार्थना की है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद महोबा

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**जौनपुर**। सरायखवाजा थाना क्षेत्र के कुकडीपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पिता ने थाने में तहरीर देकर बेटी की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। बताते है कि आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर गांव निवासी प्रेमचंद ने अपनी पुत्री आरती का विवाह सरायखवाजा थाना क्षेत्र के कुकडीपुर गांव निवासी मनोज के साथ वर्ष 2019 में की थी। पिता का आरोप है कि पुत्री को ससुराल के लोग प्रताड़ित करते थे। दामाद ने फोन पर सूचना दी कि तबीयत खराब होने से आरती की मौत हो गई मायके वालों के पहुंचने से पहले ससुराल वालों ने विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया। इस बाबत थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## घायल की उपचार के दौरान हुई मौत

**मीरजापुर**। लालगंज तहसील क्षेत्र के पिपरहा (धोबहा देवघटा) निवासी ग्राम पंचायत सदस्य भोला पूर्व में विगत दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे परिजन घायल अवस्था में हेरिटेज अस्पताल वाराणसी में भर्ती किया गया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के पिपरहा देवघटा निवासी ग्राम पंचायत सदस्य भोला पुत्र भागीरथी 30 वर्ष मंगलवार को घर से सोनबरसा के लिए जा रहा था जैसे ही चिल्हिया पहड़ी पर पहुंचा की विपरीत दिशा से जा रही बस से धक्का लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन ने घायल अवस्था में मंडलीय अस्पताल मिजापुर ले गए जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते ही बनारस हेरिटेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में फंदे पर झूलती मिली छात्रा

**आजमगढ़**। जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र के असरफपुर बसारथ पट्टी उर्फ बनगांव ग्राम में बीटीसी की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। असरफपुर बसारथ पट्टी उर्फ बनगांव ग्राम निवासी संजीव कुमार की 22 वषीर्या पुत्री नेहा कुमारी बीटीसी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उसकी भाभी एक माह पूर्व अपने मायके गईं थीं, जिसके बाद भाई भी दो दिन पूर्व अपने ससुराल चला गया था। नेहा की दादी सिरपत्ति देवी, मां बिंदू देवी, बड़ी बहन पूजा बगल में स्थित दूसरे मकान में बुधवार की रात को सोने के लिए गए थे। परिजन का कहना है कि भाभी के जाने के बाद नेहा पुराने मकान में ही भाभी के कमरे में रात को सोती थी। बुधवार की रात को गांव में रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नेहा और उसके परिवार के लोग रात में कार्यक्रम देखकर घर वापस लौटे थे। इधर, जब गुरुवार की सुबह सात बजे तक नहीं उठी तो उसकी मां बिंदू देवी पुत्री को जगाने के लिए दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न होने पर मां ने जब खिड़की से झांका तो नेहा का शव कमरे के टाड़ में लगे चूल्हा में दुपट्टा के सहारे लटका देख सन्न रह गई।

# कुंभ जाने-आने वाले को कराया जा रहा जलपान

### लगातार तीसरे दिन भी 24 घंटे सेवा समर्पण में लगे कार्यकर्ता



**सोनभद्र**। घोरावल विधानसभा के हिंदुआरी तिराहे पर तीसरे दिन गुरुवार को महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को जलपान की व्यवस्था कराते हुए सेवा भाव में समर्पित घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उड़ीसा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश झारखंड आंध्र प्रदेश से महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सेव किया गया।

वही घोरावल विधायक अनिल मौर्य ने बताया मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। गुरुवार को महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए, करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों करोड़ों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरूआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है। इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ,जिला उपाध्यक्ष उदय नाथ मौर्य ,राजेश मिश्रा ,अंकुर सिंह ,मनीष पटेल, रामसेवक मौर्य ,सुरेंद्र मौर्य , रामबली मौर्य, दिलीप मौर्य ,राहुल पटेल ,राजन तिवारी आदि लोग सेवा भाव में लगे हुए थे।

# वाहनों में टक्कर से ड्राइवर सहित दो लोगों की मौत

**जौनपुर**। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी सुल्तानपुर हाइवे पर चकमिर्जापुर गांव के पास बुधवार की रात्रि करीब दो बजे काशी से अयोध्या धाम जा रही मिनी बस सामने से जा रही ट्रेलर के पीछे से जा भिड़ी जिससे मौके पर बस चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि 10 श्रद्धालु घायल हो गए। बस में सवार सभी श्रद्धालु फिरोजपुर पंजाब के निवासी है। दुर्घटना होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर थानाध्यक्ष सहयोगियों के साथ साथ मौके पर पहुँच उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुँचे लाइन बाजार इंस्पेक्टर ने भी मौके पर पहुँच बुरी तरह फंसे घायलों को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेज जेसीबी बुलाकर आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि करीब 24 सीटर वाली मिनी बस से श्रद्धालु वाराणसी से अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे थे। घटना स्थल के समीप बस का चालक पहुँचा ही था तभी सामने से जा रही ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था कि 38 वर्षीय चालक तर्कशील सिंह बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना में जब तक पुलिस पहुँच घायलों को बस से नीचे उतारती चालक तर्कशील व बस में सवार 70 वर्षीय हरदयाल चंद निवासी हरजिलका जनपद फिरोजपुर पंजाब की मौत हो चुकी थी। बस में सवार घायल मधु पत्नी वेदप्रकाश निवासी गोथाल रोड जठिया मोहल्ला थाना फजीलका जनपद फिरोजपुर, कमलेश निवासी बादल कालोनी थाना फाजीलका, सन्तरा देवी व



अनिल निवासी जोधपुर कालोनी मुक्तासर, फजीलका पंजाब, राजकुमार डिंडा कालोनी थाना फजीलका, वीरपाल निवासी तिलकनगर गरजी मुक्तसर श्रेधाना, कोमल निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका, सुनीता रानी व कमलेश रानी निवासी तिलकनगर जिला मुक्तासर पंजाब, एवं राजकुमार निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मोटरसाइकिलों में भिड़ंत एक की मौत, दो गम्भीर



**जौनपुर**। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के सेमुही मार्ग पर ब्रह्म बाबा के पास दो मोटर साइकिलों में भिड़न्त से एक अधेड़ समेत तीन लोग घायल हो गए। जबकि दूसरे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर पहुंचाया जहांएक अधेड़ की मौत हो गयी जबकि दो अन्य की हालत गंभीर देखते हुए उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। रामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के 60 वर्षीय नागेंद्र तिवारी अपनी बाइक से रामपुर बाजार किसी कार्य से गुरुवार की अपराह्न जा रहे थे जैसे ही सेमुही रोड ब्रह्मबाबा के पास पहुंचे सामने से नेवादा के तिवरान गांव निवासी सभाजीत पुत्र राजनाथ तिवारी एक अन्य को बाइक पर बैठाकर सेमुही बाजार की तरफ जा रहे थे और अनियंत्रित होकर नागेंद्र तिवारी की बाइक से टकरा गए जिससे मौके पर ही नागेंद्र तिवारी की दर्दनाक मौत हो गई और दूसरे बाइक पर सवार लोग भी गंभीर घायल होकर सड़क पर पड़े थे। आसपास के लोगों ने पहुंच कर सूचना रामपुर थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर पहुंचाया जहां पर चिकित्साधिकारी रामपुर प्रभात यादव ने नागेंद्र तिवारी का मौत होना बताया जबकि दूसरे बाईक पर सवार सभाजीत समेत एक अन्य को मामूली उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उधर नागेंद्र तिवारी के परिजनों ने नागेंद्र की मौत नहीं होने की बात कहकर उन्हें भदोही जनपद दूसरे डॉक्टर को दिखाने की बात कह कर लेकर चले गए जहां से परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर थाने लेकर आ रहे हैं।

## बाइक सवार पत्थर से टकराया, हुई मौत

**मीरजापुर**। लालगंज थाना क्षेत्र के जयकर कलां गांव के भुकभुकवा झरना के पास किसी जानवर को बचाने के चक्कर में बाइक सवार पत्थर से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह 8:00 बजे राहगिरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत जयकर कलां गांव के भुकभुवा झरना के पास बाइक सवार गांव निवासी स्वर्गीय कल्लू का 36 वर्षीय पुत्र संजय किसी काम से बुधवार को दुबार बाजार की तरफ गया था कि देर रात घर लौटते समय अचानक रोड पर किसी जानवर के आने से वन विभाग द्वारा बनाई गई खखरी में टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र शंभू 17 वर्ष व एक पुत्री सरोजा19 वर्ष है। अभी पुत्र व पुत्री की शादी नहीं हुई है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पर दुबार कलां चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई।

## हद है ! बीच सड़क पर झूल रहा बिजली का खम्भा और तार, जिम्मेदार साधे हुए हैं मौन

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर**। हलिया विकास खंड के नौगवा ग्राम सभा के हलिया बनवां नौगवा संपर्क मार्ग के कहरान बस्ती के त्रिमुहानी पर पिछले दो सप्ताह से बिजली खंभा टूट कर बीच सड़क पर झूलते हुए बड़े हादसे को दावत दे रहा है। स्थानीय लोगों, राहगीरों को संभलकर आना-जाना पड़ रहा है। अगर जल्द ही खंभे को व्यवस्थित नहीं कराया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों में संजय, रूपम, कल्लू फूलवारी का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किया और स्थिति की जानकारी दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस उदासीनता की वजह से तार अब तक उसी स्थिति में लटका हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी हुई है। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, और वाहन सभी इस खतरे का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि तुरंत इस टूटे हुए बिजली के तार को ठीक कराया जाए, ताकि कोई अनहोनी न हो।

## ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग के निर्माण को रोका

**जौनपुर**। सिंगरामऊ क्षेत्र के बहु प्रतीक्षित मेढा-रामीपुर संपर्क मार्ग पर मानक के अनुरूप कार्य न होने पर भाजपा कार्यकताओं व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य रोक दिया। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली कई सड़कों का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। मेढा-रामीपुर संपर्क मार्ग के मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है। इस सड़क पर मानक के हिसाब से कार्य न होने से असंतुष्ट भाजपा कार्यकर्ता नितिन उपाध्याय व विजय सिंह सहित ग्रामीणों ने मरम्मत के कार्य को रोक दिया और इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र से की। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए विधायक ने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। विधायक ने क्षेत्रीय लोगों के संतुष्टि के बाद ही सड़क मरम्मत का कार्य कराने को कहा है।

# ससमय सभी कार्य पूर्ण करायें : डीएम

**जौनपुर**। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यालय में भ्रमण पंजिका तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी से फैमिली आईडी के सन्दर्भ में जानकारी ली, साथ ही आवास सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड परिसर में क्षेत्र पंचायत मद से निमार्णाधीन मीटिंग हॉल की प्रगति देखी और निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन कक्ष को जल्द से जल्द पूर्ण कराये एवं अवर अभियन्ता (लघु सिचाई) को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र पंचायत से कराये जा रहे मीटिंग हॉल की पत्रावली उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वालों कार्यों को प्राथमिता के आधार पर पूर्ण कराये। उन्होंने विभिन्न पटलों की समीक्षा की। मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यों को मानक के अनुरुप कराये जाये और कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय भुगतानों में नियमानुसार कार्य करते हुए कार्य सम्पादित कराये। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया कि जो भी व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कराये जा रहे है, उक्त शौचालयों पर शौचालय का लोगो बनवाते हुए लाभार्थी के साथ निर्मित शौचालय का फोटोग्राफ जियोटैग अवश्य करायें। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्थापन पटल सहायक व आईजीआरएस पटल सहायक द्वारा सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक व जीपीएफ पासबुक पूर्ण की गयी है व रख रखाव सही स्थिती में है, आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्रो का निस्तारण गुणवत्तपूर्ण ढंग से किया जा रहा है और आईजीआरएस प्रभारी द्वारा प्राप्त शिकायती पत्र पर भी शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन, सहायक विकास अधिकारी ,अवर अभियन्ता ,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# सबको जोड़कर चलने पर बनेंगे श्रेष्ठ : कलराज मिश्र



**जौनपुर**। पूर्वांचल विवि में नव भारत के निर्माण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे। इसी विचारधारा से आज हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रहीं।पंडित दीन दयाल अध्ययन के दौरान ही अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थ। कमजोरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बचपन से ही रही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक स्थिति ठीक ना होने के बाद भी देश के प्रति समर्पण का भाव रहा और नौकरी न करने का निर्णय लेकर उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। प्रारंभ से ही सामूहिकता की भावना के साथ विपन्न लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने का निरंतर कार्य किया. उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को जोड़कर नए भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर रही है. आधुनिक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के साथ अगर काम किया जाए तो हम दुनिया में सबसे आगे रहेंगे और यही पंडित जी का विचार रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन संघर्ष से आज के युवा प्रेरणा ले और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा करें. उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की मुहिम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को धरातल पर उतार रही है। दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश की आर्थिक नीति कर व्यवस्था किसने की खेती की स्थिति कैसी हो सामाजिक संरचना कैसी हो नीचे के लोगों को ऊपर कैसे लाया जाए इन सब पर दूर दृष्टि के साथ कार्य किया. अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का चिंतन केवल राजनीतिक नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और अर्थव्यवस्था के उत्थान का मार्गदर्शक है। प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. विजय सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह,डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक, आदि उपस्थित रहे।

# 282 केंद्रों पर होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**आजमगढ़**। जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टर की संस्थागत एवं व्यक्तिगत परिक्षार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है। जनपद आजमगढ़ में निर्धारित 282 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों को 4 सुपर जोनल, 8 जोनल, 27 सेक्टरों में विभक्त करते हुए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात की गयी है। उक्त के अतिरिक्त सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को आरक्षित रखा गया है। बोर्ड परीक्षा वर्ष-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं सभी आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेटगण एवं आरक्षित स्टैटिक मजिस्ट्रेट 17 फरवरी 2025 को पूर्वान्हन 11 से अपरान्ह 1बजे तक एवं संबंधित सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं सभी आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेटगण एवं आरक्षित स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपरान्ह 2 से 4 बजे तक जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हरिऔध कला केन्द्र, जनपद आजमगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट व संबंधित अन्य अधिकारी उक्त बैठक में उपस्थित होंगे। बैठक के बाद स्टैटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने केन्द्र का भ्रमण करेंगें तद्नुसार जिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ़ को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्तानुसार तैनात समस्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा प्रारम्भ होने के 1 घंटा पूर्व अपने तैनाती स्थल पर पहुँच कर वाट्सअप ग्रुप यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 आजमगढ़ पर अपनी लोकेशन शेयर करेंगे तथा जनपद कन्ट्रोल रूम के दूरभाष सं० 05462-297477 व जिला विद्यालय निरीक्षक मो.नं. 9454457357 पर अवगत कराना सुनिश्चित करेगें। यह भी सुनिश्चित करेंगें की शासनादेश में प्रदत्त निदेर्शों एवं अन्य निदेर्शों के अनुरूप परीक्षा नकल विहिन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जाये। तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेटगण सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा हेतु उपयोग में लाये जा रहे समस्त कक्षों में भ्रमणशील रहकर नकल विहीन परीक्षा सम्पादित कराना सुनिश्चित करेगें तथा यह भी सुनिश्चित करेगें कि अनुपयुक्त परीक्षा कक्षा सील रहें एवं प्रत्येक शौचालय ब्लाक पर मुख्य दरवाजे से बाहर की ओर फेसिंग सी०सी०टी०वी० कैमरा लगवाना सुनिश्चित करेंगें। परीक्षा केन्द्र पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर परीक्षा स्थल पर जाने की अनुमति न दी जाय तथा इसका उल्लघंन करने वाले व्यक्ति को भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डित करने की कार्यवाही की जाय।

# ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण रखरखाव पर प्रशिक्षण

**जौनपुर**। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 32 केएलडी फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में एक विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एफएसटीपी के संचालन एवं रखरखाव से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना था, ताकि वे सुरक्षित व प्रभावी ढंग से इस प्रणाली को प्रबंधित कर सकें। प्रशिक्षण का संचालन सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के कार्यक्रम अधिकारी अल्का कुमारी एवं कार्यक्रम अधिकारी मनीष मिश्रा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एफएसटीपी की कार्यप्रणाली, नियमित रखरखाव प्रक्रियाएँ, सुरक्षा उपाय, और कीचड़ प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रियंका यादव, अवर अभियंता जलकल खुशबू यादव, जिला परियोजना प्रबंधक घनश्याम, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट , प्रशिक्षण से महिलाओं को एफएसटीपी के प्रभावी संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाया गया, जिससे शहर में बेहतर स्वच्छता प्रबंधन और सुरक्षित मल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।यह पहल अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शहरव्यापी समावेशी स्वच्छता के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि शहरी स्वच्छता प्रबंधन में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## जनसुनवाई में आयीं 35 महिलाओं की समस्याओं में 18 निस्तारित



**आजमगढ़**। उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य डा प्रियंका मौर्या द्वारा जनपद आजमगढ़ के पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के अन्तर्गत कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए और उनके द्वारा 18 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष प्रकरण को सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान डा मौर्या द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई में उपस्थित समस्त महिलाओं एवं पुरुषों को महिला कल्याण विभाग योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गयी तथा 02 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 04 लाभार्थी को स्पॉन्सरशिप योजना तथा 02 लाभार्थी को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने की जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी। राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा जन सुनवाई में प्राप्त महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। जन सुनवाई के पश्चात संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रकरण की समीक्षा भी की जायेगी। इसके उपरान्त राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर, आजमगढ़ में डा मौर्या के उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव के तहत नवजात बच्चियों को बेबी किट, दूध का बॉटल उपहार स्वरूप वितरित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शशांक सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह, महिला थानाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## फाल्गुन शरू, पूजा-पाठ और दान पुण्य करें

**जौनपुर**। गुरूवार से फाल्गुन मास षुरू हो गया है। हिंदी संवत में फाल्गुन आखिरी महीना होता है। इसके बाद हिंदू नववर्ष चैत्र माह की शुरूआत होती है। फाल्गुन मास बहुत ही सुहावना और उमंग से भरा हुआ माना जाता है। जहां एक तरफ फाल्गुन महीने में प्रकृति की छटा रहती है, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय संस्कृति के कई प्रमुख त्यौहार भी इसी महीने में आते हैं। ज्ञात हो कि फाल्गुन में महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े और प्रमुख व्रत-त्यौहार आते हैं। हिंदू धर्म में फाल्गुन को भक्ति और पुण्य का महीना कहा जाता है। इस माह में भगवान शिव-माता पार्वती के साथ कृष्ण-राधा की पूजा का खास विधान है। इसके साथ ही फाल्गुन में चंद्र देव की उपासना भी फलदायी होता है। विद्वान ब्राहमणों द्वारा बताया गया है कि फाल्गुन माह में प्रत्येक सोमवार को शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और व्रत भी रखें। ऐसा करने से महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। फाल्गुन मास में सफेद चीजों का दान करने अत्यंत फलदायी माना जाता है। तो इस माह में चीनी, चावल, दही, सफेद कपड़े और सफेद फूल का दान करें। फाल्गुन माह में चंद्र देव की पूजा करें और साथ ही चंद्रमा के मंत्रों का भी जाप करें। ऐसा करने से आपकी कुंडली में चंद्र की स्थिति मजबूत होगी। फाल्गुन में पूजा-पाठ और दान पुण्य करें। ऐसा करने से धन-धान्य में बरकत होती है और घर में खुशहाली आती है। फाल्गुन माह में सात्विक भोजन का सेवन करें और ध्यान करें। फाल्गुन माह के दौरान घर के मुख्य द्वार, तुलसी, घर की छत और रसोई में दीया जलाएं। इस उपाय को करने से घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता बनी रहती है। फाल्गुन महीने में रुद्राभिषेक कराना अति शुभ माना जाता है। दरअसल, भगवान शिव की भक्ति के लिए सावन के अलावा फाल्गुन माह भी बहुत अच्छा माना जाता है। फाल्गुन माह में भगवान कृष्ण और राधा रानी की भक्ति पूरे मन से करें। साथ ही भजन-कीर्तन करें।

# बुजुर्ग महिला ने चुन कर दिये बेर खाने को तो डीएम हुई भावुक



**मीरजापुर**। कहते हैं व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो जाए, लेकिन उसका व्यवहार ही है जो उसे ऊंचाइयों पर आगे ले जाता है, बल्कि उसे लोकप्रियता दिलाते हुए उसे लोगों के दिलों में जगह दिला पाता है। गुरुवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है जब घंटों से फुटपाथ पर बैठी टकटकी नजरों से हर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को देख मानों जैसे उसे किसी के आने का इंतजार हो। लेकिन सुबह से ही कुछ ही लोगों के आने से वह उम्मीद का दिया जलाएं हुए प्रतिक्षा भरी नजरों से हर आने जाने वाले लोगों को देखती रही है कि शायद कोई उसके पास भी आ जाएं दरअसल, गुरुवार को दोपहर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन विंध्याचल मां विंध्यवासिनी धाम में व्यवस्थाओं की जायजा लेने के लिए पहुंची थी। मंदिर से दर्शन-पूजन करने के बाद जब वह वापस पुरानी वीआईपी मार्ग से अपने वाहन की तरफ जा रही थी, कि इसी दौरान पुरानी वीआईपी गेट के प्रथम द्वार पर दो बुजुर्ग महिलाओं को बेर बेचते हुए देखा वह खुद को नहीं रोक पाई और वाहन से उतरकर उनके पास जाकर पहले उनसे उनका हाल चाल जाना फिर उनसे पूछ बैठी कि 'अभी तक कुल कितने की बेर बेच चुकी हैं।' इस पर बुजुर्ग महिला ने भावुक होकर बोल पड़ी ?बिटिया पेट भरई क खर्चा निकल गवां बा? इस पर जिलाधिकारी भी खुद को नहीं रोक पाई और वह भी भावुक होकर जितने भी पैसा पर्स से निकला वह सभी उस बुजुर्ग महिला को दे दी। साथ ही साथ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एक दो बेर उसी जगह खा कर आगे बढ़ी। यह देख बुजुर्ग महिला का हृदय गदगद हो गया और वह दिल से आशीर्वाद देने लगी थी। हालांकि इस दौरान उसे भी नहीं पता था कि जो उससे बेर खरीद रहा है वह कौन है ? यह देख उपस्थित लोग भी बड़े भावुक नजरों से उस आत्मीय सुख देने वाले दृश्य को बस एक टक देखते ही रहें हैं और उसकी जोर-शोर से चर्चा करते रहे हैं। लोगों को यह भावुक कर देने वाले इस वाकए से यह पता चलता है कि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन सिर्फ प्रशासनिक कार्यों में ही दिलचस्पी नहीं लेती बल्कि वह जिले के सभी के हित के लिए भी सोचती हैं। बिल्कुल सही कहा गया है कि व्यक्ति की बड़ाई और लोकप्रियता उसके व्यवहार और मानवीय गुणों पर निर्भर करती है। कितना भी बड़ा पद या धन हो, लेकिन यदि व्यक्ति के पास अच्छा व्यवहार और मानवीय गुण नहीं हैं, तो वह कभी भी लोकप्रिय नहीं हो सकता है। लोगों द्वारा यह कहते सुना जा रहा है कि जिलाधिकारी ने सिर्फ बुजुर्ग महिला से बेर ही नहीं खरीदा है बल्कि उसका हौसला बढ़ाते हुए एक अपनत्व, मानवीय सरोकारों को भी प्रदर्शित किया है।

संक्षेप

### जनपद देवरिया में 9 अप्रेल तक निषेधाज्ञा जारी

**देवरिया** । आगामी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं और विभिन्न त्यौहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) श्री गौरव श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 09 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा।

इस आदेश के तहत जनपद में ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित डेसिबल सीमा में किया जाएगा, ताकि किसी को असुविधा न हो।

किसी धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने या इस प्रकार के कार्यों के लिए प्रेरित करने की अनुमति नहीं होगी। धर्म विशेष की भावनाओं को आहत करने, साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने, धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर, नारे, या ऑडियो-वीडियो सामग्री का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना वर्जित रहेगा। लाइसेंसी शस्त्र लेकर चलने की अनुमति केवल जिला मजिस्ट्रेट या उप जिला मजिस्ट्रेट से स्वीकृति के बाद दी जाएगी।

# श्रद्धालुओं से भरी ऑटो खड़े ट्रक से टकरायी, चार की मौत, पांच घायल

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर**। श्रद्धालुओं से भरी ऑटो जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली स्थित किसान इंटर कॉलेज के पास खड़ी एक गन्ना लदी ट्रक में जा भिंडी। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार की भोर में करीब साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली लाया गया जहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक शव को पुलिस शिनाख्त कर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी होने पर सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह मौके से पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

बताया जा रहा है बिहार वाल्मिकीनगर मदनपुर मंदिर देवी स्थान का दर्शन कर ऑटो से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली किसान इंटर कालेज के समीप गन्ना लदी ट्रक में पीछे से जा भिंडी। हादसे के बाद सभी यात्री सड़क पर गिर पड़े, चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों की मदद से सीएचसी मोतीचक मथौली ले आए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मंशा चौहान पत्नी छबिलाल उम्र 40 वर्ष, अवधेश चौहान पुत्र दारा चौहान उम्र 45 वर्ष निवासीगण पगार स्कूल टोला हाटा कोतवाली व कांता चौहान पुत्र जगदेव उम्र 65 वर्ष निवासी फर्द मुंडेरा को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि कालेश्वरी देवी पत्नी रामअवतार 45 वर्ष निवासी अथरहा थाना हाटा, गगन पुत्र ज्ञान कुशवाहा उम्र 36 वर्ष निवासी सेमरिया थाना कप्तानगंज, राम भवन पुत्र स्व. रामअवध उम्र 60 वर्ष निवासी परसौनी हाटा, बुल्ला चौहान पत्नी अवधेश उम्र 40 वर्ष निवासी पगरा स्कूल टोला हाटा व दिवाकर चौहान पुत्र शिवराज चौहान उम्र 10 वर्ष पगरा स्कूल टोला सहित एक अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि इलाज के दौरान गगन कुशवाह की मौत हो गई। घायलों में दो की हालत अति नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मृतक व घायलों के परिजनों को सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ लोगों के परिजन अस्पताल पहुंचे तो दहाड़े मारकर रोने लगे। वह। मौजूद लोगों ने परिजनों को काफी समझाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**कुशीनगर**। जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा रामकोला-पडरौना मार्ग पर केडिया पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां एक ही बाइक पर सवार तीन युवक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला ले जाया गया और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान कमलेश यादव की मृत्यु हो गई।

जानकारी के मुताबिक रामकोला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रामकोला-पडरौना मार्ग पर केडिया पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां एक ही बाइक पर सवार तीन युवक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। घायलों की पहचान अविनाश चौहान (सज्जन छपरा निवासी), मुरारी यादव (मोरवन घुरहू छपरा निवासी) और कमलेश यादव (मोरवन घुरहू छपरा निवासी) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला ले जाया गया।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. एस.के. विश्वकर्मा के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, इलाज के दौरान कमलेश यादव की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

### सिर कटे गोवंशियों के मिले अवशेष जनमानस में रोष



**कुशीनगर**। जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के घूरछपरा गाँव के मनिया छापर टोले पर एक गन्ने की खेत से दो गोवंशियों के धड़ से अलग कटा सिर मिलने से क्षेत्रीय जनमानस में काफी रोष व्याप्त है। मौके पर पहुँचे हिन्दूवादी नेताओं ने सम्बन्धित थाने की पुलिस को घटना के बाबत शख्त कार्रवाई किये जाने की बात कही जानकारी के अनुसार उक्त गाँव के मनिया छापर टोला निवासियों मुखुत कुशवाहा व सुरेश गिरी के गन्ने की खेत में गाय के बछड़ों के धड़ से अलग दो कटा सिर गाँव के किसी व्यक्ति ने सुबह के समय देखा। इसके बाद पूरे गाँव व क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह चर्चा आम हो गयी। हिन्दूवादी नेताओं पप्पू पाण्डेय व राजन जायसवाल को घटना की जानकारी होते ही दोनों नेता घटनास्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों के साथ गन्ने के खेत में दो के अलावे अन्य सिर होने की तस्दीक करने लगे। मौके पर पहुँची पुलिस टीम के साथ गन्ने के खेत की छानबीन किया। जहाँ गायों के बछड़ों के दो कटे सिर के अलावे अन्य अवशेष की बरामदगी हुई। कुछ देर बाद जानकारी होते ही मौके पर सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय भी पहुँच गये और घटना की जानकारी मौजूद लोगों व एसओ जटहा से लेते हुए सम्बन्धित घटना में शामिल अभियुक्तों को चिह्नित कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की एसओ जटहा को निर्दशित किया। इस सम्बन्ध में सीओ सदर पड़रौना अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि सम्बन्धित घटना में अभियोग पँजिकृत की जा रही है तथा शामिल अभियुक्तों को चिह्नित कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की शख्त हिदायत पुलिस को दी गयी

### भड़काऊ भाषण व अफवाह फैलाने को लेकर मुकदमा पंजीकृत

**कुशीनगर**। जिले के हाटा नगर में स्थित मदनी मस्जिद पर प्रशासन की कार्रवाई के बाद विपक्षी दलों के नेताओं का पहुंचने का सिलसिला जारी है। बुधवार को मदनी मस्जिद पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मौजूदगी में अफवाह फैलाने की कोशिश की गई। उक्त के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका हाटा द्वारा जांच के बाद बीते रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के संबंध में कुछ लोगों द्वारा भड़काऊ भाषण, सोशल मीडिया पर तथ्यहीन एवं भ्रामक खबरे रखते हुए जनपद कुशीनगर में कानून व्यवस्था खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके संबंध में थाना हाटा पर मुकदमा पंजीकृत कराकर उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अन्य लोगों को भी सूचित करना है कि किसी भी तरीके का भड़काऊ भाषण व भ्रामक पोस्ट के माध्यम से जनपद में कानून व्यवस्था व माहौल खराब न करे।

# पर्यावरण अनुकूल उद्यमों को बढ़ावा देगा बायोरीजनल सीओई

जिला संवाददाता(vol)




**देवरिया**। पूर्वांचल के 10 जिलों में जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जागृति सात उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित कर रहा है। इनमें से एक है जैव-क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र(बायोरिजनल सीओई), जिसे रेनमैटर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। यह केंद्र पूर्वांचल के दस जिले क्रमशः गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, मऊ, संतकबीर नगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, आजमगढ़ में प्राकृतिक संसाधनों और जैव-विविधता संरक्षण, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ सतत जीवनशैली और स्थानीय संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा। यह बातें जैव-क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रिसर्च मैनेजर सुजय और ऑपरेशंस मैनेजर आनंद सिंह ने गुरुवार को राघवनगर स्थित जागृति के नेटवर्क कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं।उन्होंने कहा कि जैव-क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र की ओर से 14 और 15 फरवरी को बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र में नारायणी बायोरिजनल समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस समागम का उद्देश्य विशेषज्ञों, संगठनों और स्थानीय हितधारकों को एक मंच पर लाकर क्षेत्र की प्रमुख पर्यावरणीय समस्याओं पर चर्चा करना और सामूहिक रूप से नवाचारपूर्ण समाधान विकसित करना है।इस कार्यक्रम में हमारे साझेदार संगठन जैसे थिंक टैंक, एनजीओ, सामाजिक उद्यम, फंडिंग एजेंसियां, स्थानीय उद्यमी, पर्यावरणविद, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, नाबार्ड, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला प्रशासन के विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

जिसमें नेशनल एंकर नेशनल कॉलेशन फॉर नेचुरल फॉमिंग प्रमेल गुप्ता, रेन मैटर फाउंडेशन के सीईओ समीर सिसोदिया, साहस जीरो वेस्ट की सीईओ अर्चना त्रिपाठी, इंडिया साइनिटेशन की सीईओ नताशा पटेल व वाइल्ड लाइफ कॉन्जवेशन ट्रस्ट कॉन्जर्वेशन बायोलॉजिस्ट तरूण नायर, विधि पॉलिसी सेंटर के क्लाइमेट एंड इको सिस्टम के लीड देवादित्यो सिन्हा, सेंटर फॉर सस्टनेबल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रामनजेनेलू प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। इस बायोरिजनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संचालन टीम में आईडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन व विख्यात अर्थशास्त्री तथा पर्यावरणविद् राजीव लाल चेयरपर्सन, राजलक्ष्मी देशपांडेय निदेशक, सुजय हमनवार रिसर्च मैनेजर, आनंद सिंह ऑपरेशंस मैनेजर, श्रृजा रिसर्च एसोसिएट, मनोज तिवारी ऑपरेशंस एसोसिएट की भूमिका में हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वांचल की पर्यावरणीय चुनौतियों को समझते हुए समाधान तलाशना है। जिसमें साझेदार संगठनों और स्थानीय हितधारकों की भागीदारी से ठोस रणनीतियां उभरकर सामने आएंगी। इस समागम से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर जागृति सेवा संस्थान और उसके साझेदार संगठनों द्वारा क्षेत्र में विभिन्न पायलट प्रोजेक्ट्स और कार्यक्रमों को लागू किया जाएगा।

### शिक्षकों के 4 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**कुशीनगर**। तमकुही विकासखंड के कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यालयों के शिक्षकों का 4 दिवसीय हेल्थ वैलनेस प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के स्वस्थ जीवन शैली उनके भावनात्मक, मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर समानता, स्वास्थ्य सुरक्षा आदि पर बल दिया गया।

प्रशिक्षक डॉ मधुसूदन मिश्र ने कहा कि ? ? हमें छात्रों के स्वच्छता, गुड टच बैड टच पर विशेष ध्यान देना होगा। एआरपी संतोष प्रसाद ने इंटरनेट मीडिया के सुरक्षित उपयोग, हिंसा व चोट के विरुद्ध सुरक्षा, पोषण स्वास्थ्य व स्वच्छता पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला ।समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) तमकुही सुधीर कुमार, डा मधुसूदन मिश्र, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, एआरपी संतोष प्रसाद ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर पूर्व बीआरसी मिनहाज अहमद सिद्दिकी, काशीनाथ चतुर्वेदी, आलोक पटेल, रामसागर प्रसाद, नवनीत तिवारी, कृपा प्रसाद, नीरज प्रसाद आदि रहे।

### पुलिस ने 3 कार और 5 बुलेट किया जब्त, 5 युवको को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया**। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सोमनाथ वार्ड में दो दिन पहले एक विद्यालय मे फेयरवेल पार्टी के बाद चार पहिया और बुलेट सवार दर्जनों छात्रों द्वारा वाहनों पर स्टंट करते हुए काफिला निकाला गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वॉयरल हुआ था। छात्रों द्वारा वाहनों के निकाले गए काफिले से शहर के कई हिस्सों में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। एसपी के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने सख्ती की और सीसीटीवी से चिन्हित कर 3 चार पहिया वाहन और 5 बुलेट समेत 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। गौतलब है कि देवरिया शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र में सोमनाथ मंदिर के पास कुछ युवकों का दो पहिया और चार पहिया वाहनों से स्टंटबाजी और हूटिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया से वॉयरल हुआ था। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने वाहनों और युवकों को चिन्हित करते हुए 3 चार पहिया वाहनों स्कार्पियों वाहन संख्या वढ 52 इ 2507, कार वाहन संख्या वढ 52 उइ 1928, स्वीफ्ट डिजायर कार वाहन संख्या वढ 52 इ 9971 तथा 5 बुलेट वाहनों को बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में 5 अभियुक्तों प्रदीप कुमार गौतम पुत्र रामवचन प्रसाद निवासी सिधुआ थाना रामपुर कारखाना, रिशु मिश्रा पुत्र धर्मेन्द्र मिश्रा निवासी सीसी रोड थाना कोतवाली, गोविन्द यादव पुत्र राम अवतार यादव निवासी कुसुम्हां बेलवा थाना रामपुर राव पुत्र जयकिशुन राव निवासी कैथवलिया थाना तरकुलवा और टिपू पुत्र रियासत अली निवासी विशुनपुर थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार किया है।

# घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, भड़का गुस्सा




**देवरिया**। देवरिया के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के गांव में बीते 6 फरवरी को देर शाम तेज बाइक चलाने की शिकायत करने को लेकर खुशियों को द्वारा दो व्यक्तियों को बुरी तरह से मारा पीटा गया जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज लखनऊ के अस्पताल में चल रहा था जहां बीते देर शाम को दूसरे व्यक्ति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई आज सुबह जब लखनऊ से शव घर पहुंचा तो परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। जहां पर अभियुक्तों के एनकाउंटर करने की मांग करने लगे इसके साथ ही परिजन परिवार की सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक सहायता की मांगों को लेकर अड़े रहे इसके बाद बरहज विधायक द्वारा पहल किए जाने पर परिजनों ने जिला प्रशासन को अपनी मांगों से संबंधित 6 सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। विदित हो की बीते 6 फरवरी की देर शाम खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम बरवा निवासी दिनेश गुप्ता के घर पर मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। जहा कुछ युवकों द्वारा तेज रफ़्तार से बाईक दौड़ा रहे थे। जिसकी शिकायत करने दिनेश गुप्ता उन युवकों के घर पहुचे। जो यह बात उन बाइक चलाने वाले युवकों को नागवार लगी। और वे युवक दिनेश गुप्ता को पीटने लगे। तभी किसी ने इसकी जानकारी दिनेश के परिजनों को दिये जहा बीच बचाव करने पहुचे तारकेश्वर गुप्ता को भी बुरी तरह से पीटने लगे। जहां दिनेश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। तथा तारकेश्वर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। जहा बीते दिन उनकी भी ईलाज के दौरान मौत हो गई। जब इस बात की खबर पुलिस को लगी तो पूरे गांव में सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल के साथ सलेमपुर, खुखुंदू, बरियारपुर व श्रीरामपुर व लार थाने की पुलिस तैनात कर दी गई।आज सुबह करीब दस बजे तारकेश्वर गुप्ता का शव गांव पहुँचा। जिसके परिजनो के गम के साथ साथ गुस्सा भी भड़क उठा। और हत्यारो के इनकाउंटर की मांग करने लगे। वही परिजन शव को दरवाजे पर रखकर मांग करने लगे कि उनके सुरक्षा के लिये शस्त्र लाइसेंस मिले, परिवार की अर्थित सहायता के लिए एक करोड़ रुपये, एक बच्चे की सरकारी नौकरी के साथ साथ एक पेट्रोल पंप देने की मांग पर अड़ गए। जिसके बाद उनकी पूरी कराने का अस्वासन बरहज विधायक दीपक मिश्रा उर्फ साका ने परिजनों दिया। जहा पर परिजनों ने अपनी 6 सूत्रीय मांग पत्र सदर एसडीएम विपिन द्विवेदी को सौंपा। जिसके बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार करने में जुट गए। इस दौरान एएसपी सुनील कुमार सिंह, सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला, कोतवाल सलेमपुर तेज जगन्नाथ सिंह, खुखन्दू एसओ दिग्विजय सिंह, एसओ लार मुकेश वाजपेयी, एसओ श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर, एसओ बरियारपुर कंचन राय सहित जायसवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

हला कि इस मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों में से एक अभियुक्त बीते देर शाम को पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। जिसका ईलाज देवरिया मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### प्लेसमेंट 15 को

**देवरिया** । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरी बाजार के प्रधानाचार्य नीलेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि अरलडड छए छअठऊ फ्रअफ्रअढवफद्वारा प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 फरवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आरंभ होगा। उम्मीदवारों के लिए आवश्यक योग्यता यह है कि वे 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण अथवा आईटीआई पास हों और किसी भी व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र, आईटीआई प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) एवं पासपोर्ट साइज के 05 फोटोग्राफ शामिल हैं। सभी योग्य अभ्यर्थी समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# वाटर शेड अभियान: जल संरक्षण के लिए आम जन को किया गया जागरूक



**कुशीनगर**। जिले के नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम सभा सिंगहा में वाटर शेड यात्रा अभियान का शुभारंभ डीसी मनरेगा एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सहित ग्राम प्रधान दवारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। वाटर शेड यात्रा अंतर्गत सैकड़ों की संख्या में आमजन सहित प्राथमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग कर जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान पूरे ग्राम सभा में प्रभात फेरी का आयोजन कर जुलूस के रूप में स्लोगन के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया।

तत्पश्चात ग्रामीणों एवं कर्मचारियों द्वारा मोटरसाइकिल से पानी की रैली की यात्रा निकाली गई। इसी क्रम में ग्राम सभा टेढ़ी में पक्का चेक डैम एवं पेरिफेरल बन्ड बनवाने हेतु ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा राकेश, भूमि संरक्षण अधिकारी सुदीप वर्मा, ग्राम प्रधान अमित कुमार शाही सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**जल संरक्षित करें: महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा:-**

विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम सभा पकड़ियार में गांव की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, तथा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर कृषक बंधुओं को कैसे जल बचाएं/संरक्षित करें तथा जल का सदुपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। उक्त स्थल पर बड़े आकार के नव निर्मित जल संरक्षण केंद्र/तालाब का लोकार्पण ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों द्वारा किया गया एवं तालाब के चारों तरफ वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया गया।कृषि विभाग के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि जनपद में 03 वर्ष पूर्व सेटेलाइट के माध्यम से 55 ग्रामों में अधिक जल जमाव देखा गया जो विशुनपुरा और नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के है, इसी लिए ये कार्यक्रम इन्हीं ग्रामों में किया गया ताकि आम जन को जागरूक किया जा सके। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, अन्य कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डीसी मनरेगा राकेश द्वारा जल संचयन की आवश्यकता, भविष्य में इसकी उपयोगिता/महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी कृषक बंधुओं एवं माताओं बहनों को प्रेरित करते हुए भविष्य के लिए आगाह भी किया गया। आयोजित गोष्ठी में वैज्ञानिकों द्वारा साउथ अफ्रीका कैप्टाउन की स्थिति को बताई गई, इसी क्रम में भारत के कई प्रदेशों में जल स्तर नीचे जाने से हैंड पाइप में पानी आना बंद हो गया। पानी संरक्षित करें, वर्षा जल का संचयन करें, खेत की मेड बंदी कर जल संरक्षित करें तथा वृक्ष भी लगाएं। तालाब निर्माण का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि जल का संचयन हो। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा इस अवसर पर जल संचयन संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, डीसी मनरेगा राकेश, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मेनका, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सुदीप वर्मा, भूमि संरक्षण निरीक्षक प्रभुनाथ शरण मिश्र सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### महिला जनसुनवाई में 19 मामलों का त्वरित निस्तारण



**देवरिया** । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में 19 पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष ने सभी मामलों को समझते संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय की स्थिति में तुरंत राज्य महिला आयोग से संपर्क करने की सलाह दी गई। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए और इसे लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस बात पर विशेष जोर दिया कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ सिटी), समाज कल्याण अधिकारी, तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी देवरिया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती और मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### कृषि विज्ञान केंद्र मल्हना में होगा आज जनपद स्तरीय किसान मेला

**देवरिया** । मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने जानकारी दी है कि नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड) योजनांतर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेले का आयोजन अब 14 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र, मल्हना, भाटपाररानी में किया जाएगा पूर्व में यह मेला 7 फरवरी 2025 को ग्राम मल्हना, विकासखंड सलेमपुर में आयोजित किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था इस मेले में किसानों को कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 14 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से आयोजित इस किसान मेले में अपने-अपने विभागों के स्टॉल अनिवार्य रूप से स्थापित करें, ताकि किसानों को योजनाओं और सुविधाओं की अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

### पतहर पत्रिका के नये अंक हुआ लोकार्पण

**देवरिया**। आज साहित्यिक पत्रिका पतहर के नवीनतम अंक का लोकार्पण नागरी प्रचारिणी सभा में किया गया।

सभा के उपाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि सरोज पांडेय एवं मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा जनपद से प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका के नवीनतम अंक का लोकार्पण किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने साहित्यिक पत्रिका के नियमित प्रकाशन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पत्रिका पूरे देश में साहित्य के पाठकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों के मध्य जनपद की साहित्यिक पहचान को स्थापित कर रही है।हिंदी की लघु पत्रिकाओं में पतहर का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में यह पत्रिका नया मुकाम हासिल करेगी ऐसी उम्मीद साहित्य जगत को है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ साहित्यकार उद्धव मिश्र, रमाकांत कुशवाहा, रमेश चन्द्र त्रिपाठी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन व आभार ज्ञापन पतहर पत्रिका के प्रबंध संपादक चक्रपाणि ओझा ने किया।

संक्षेप

## हत्या मामले में किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** 24 साल पुराने एक हत्या मामले में पुलिस ने मौनी बाबा को गिरफ्तार कर लिया है। मौनी बाबा, जिसका असली नाम संजय लोध है, अपना नाम बदलकर संजय गिरी महाराज के नाम से मंदिर में पूजा-पाठ कर रहा था। बताते चले कि मामला वर्ष 2001 का है, जब रामपुरकलां थाना क्षेत्र के पारस पुरवा गांव की रहने वाली रानी देवी ने अपने पति की हत्या का आरोप मौनी बाबा पर लगाया था। पुलिस ने मुकदमा संख्या 154/2001 के तहत मामला दर्ज किया था। हालांकि, निचली अदालत ने बाबा को इस मामले में बरी कर दिया था। कई बार भेजा गया समन पीड़िता ने न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

जांच में पता चला कि आरोपी ने पुलिस और कानून से बचने के लिए अपनी पहचान बदल ली थी और एक मंदिर में रहकर पूजा-पाठ कर रहा था। 24 साल बाद भी कानून का हाथ अंततः उस तक पहुंच ही गया। हाईकोर्ट ने आरोपी को कई बार सम्मन भेजा, लेकिन वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ।

# अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित अनुश्रवण करें अधिकारीः जिलाधिकारी



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। खराब रैंकिंग वाले विभागों की रैंकिंग में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कराये जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह सम्बंधित समस्त भुगतान समय से कराए जाय। निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने एवं लंबित बिलों का समय से भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राशन की रिक्त दुकानों का आवंटन समय से कराया जाय।

विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। पशुओं का टीकाकरण एवं इयर टैगिंग निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश भी दिए। निमार्णाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पूर्ण कार्यों का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र हैण्डओवर कराए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाए जाने की प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये। पीएम सूर्यघर योजना में अधिक से अधिक पात्रों के आवेदन कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन परिषदीय विद्यालयों के विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा है, उनमें तत्काल विद्युत कनेक्शन कराया जाये। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत गांवों में स्थापित सीसीटीवी संचालित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

लक्ष्य के अनुरूप हाईटेक लाइब्रेरी की स्थापना कराये जाने के निर्देश भी दिये। जिला युवा कल्याण अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार चैधरी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी की दो बाइक बरामद, दो को पुलिस ने दबोचा



**सीतापुर।** कोतवाली महोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के बाद गांव ओवर ब्रिज अंडरपास पर छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिरिया निवासी अंकुल मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा और भिरिया फार्म निवासी प्रदीप कुमार पुत्र नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं पुलिस ने तलाशी में दोनों के पास से दो अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी है। पुलिस का कहना है कि इनके खिलाफ हत्या आदि धाराओं में पहले भी केस दर्ज हैं। अवैध तमंचा बारामदगी के संबंध में पुलिस ने दोनों के खिलाफ महोली कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## जवान को बक्सर घाट पर अंतिम विदाई दी गयी



**पाटन, उन्नाव।** दूसरे को जीवन प्रदान करने वाला फौजी आर्मी के मेडिकल कोर में सेवा दे रहा जवान खुद के जीवन रक्षा नहीं कर सका और अकाल काल के गाल में समा गया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम गढ़ी मजरे जमीपुर निवासी प्रदीप कुमार सिंह उर्फ नीरज सिंह आयु लगभग 42 वर्ष 2006 में सेना में भारती हुआ था और अपनी सेवाएं दे रहा था वर्तमान समय में वह सेना के मेडिकल कोर में जे सीओ सूबेदार के पद पर कार्यरत था और दिल्ली में अपनी सेवा दे रहा था मृतक जवान के पीठ पर कुछ दिन पूर्व फोड़ा निकल आया था और वह बीमार चल रहा था किंतु बीमारी की हालत पर भी अपनी सेवा में अनवरत तत्पर था जांबाज जवान अपने अंतिम समय तक हार नहीं मानी किंतु समय के चक्र के आगे उसकी एक न चाली और वह 11 फरवरी बुधवार को कॉल के गाल में समा गया तथा मौत जीत गई और वह हार गया। पति की मृत्यु ने पत्नी और बच्चों को निढाल कर दिया पत्नी अर्चना पुत्र कान्हा उर्फ आविध्न 15 वर्ष तथा स्तुतिती 9वर्ष के सर से पिता का साया हमेशा हमेशा के लिए उठ गया। मृतक जवान के पिता रामशरण सिंह व माता अनीता पुत्र के शोक में बिह्वल है मृतक तीन भाई था छोटा भाई धीरज सिंह कोलकता में रहकर प्राइवेट जॉब करता है जबकि कुलदीप सिंह मऊ जिले में एक दवा कंपनी में एम आर है। मृतक जवान प्रदीप कुमार सिंह का लालन पालन गांव में रह रहे चाचा अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया था भतीजे की असामयिक मृत्यु पर उन्हें गहरी संवेदना है, मृतक जवान का शव बुधवार को देर रात गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया उसके अंतिम दर्शन पाने लिए हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर जवान को अश्रु पूरित अंतिम विदाई दी, गुरुवार को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गंगा के बक्सर घाट पर अंतिम विदाई के साथ दाह संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर सूरज सिंह चैहान, शिव वीर सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह गौरव सिंह संदीप मिश्रा आज बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खुद वकील रहा हूं और अधिवक्ताओं के संघर्ष को बखूबी जानता हूंः जिला जज



**महमूदाबाद/सीतापुर।** अधिवक्ताओं का मान सम्मान सर्वोपरि है। अधिवक्ताओं के मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आएगी। मै खुद अधिवक्ता रहा हूं और अधिवक्ताओं के संघर्ष को बहुत अच्छे से जानता हूं। अधिवक्ता सभी वादकारियों को निष्पक्ष न्याय दिलाने के लिए हर संभव काम करें। यह बात जिला जज कुलदीप सक्सेना ने तहसील सभागार में महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महमूदाबाद एक बड़ा क्षेत्र है। यहां एक न्यायालय होना पर्याप्त नहीं है। मेरी कोशिश रहेगी यहां जो भी न्यायालय की मांग है उसको हर संभव पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि बार एवं बेंच के बीच सामंजस्य होना बहुत आवश्यक है। दोनों को एक दूसरे की सीमाओं और जरूरतों का सम्मान करना होगा। बार एवं बेंच में सामंजस्य होगा तो न्याय बहुत ही सुलभ होगा और यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। अपर जिला जज भगीरथ वर्मा ने कहा कि बार और बेंच नदी के दो घाट हैं जिसमें से अगर एक ने भी अपनी मयार्दाएं तोड़ी तो भारी नुकसान होता है। कार्यक्रम को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, अपर जिला जज ज्ञान प्रकाश, सिविल जज जूनियर डिवीजन रंजीत जायसवाल, बार एसोसिएशन सीतापुर अध्यक्ष विजय अवस्थी, एसडीएम बालकृष्ण सिंह ने भी संबोधित किया। जिला जज कुलदीप सक्सेना ने अध्यक्ष राजकिशोर वर्मा व महामंत्री पुरुषोत्तम शुक्ल समेत पूरी नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की छात्राओं इंशिता गुप्ता, तनु सिंह व प्रतिक्षा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथि का स्वागत स्वागत लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर, महामंत्री पुरुषोत्तम शुक्ल ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर किया। इस दौरान सीओ वेदप्रकाश, सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, ब्लाक प्रमुख पहला रावेंद्र यादव, भूपेंद्र दीक्षित, अतुल वर्मा, अतुल चित्रांश, अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

### मंदिर में चल रहे विकास कार्यों की जिला जज ने सराहना की

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे जिला जज कुलदीप सक्सेना, अपर जिला जज ज्ञान प्रकाश, भागीरथ वर्मा, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, एसडीएम बीके सिंह, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित आदि ने मां संकटा देवी धाम पहुंचकर गर्भग्रह में मां के दर्शन कर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने सभी दर्शनार्थियों को मां की चूनर भेंट की व पुरोहित अभिषेक शास्त्री द्वारा पूजन-अर्चन कराया गया। इस दौरान जिला जज ने मंदिर में चल रहे विकास कार्यों की सराहना की।

## सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में एडवेंचर कैंप का आयोजन



**सीतापुर।** सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में गुरूवार को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की रोमांचक गतिविधियाँ फ्लाइंग फॉक्स, डबल रोप ब्रिज, ट्रैम्पलिन, डांसिंग बैम्बू, रोप क्लाइंबिंग, हॉप-स्कॉच, कमांडो नेट, जॉर्बिंग रोलर, टेंट पिचिंग, वॉल क्लाइंबिंग, आइस ब्रेकर्स, लेजर बीम, कमांडो क्रॉल, मोगली वॉक, हुला हूप, टग ऑफ वार, रोप लैडर, सॉफ्ट आर्चरी, बैलून कलेक्शन, मैजिक शो, एस्ट्रो एडवेंचर डिजिटल तारामंडल शामिल की गई थीं। इन गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थी अत्यधिक उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा एडवेंचर कैंप के आयोजन का उद्देश्य प्रतियोगिता से भरे वर्तमान युग में विद्यार्थियों में शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ उन्हें साहसी बनाना है।

## दिव्यांगजन परेशानी होने पर अधिकारी से संपर्क करें

**उन्नाव।** मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया है कि विभिन्न श्रोतों से प्रायः इस आशय की शिकायतें मिलती है कि दिव्यांगजनों के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ उन्हे जानकारी के अभाव के कारण नही मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि दिव्यांग व्यक्ति का प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं सोमवार को उमाशंकर दीक्षित जिला चिकित्सालय (पुरूष) में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाया जाता है। कोई भी दिव्यांग व्यक्ति जिसे पेंशन प्राप्त नही हो रही है, जिसे किसी भी तरह के कृत्रिम अंग की आवश्यकता हो, पढ़ने वाली छात्रा एवं छात्र हो, ट्राइसाइकिल की आवश्यकता है अथवा किसी भी तरह का सरकारी लाभ प्राप्त करना हो, वह प्रत्येक कार्य दिवस में अपने विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) या खण्ड विकास अधिकारी से और जनपद स्तर पर जिला दिव्यांगजन शसक्तीकरण अधिकारी जिनका मोबाइल नम्बर 9076600577 से सम्पर्क करके अपनी समस्या एवं शिकायत का समुचित समाधान करा सकते है।

# पुत्र ने मां को फावड़े से काट डाला



**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूर्णागिरि निवासी उषा देवी उम्र 55 गुरुवार को घर पर बैठी थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उसका छोटा पुत्र कपिल अवस्थी शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। कपिल मां से शराब के लिए और पैसे मांगने लगा। मां ने पैसा देने से इनकार किया तब कपिल ने घर में रखे फावड़े को उठाकर मां पर ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए। चीख पुकार मचने पर मोहल्ले के नागरिक शोर मचाते हुए घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। भीड़ को अपनी तरफ आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। तब तक उषा देवी गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि उषा देवी का बड़ा पुत्र विपिन भी मोहल्ले में ही रहता था। लोग महिला को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में उषा देवी के बड़े पुत्र विपिन ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई कपिल ने ही उषा देवी की हत्या की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना के संबंध में एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम सबूत जुटा रही है।

● शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई वारदात

अभी तक जानकारी में यह आया है कि उषा देवी के पुत्र कपिल ने ही उसकी हत्या की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया- महिला की हत्या करने की सूचना पुलिस को मिली थी हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है इससे पूछताछ हो रहीं है। इसकी सूचना पर पुलिस फोर्स और एफएसल की टीम ने मौके पर मौजूद साक्ष्य और वारदात में प्रयुक्त फावड़े को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के बड़े बेटे ने छोटे बेटे पर हत्या करने का आरोप लगाया है। शिकायत और घर वालों के बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**नशे की लत के कारण अलग रहता है**

आरोपी कपिल की भाभी सुधा ने बताया- मेरा देवर शराब पीने का आदी है।

इसके चलते हम दोनों के परिवार अलग-अलग रहते हैं। मैं अपने पति और सास के साथ एक घर में रहती हूं। हमारे घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित मकान में देवर कपिल अकेले रहता था।

**छोटे बेटे से चोरी से मिलने गई थी मां**

सुधा ने बताया- कपिल काफी झगड़ालू था, इसलिए मां उसके पास नहीं रुकती थी। हम लोग भी मां को वहां जाने नहीं देते थे। गुरुवार दोपहर को मां चोरी से कपिल के पास चली गईं। हम लोगों ने काफी तलाश किया। तभी सूचना मिली कि तुम्हारी सास को देवर ने मार दिया है। जब मैं कपिल के घर पहुंची तो मां के दोनों हाथ बंधे हुए थे और गर्दन पर फावड़ा लगा था।

## पीडीए पंचायत के माध्यम से सपा कर रही जनसंपर्क



**पाटन उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा प्रति दिन निरंतर गांव-गांव में अभियान की तरह पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन संवाद का क्रम जारी है। पीडीए पंचायत का आयोजन सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गांव दुबेपुर, पंसरिया में किया गया। विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा पीडीए पंचायतों के माध्यम से जनसंपर्क की मुहिम में जो मेहनत की जा रही है उस से क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रति उत्साहपूर्वक माहौल बनता दिखाई दे रहा है। गांव गांव में पीडीए पंचायतों की मुहिम में अंकित परिहार के जोरदार भाषणों के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज के ईएनटी रोग विभाग ने ट्यूमर की सफल सर्जरी



**उन्नाव।** सरस्वती मेडिकल कॉलेज के नाक, कान, गला (ईएनटी) रोग विभाग ने आज एक जटिल मामले में सफल सर्जरी करके एक और उपलब्धि हासिल की है। विभाग के विशेषज्ञों ने वार्थिन ग्रंथि के ट्यूमर को बिना किसी जटिलता या दुष्परिणाम के सफलतापूर्वक निकाल दिया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज का नाम लक्ष्मण है, जोकि 55 वर्षीय और लखनऊ का निवासी है। मरीज करीब 02 वर्षों से लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए चक्कर काट रहा था, लेकिन उसका उपचार नहीं हो सका। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में नाक, कान, गला विभाग के विशेषज्ञों ने मरीज का निरीक्षण किया और अल्ट्रासाउंड कराया। जांच में पाया गया कि कान के नीचे थूक-लार बनाने वाली ग्रंथि (सैलाइवरी ग्लैंड) में एक बड़ा ट्यूमर विकसित हो चुका है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में वार्थिन्स ट्यूमर कहा जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सकीय दल ने सर्जरी से पहले पूर्व मूल्यांकन किया और ऑपरेशन थियेटर में मरीज की सर्जरी को बिना किसी जटिलता या दुष्परिणाम के सफलतापूर्वक पूरा किया। चिकित्सकों ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज लक्ष्मण को किसी प्रकार की शारीरिक विषमता या चेहरे पर कमजोरी महसूस नहीं हो रही है। मरीज पूर्णतः स्वस्थ है और उसकी हालत स्थिर है। मरीज से निकाले गए ट्यूमर को बायोप्सी के लिए भेजा गया है। सर्जरी के दौरान चिकित्सकीय दल में नाक, कान, गला रोग विभाग से डॉ. वाई.पी. सिंह, डॉ. प्रगति, डॉ. एम. हक, डॉ. स्वीन बांगर एवं एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. एस.एस. नेगी तथा उनकी टीम मौजूद रही। इस सफल सर्जरी के साथ ही सरस्वती मेडिकल कॉलेज ने एक बार फिर अपनी चिकित्सकीय उत्कृष्टता साबित की है।

# विश्व रेडियो दिवस, आज भी बुजुर्गों की है पहली पसंद रेडियो, समय की रफ्तार में रेडियो पीछे छूट गया

**सीतापुर।** फरवरी को पूरे विश्व मे रेडियो दिवस के रूप में मनाया गया है. इस दिन को 2012 में यूनाइटेड नेशन ने रेडियो दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया, जिसके बाद 13 फरवरी को हर साल विश्व रेडियो दिवस मनाने की शुरूआत हो गई. एक समय था जब रेडियो हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा हुआ करता था. लोगों को सूचना समाचार और गीतों के माध्यम से मनोरंजन का एक उपयोगी और सस्ता संचार साधन था, लेकिन समय की रफ्तार में रेडियो पीछे छूट गया।

### सुनने के लिए लेना पड़ता था रेडियो का लाइसेंस

आज रेडियो का परिवर्तित रूप एफएम स्टेशनों की बदौलत चल रहा है, जो लोगों की मोबाइलों के माध्यम से सुना जा रहा है. भारत में वैसे तो रेडियो प्रसारण की शुरूआत 1927 में हुई, लेकिन आज भी विविध भारती, एफ एम अपने लाखों श्रोताओं को रेडियो से जोड़े हुई है. वहीं प्रधानमंत्री की मन की बात भी रेडियो को जीवित करने में प्रमुख भूमिका अदा की है जिले में आज बहुत से बुजुर्ग हैं जो 50 साल से ज्यादा समय से रेडियो सुनते आ रहे हैं. कुछ बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें साठ के दशक में रेडियो को सुनने के लिए लाइसेंस भी लेना पड़ा था. वह आज भी रेडियो को अपना साथी मानते हैं.



### बुजुर्गों की आज भी पहली पसंद है रेडियो

एक मात्र मनोरंजन का सस्ता साधन था रेडियोमोबाइल और टेलीविजन के जमाने में रेडियो का इस्तेमाल अब पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन इसका महत्व आज भी कम नहीं हुआ है. रेडियो मध्यमवर्ग और गरीब मजदूरी करने वाले लोगों का मनोरंजन का सस्ता साधन हुआ करता था. आज गांव के कुछ बुजुर्ग व्यक्ति ही रेडियो के शौकीन हैं. वह आज भी रेडियो पर गाने समाचार यहां तक कि प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनते हैं. कमलापर क्षेत्र में आज भी ऐसे बुजुर्ग हैं जो 50 साल से ज्यादा समय से रेडियो सुनते आ रहे है।सिधौली कस्बे के भवगती प्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि उन्होंने पहला रेडियो 1963 में लिया था. तब उन्हें रेडियो सुनने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना पड़ता था. उस दौर से आज तक वह रेडियो को अपना हमसफर मानते हैं. वह आज भी रेडियो पर समाचार और गीतों के माध्यम से मनोरंजन करते हैं.

### भवगती प्रसाद अग्निहोत्री शिक्षक, व साहित्यकार

हम रेडियो को हमेशा अपने साथ रखते हैं. चाहे हम खेत में हो या पलंग के बिस्तर पर. रेडियो हमेशा हमारे साथ रहती है. खेती के दौरान गानों के माध्यम से हमारा मनोरंजन होता है. हम हमेशा प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनते हैं.

### नरेश दीक्षित छरासी, कमलापुर, बुजुर्ग रेडियो श्रोता

हम बचपन से रेडियो के शौकीन हैं. हमको रेडियो सुनते 50 साल से ज्यादा हो गए हैं. शुरू में हमने जब रेडियो लिया था, तो उसके लिए हमें लाइसेंस भी लेना पड़ा था. पास रेडियो तो नहीं है।

### पूर्व प्रवक्ता गांधी विद्यालय सिधौली

हम जब कक्षा 7 से रेडियो सुनते आ रहे हैं. मेरा आज भी रेडियो से प्रेम आज जारी है. रेडियो की प्रासंगिकता आज भी कम नहीं है. इसका स्वरूप जरूर बदला है. हम तो रेडियो पर प्रसारित होने वाले समाचार को सुनकर ही सोने के लिए जाते थे. आज लोगों को रेडियो पर प्रसारित समाचार पर पूरा भरोसा रहता है।

### डाक-तार विभाग जारी करता था लाइसेंस

चार दशक पहले तक रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस लेना पड़ता था। भारतीय डाक-तार विभाग इन्हें लाइसेंस धारक के नाम जारी करता था। डॉमेस्टिक क्षेणी के लिए १५ रुपए और कॉमर्शिल लाइसेंस के लिए ५० रुपए सालाना का शुल्क देना पड़ता था।

अगर लाइसेंस धारक के पास एक से ज्यादा रेडियो सेट्स होते थे तो फीस में कुछ रिबेट भी दी जाती थी। अच्छी फ्रीक्वेंसी के लिए जालीदार ऐंटीना उपयोग किया जाता था। जिस कमरे में रेडियो रखा जाता था उसकी छत पर इसे लगाते थे। तांबे के बने इन चैड़े एंटीनों से मिलने वाली फ्रीक्वेंसी से रेडियो चलते थे।

# वैलेंटाइन डे का स्वागत करने को युवा बेताब



**सीतापुर।** रिमझिम कोहरे की वारिस की फुहार के बीच प्यार की भीनी भीनी खुशबू के एहसास के नाम को फरवरी माह कहा जाता है इस माह के आते ही मौसम के साथ साथ रिस्तो मे भी गरमाहट आ जाती है ! हो भी क्यों न आखिर इस माह मे वैलेंटाइन डे जो होता है ! खुशियाँ उंमग उत्साह और जोश के साथ इस बार जवानी की दहलीज पर कदम रखने वाले युवा भी वैलेंटाइन डे का स्वागत करने को बेताब है ऐसे ही कुछ युवाओं से हिन्दुस्तान ने बातचीत की गिफ्ट शाप पर खडे अनिल मिश्रा कहते है मै अपनी मित्र के लिये देने के लिये गिफ्ट डिसाइड नही कर पा रहा हूँ बताते है मित्र से मिलने के लिये बहुत सी प्लानिंग की ! किस पर अमल कर पाउगा यह मुझे भी नही मालूम, बस मुझे उसे खुश करना है। कोचिंग जा रही पुजा कहती है कि अपने मित्र से मिल नही सकती, लेकिन उसे मैसेज भेज कर उसे अपने लिये उसकी कमी की फीलिंग का अहसास जरूर दिलाऊंगी मन्दिर मे पुजा कर रहे उमेश अवस्थी कहते है कि वह एक लडकी से बहुत प्यार करते है जिसे मै कई सालों से जानता हूँ ! मगर मै उस से अपने दिल की बात न कह सका, लेकिन इस बार हिम्मत करके उससे प्रपोज करूँगा ! इस लिए सभी भगवान से आशीर्वाद लेने मे लगा हू। कोठी रेस्टोरेंट मे खडे अनुज बाजपेयी बताते है कि हमारी दोस्ती के तीन साल हुये है मै उसे उन जगहों पर ले जाऊगा जहाँ हम मिला करते थे और उसकी पसंद के फुलो का बुके देकर उसे हमेशा खुश रखने का वादा करूगाँ।

## आपरेशन भोंपू के तहत ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**महमूदबाद/सीतापुर।** आपरेशन भोंपू के तहत रामपुरकलां के दो गांवों में जेल से छूटे चार शातिर जिलाबदर व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए लाउडस्पीकर से ग्रामीणों को सूचना देते हुए जानकारी देने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन भोंपू के तहत रामपुरकलां थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र द्वारा ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर बंधवाकर खलसापुर के हिस्ट्रीशीटर अपराधी टीका व इंदल गोसाईं पुत्रगण रामकिशुन दुघरा के नसीम पुत्र रसीद, सगीर पुत्र खालिद के अपराधिक इतिहास के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। यह ही इन्हें सक्रिय शातिर किस्म के अपराधी बताते हुए इनकी मौजूदगी की पुख्ता जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी को सूचना देने की अपील की गई।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में हिंसा, आगजनी, हत्या, बलात्कार का सिलसिला बीते 21 महीने से जारी है। 21 महीने से अधिक समय से चल रही हिंसा में 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हिंसा की 500 से अधिक घटनाएं हुईं। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के अदालती आदेश के बाद जिस तरह मणिपुर में हिंसा का तांडव हुआ, उसमें सरकार और उसकी कार्य प्रणाली पर भी बहुत से सवाल उठे। विपक्ष लगातार मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह के इस्तीफे की मांग कर रहा था। ऐसे में पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का इस्तीफा लेने और उसके चार दिन बाद ही राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला दरअसल देर से उठाया गया उचित कदम है। दरअसल मणिपुर में राष्ट्रपति शासन और पहले लगा दिया जाना चाहिए ताकि उपद्रवी तत्वों पर कठोर कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता। वैसे भी जिस तरह कुकी समुदाय में एन बीरेन सिंह को लेकर अविश्वास था उसे देखते हुए उनको हटाना अपरिहार्य हो गया था। मणिपुर में हिंसा अभी भी जारी है। बीते 8 फरवरी 2025 की रात मणिपुर के थौबल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन ( आईआरबी ) की आउटपोस्ट से 6 एसएलआर, 3 एके सीरीज राइफल्स और बड़ी मात्रा में गोलियां लूटीं गयीं। इस लूट की वारदात में तीन सुरक्षाकर्मी घायल



हुए। इस तरह की लूट मणिपुर में आम बात हो गयी है। मणिपुर में जब से हिंसा शुरू हुई है, तब से 5,000 से अधिक हथियारों की लूट का अनुमान है। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि पड़ोसी म्यांमार की स्थिति ने भी बिरेन सिंह के इस्तीफे में कोई भूमिका अदा की होगी। म्यांमार में भीषण आंतरिक संघर्ष चल रहा है और मणिपुर के साथ म्यांमार की लंबी सीमा है। म्यांमार में विद्रोही अरकान आर्मी ने हाल के महीनों में लगभग पूरे रखाइन प्रांत पर कब्जा कर लिया है। इससे नई दिल्ली को शायद एहसास हुआ होगा कि अब म्यांमार जूंट्रा पर सीमा को सुरक्षित रखने का भरोसा नहीं किया जा सकता और न ही मणिपुर व मिजोरम में मिलिटेंट्स व हथियारों को आने से जूंट्रा रोक पायेगी। शायद बिरेन सिंह को इसलिए भी हटाया गया। वैसे उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी आया था और आशंका यह थी कि अगर उनको हटाया नहीं गया तो भाजपा के ही विधायक बीरेन सिंह के खिलाफ वोट करके उनको सत्ता से बाहर कर देंगे। भाजपा नेतृत्व ने शायद इस तरह की घटनाओं को टालने के लिए ही बीरेन सिंह को हटाया और राज्य में कानून का राज बहाल करने के लिए राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। गौरतलब है कि मणिपुर में 3 मई 2023 को हिंसा इस धारणा के चलते भड़की थी कि गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जा रहा है, जिसके विरोध में आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ( एटीएसयूएम ) ने आदिवासी एकता मार्च का आयोजन किया था। खैर, बिरेन सिंह का इस्तीफा बहुत पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने अपने उत्तराधिकारियों के लिए शांति स्थापित करना अतिरिक्त कठिन कर दिया है। दरअसल, हाल के वर्षों में यह एकमात्र राजनीतिक त्यागपत्र था, जिसकी बहुत शिद्दत से प्रतीक्षा थी। मणिपुर में जब हिंसा शुरू हुई तो कानून व्यवस्था को पुनः स्थापित करने की मुख्य जिम्मेदारी बिरेन सिंह पर ही थी, लेकिन वह न केवल राज्य में शांति स्थापित करने में नाकाम रहे बल्कि उनके सार्वजनिक आचरण ने स्थिति को बद से बदतर कर दिया। इससे ध्रुवीकरण में वृद्धि होती गई और जीवन व सम्पत्ति का नुकसान होता गया, जिससे बचा जा सकता था। बिरेन सिंह का इस्तीफा अब निश्चित रूप से मणिपुर संकट के समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। लेकिन जो देरी हुई है उससे रास्ता कठिन अवश्य हो गया है। इस समय राज्य के कुकी व मैतेई समुदायों के बीच पूर्ण अलगाव है। ऐसे में दोनों समुदाय के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ ही सबको सुरक्षा एवं अधिकारों की गारंटी देकर सरकार उनका दिल जीत सकती है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह इसमें बाधक साबित हो रहे थे क्योंकि कुकी समुदाय में उनको लेकर नाराजगी थी।

विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# एआई में भारत की तरफ देख रही दुनिया

नरेन्द्र शर्मा

> भारत जैसा देश अगर एआई के क्षेत्र में अगुवा बनकर उभरता है तो हम बहुत लोकतांत्रिक तरीके से एआई की सफलता को पूरी दुनिया खासकर कमजोर देशों के साथ बांटेंगे। भारत का यह दावा भी है और लोगों का इस पर भरोसा भी है। यही कारण है कि पेरिस समिट के दौरान अमरीकी उपराष्ट्रपति भले इस समिट का इस्तेमाल चीन को घेरने के लिए करते रहे हों, पर दुनिया के बाकी राजनेता भारत को उम्मीदभरी निगाह से पूरे समय देखते रहे।



अमेरिका और चीन के बीच आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की तकनीक को लेकर छिड़े वाक युद्ध के दौरान पेरिस समिट में भारतीय प्रधानमंत्री ने यह सगर्व घोषणा की कि भारत एआई मिशन पर गंभीरता से आगे बढ़ रहा है, पूरी दुनिया का ध्यान खींचने वाला साबित हुआ है। क्योंकि इसके पहले 5 फरवरी 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक की अगुवा कंपनी ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने नई दिल्ली में मीडिया के साथ बात करते हुए बिना किसी लाग लपेट के साफ साफ शब्दों में कहा कि आने वाले दिनों में भारत एआई तकनीक का अगुवा देश साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संभावना पर यह कहकर अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी ओवंस सहित समिट में मौजूद सारे विदेशी नेताओं का ध्यान भारत के उस लक्ष्य की तरफ खींचा, जिसे हिंदुस्तान ने मिशन एआई इंडिया का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समिट में कहा कि 'भारत साल 2047 में एआई के क्षेत्र का सबसे बड़ा खिलाड़ी होगा, इसके पहले साल 2035 तक हम एआई तकनीक से अपनी जीडीपी में 1 ट्रिलियन पूंजी का इजाफा करेंगे। भारत में चैट जीपीटी के सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर हैं, जो भारतीयों की एआई के तरफ रूझान के परिचायक हैं। भारत में काम कर रही करीब 70 फीसदी कंपनियां, अपनी तकनीकी जरूरतों को एआई से जोड़ रही हैं। साल 2027 तक अगले दो सालों में भारत इस क्षेत्र में 44 से 50 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। भारत में अगले दो सालों में एआई जनरेटिव और एनालिटिक्स में 1.2 से 1.7 लाख नौकरियां पैदा होंगी। साल 2025-26 के बजट में भारत ने मिशन एआई के लिए 500 करोड़ रुपये एलॉट किये हैं, जिससे देश में तीन एआई एक्सीलेंस सेंटर बनने का काम शुरू हो चुका है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में एआई समिट को संबोधित करते हुए कहा, 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इस सदी के लिए मानवता का कोड लिख रही है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज सुरक्षा के लिए जरूरी है। एआई लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। मगर इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।' प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन एआई तकनीकी की मूल अवधारणा से मेल खाता है कि यह मौजूदा सदी में मानव समाज के भविष्य का कोड लिख रही है। लेकिन हमें इस सहज निष्कर्ष में यह भी जोड़ देना चाहिए कि एआई कोड तो लिख रही है, लेकिन बेहद निर्ममता से लिख रही है। मानव इतिहास में यह पहला ऐसा मौका है कि अगर कोई समाज पढ़ाई लिखाई से पीछे छूट गया तो उसका इस दुनिया में कोई भविष्य नहीं बचेगा। एक लंबे समय तक लोगों के बीच यह धारणा बहुत मजबूत रही है कि गंभीरता से भाषा न सीखने पर क्या फर्क पड़ता है? लोग वैसे भी कहते रहे हैं कि भाषा अपने आपमें विचार नहीं है, यह एक दूसरे से महज संपर्क का जरिया है। अब के पहले तक लोग भाषा को संसाधन भी नहीं मानते रहे। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने चैट जीपीटी के आविष्कार के बाद साबित कर दिया है कि भाषा आज की तारीख में महज संपर्क का माध्यमभर नहीं है बल्कि अच्छी भाषा इंसान की उन्नति का आधार भी है। कुल मिलाकर भाषा आज की तारीख में इंसान के लिए एसेट या संसाधन बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने भाषा का बेहद स्तरीय मानकीकरण कर दिया है, जिसका मतलब यह है कि अगर किसी को अच्छी भाषा नहीं आती ( वह जो भी भाषा बोलता है या जिस पर काम करता है ) तो वह जीवन में कामयाबी के सपने नहीं देख सकता। क्योंकि आने वाले समय में भाषा, नॉलेज या ज्ञान का सिमसिम दरवाजा साबित होगी। एआई के दौर में कोई भी भाषा नहीं चलेगी। भाषा का निर्ममता से मानकीकरण या स्टैंडराइजेशन होगा, जो कि पिछले दो तीन सालों में खूब देखा भी जा रहा है। भारत के सामने वाकई एआई के क्षेत्र में लंबी कामयाबी की छलांग लगाने की क्षमता है; क्योंकि जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में कहा, 'भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, हमने डेटा इम्पावरमेंट के जरिये डेटा की ताकत को अनलॉक किया है। वास्तव में भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव ही इसी बुनियाद पर रखी गई है।' इसमें कोई दो राय नहीं है कि मौजूदा समय में एआई तकनीक में अमेरिका सबसे आगे और लगभग उसके पीछे कदम से कदम मिलाने की कोशिश चीन कर रहा है, जिससे इन दिनों अमेरिका में चिंता भी है और चीन को लेकर एक खास तरह की ईर्ष्या भी पैदा हुई है। लेकिन संयोग से इस पूरे समीकरण में भारत इसलिए महत्वपूर्ण स्थिति में है, क्योंकि सबसे बड़ा एआई मैनपावर हब भारत में ही है और जाने अंजाने भारत में एक व्यापक डेटा नेटवर्क भी मौजूद है। वास्तव में भारत की यही ताकत न सिर्फ हमारे एआई मिशन को महत्वपूर्ण बनाती है बल्कि भारत की लोकतांत्रिक उदारता जिसे हमने बार बार दोहराया है कि भारत अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को साझा करने के लिए तैयार है, जिस कारण दुनिया भारत को बेहद उम्मीदभरी निगाहों से देख रही है।

**पेरिस एआई समिट**

भारत ने साफ कर दिया है वह एआई को अपनी कामयाबी का जरिया तो बनाना निश्चित किया है, लेकिन वह एआई की विशेषज्ञता को सिर्फ अपने तक कैद करके नहीं रखना चाहती। भारत लोकतांत्रिक तरीके से एआई से दुनिया की बेहतरी का सपना देखता है। गौरतलब है कि अगली एआई समिट नई दिल्ली में ही होगी और तब एआई की कामयाबी का सकारात्मक फल बड़े पैमाने पर विकासशील देश भी पाने की उम्मीद कर सकते हैं। अगर दुनिया एआई को मानवता की बेहतरी और उसकी समृद्धि के नजरिये से इस्तेमाल करना चाहे तो रातोंरात दुनिया की काया पलट सकती है। जो काम पहले बहुत धन और बहुत समय लेते थे, एआई तकनीक की बदौलत अब वे सब चुटकी बजाते सम्पन्न हो रहे हैं। यह अकारण नहीं है कि सम्पूर्ण शरीर की स्वास्थ्य जांच का जो चार्ज करीब एक दशक पहले 5 से 10 हजार रुपये तक हुआ करता था, आज एआई के कारण वह 300 से 500 रुपये तक में होने लगा है। यह एआई की बहुत बड़ी ताकत है। लेकिन एआई से पहले भी दुनिया ने तकनीकी के क्षेत्र में ऐसी ही एक से बढ़कर एक कामयाबियां हासिल की हैं। लेकिन विज्ञान और तकनीकी की ये कामयाबियां महज कुछ देशों तक ही सीमित रही हैं, इन्होंने उन्हें ही मजबूत और समृद्ध किया है। जबकि अगर ये ताकतें चाहतीं तो उनका लाभ पूरी दुनिया को मिल सकता था। मसलन पिछली सदी के 40 के दशक में ही परमाणु ताकत की खोज कर ली गई थी। अगर वो ताकतें जिन्होंने इसकी खोज में कामयाबी हासिल की थी इसका सकारात्मक इस्तेमाल करना चाहतीं, तो पिछली सदी के 60 के दशक तक आते आते पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से मुक्त हो चुकी होती। पर ऐसा नहीं हुआ। क्योंकि जिन ताकतों ने परमाणु ऊर्जा की ताकत को खोजा था, उन देशों ने इसे अपनी बेहतरी और अपनी सम्पन्नता का आधार बनाया। यही हाल एआई का भी हो सकता है, अगर यह अमेरिका और चीन तक सीमित रहे। अमेरिका और चीन के इस क्षेत्र में फलने फूलने से दुनिया को एआई तकनीक के तमाम चमत्कारिक इस्तेमाल तो हासिल हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए इन देशों को बहुत कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन भारत जैसा देश अगर एआई के क्षेत्र में अगुवा बनकर उभरता है तो हम बहुत लोकतांत्रिक तरीके से एआई की सफलता को पूरी दुनिया खासकर कमजोर देशों के साथ बांटेंगे। भारत का यह दावा भी है और लोगों का इस पर भरोसा भी है। यही कारण है कि पेरिस समिट के दौरान अमरीकी उपराष्ट्रपति भले इस समिट का इस्तेमाल चीन को घेरने के लिए करते रहे हों, पर दुनिया के बाकी राजनेता भारत को उम्मीदभरी निगाह से पूरे समय देखते रहे।

## सोशल मीडिया

बिहार के मुख्यमंत्री को सच्चाई से इतनी नफरत है कि वो झूठ व झूठ के साये में ही जीना चाहते हैं, वास्तविकता और जमीनी सच्चाई से इनको कोई मतलब नहीं है। तेजस्वी यादव.



दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम देश के लिए एक सबक है, यह विपक्ष के लिए बड़ा झटका है, हमारे जैसे लोगों के लिए भी जो वैकल्पिक संभावनाएं देखते हैं। योगेन्द्र यादव.



महान समाज सुधारक व कवि, संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन, पूज्य रविदास जी ने भक्ति आंदोलन में कविताओं व भजनों से एकता का संदेश दिया। अमित शाह.



# सत्संग की महिमा

विचारधारा कालजयी होते हैं। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा।

यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

अंतर्दृष्टि

# ...और मेरा वेलेंटाइन

व्यंग्यलोक

जबसे मेरे हाथ में मोबाइल आया है, मेरा प्रेम मोबाइल हो गया है। कहीं भी दो घड़ी से ज्यादा नहीं टिकता रूकता। मुझ दिमागी मोबाइल को पता है कि मेरे मोबाइल में हर तरह का प्रेम कूट ठूंस कर भरा हुआ है। मेरी उम्मीद से कहीं न बहुत बहुत ज्यादा। वह हर तरह के प्रेम तक पहुंचने का सरल रास्ता है। घनानंद आज होते तो प्रेम के चलते देश निकाला न पाते। मोबाइल में आज व्हाट्सेपिए, फेसबुकी प्रेम से लेकर इंस्टाग्राम तक के प्रेम की सुविधा है आठ पहर चौबीस घंटे वाली। जिसे जिस टाइप का प्रेम करना हो मोबाइल को हाथों से चिपकाए कर ले। जिसे जिस टाइप का प्रेम पर मरना हो, वैसा मोबाइल को हाथों से चिपकाए वैसे प्रेम पर मर ले। प्रेम पर फिदा होने के दिन अब गए। मोबाइल हमें हर तरह के प्रेम करने की फुल आजादी देता है जायसी के पद्मावत का हीरामन तोता बनकर। आज हर किसम के प्रेम की जड़ मोबाइल है। आज हर किस्म के प्रेम का गढ़ मोबाइल है। आज हर किस्म के प्रेम की तड़ मोबाइल है। आज हर किस्म के प्रेम की फड़ फड़ मोबाइल है। आज हर किस्म के प्रेम की तड़ तड़ मोबाइल है। अगर आज की तारीख में हमारे हाथ से लाख फिसलने के बाद भी कहीं मोबाइल फिसल जाए तो ये धरा प्रेमहीन हो जाए, समुंदर के खारे पानी सी मनहीन हो जाए। इसलिए इस वैलेंटाइन डे पर अपने प्रेम का इजहार करने के लिए मैंने अपने मोबाइल का चुना है। आज मोबाइल ही मेरा वैलेंटाइन है। ये मोबाइल ही मेरी बीवी है, मेरी प्रेमिका है। जो यह मोबाइल न होता तो मेरा मन इस उम्र में प्रेम के मामले में सबके होते हुए भी रिक्त ही होता, जिसे किसी भी तरह से भरना मुश्किल ही नहीं, बहुत मुश्किल होता है, गांव के सूखे पोखर की तरह। अब यक्ष प्रश्न ये कि इस वैलेंटाइन डे के अवसर पर अपने वैलेंटाइन को क्या गिफ्ट दूं? सोच रहा हूं इस वैलेंटाइन डे के सुअवसर पर मैं अपने वैलेंटाइन को नई बैटरी उपहार में दे इस वैलेंटाइन डे को यादगार बना दूं ताकि इसकी बैटरी चौबीस घंटे चलती रहे। मेरी बैटरी खत्म हो जाए तो हो जाए। मेरे मोबाइल की बैटरी फुल तो मेरी बैटरी खत्म होने के बाद भी ऑटोमेटिकली फुल। मेरा वैलेंटाइन प्रसन्न तो मैं मरा मरा भी अति प्रसन्न, या फिर सोच रहा हूं इस वैलेटाइन डे के अवसर पर अपने वैलेंटाइन को पावर बैंक उपहार में दे इसके प्रति अपने विशुद्ध प्रेम का इजहार करूं ताकि जहां भी जब भी मेरे वैलेंटाइन की बैटरी लो हो जाए तो पावर बैंक इसकी बैटरी को तत्काल संजीवनी प्रदान करे। या फिर सोच रहा हूं इस वैलेंटाइन डे को अमर बनाने के लिए अपने वैलेंटाइन को खुश करने के लिए एसडी कार्ड या मेमोरी कार्ड उपहार में दूं ताके मेरा वैलेंटाइन मेरी ओर से मस्त मस्त हो जाए।



अशोक गौतम

# हर पीढ़ी और उम्र के लिए एक शाश्वत भावना है प्रेम



वेलेंटाइन डे

वीना गौतम

प्यार और रोमांस का पर्याय माने जाने वाले वैलेंटाइन डे का मतलब अलग अलग पीढ़ियों के लिए अलग अलग है। किसी के लिए यह फूलों, गिफ्ट्स, कार्ड और कैंडी से स्नेह दिखाने का दिन है, तो किसी के लिए यह दिन दोस्तों, परिवार के सदस्यों और यहां तक कि खुद के प्रति प्यार का जश्न मनाने का दिन है। सवाल है क्या अलग अलग पीढ़ियों में प्यार, रोमांस और दोस्ती के भी अलग अलग मायने हैं? अमेरिका में किशोरों और ताजा ताजा नौजवानों की श्रेणी में आये युवाओं पर नियमित नजर रखने वाले और उनकी धारणाओं और रूचियों को दस्तावेज करने वाले प्राधिकरण 'वाईपल्स' के मुताबिक जेन जेड और मिलेनियल्स पीढ़ियों के पास वैलेंटाइन डे के लिए ही नहीं बल्कि प्यार और रोमांस के लिए भी उस पीढ़ी से अलग मायने हैं, जो पीढ़ी 1990 से पहले जवान हुई थी। वास्तव में जिसे हम मिलेनियल्स या सेंटिनल्स कहते हैं, अमेरिका के ही एक और रिसर्च संगठन 'प्यू रिसर्च' के मुताबिक उसकी पैदाइश को 1997 से कट किया जाता है और परवरिश के बाद बढ़ने पर 2012 में कट किया जाता है।

जहां पुरानी पीढ़ी यानी 1997 से पहले पैदा हुए लोगों की पीढ़ी प्यार और रोमांस को दोस्ती से कहीं ज्यादा आंकती है, वहीं जनरेशन जेड के लिए प्यार और रोमांस से ज्यादा भरोसेमंद दोस्ती है। यह पीढ़ी रोमांस का बोझ नहीं ढोती, न ही छूटने या छोड़े जाने का रोना रोती है। यह पीढ़ी ज्यादा व्यवहारिक, कम भूमिका बनाने वाली और कहीं ज्यादा औपचारिक पीढ़ी है। इसलिए यह वैलेंटाइन डे को किसी ऐसे दिन के रूप में नहीं देखती कि अगर इस दिन प्यार नहीं जताया तो जिंदगी में प्यार का एहसास नहीं बचेगा। देखा जाए तो यह भी अप्रत्यक्ष रूप से पुरानी पीढ़ी की बात ही दोहरा रही होती है कि प्यार के लिए कोई एक दिन तय नहीं किया जा सकता या महज एक दिन प्यार जताकर प्रेमी नहीं बना जा सकता। लेकिन नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की तरह रोमांस और प्यार जताने को दोस्ती से बेहतर नहीं मानती। हालांकि प्यार और दोस्ती एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न भावनाएं नहीं हैं, सच तो यह है कि प्यार और दोस्ती दोनो ही आपस में इस कदर गुंथी हुई भावनाएं हैं कि दोनो में दोनो की भरपूर मौजूदगी रहती है। वास्तव में दोस्ती में भी रोमांस होता है। कई बार दोस्ती भावुक, स्नेहिल और रोमांटिक भी होती है। इस तरह देखें तो पूरी दुनिया में अलग अलग पीढ़ियों के बीच पिछले कई दशकों से वैलेंटाइन डे के साथ लव एंड हेट का रिश्ता बना हुआ है। जहां कुछ लोग इसे बाजार की साजिश और उपभोक्तावाद का षड़यंत्र बताते हैं, तो कुछ लोग कहते हैं कि इस भागदौड़ की जिदंगी में अनानायास सुकून के पल हासिल नहीं होते, उन्हें किसी न किसी बहाने पाना होता है। ऐसे में वैलेंटाइन डे एक जरूरी दिन हो जाता है। कुछ इसे ऐतिहासिक संवेदना से जोड़ते हैं, जिसके चलते एक ईसाई संत प्यार के लिए शहीद हो गया और उसकी शहादत प्यार की संस्कृति में तब्दील हो गई। वैलेंटाइन डे को लेकर पूरी दुनिया में ही नहीं बल्कि अलग अलग पीढ़ियों में अलग अलग तरह की भावनाएं हैं। लेकिन यह भी सही है कि हर कोई चाहे वह इसका विरोध करे या समर्थन, मगर वैलेंटाइन डे को एक बार ठहरकर या पलटकर प्यार के बारे में सोचता जरूर है। इसी दिन वह इस द्वंद से भी गुजरता है कि क्या वह सिर्फ काम, काम और दिन रात काम और एलर्ट रहने के लिए ही पैदा हुआ है। इस दिन वह अपने लिए और इस खूबसूरत दुनिया के लिए भी प्यार के बारे में भी सोचता है।

इसलिए तमाम विरोधाभासों के बावजूद लगातार हर गुजरते साल के साथ वैलेंटाइन डे पहले से कहीं ज्यादा वैश्विक पर्व बनता जा रहा है। भले इसके पीछे ईसाई संतों की अलग अलग दौर में कुर्बानियों का इतिहास हो, लेकिन आज की तारीख में ये पूरी दुनिया के सभी पीढ़ियों के लिए, प्रेम की भावनाओं के लिए एक जरूरी पड़ाव बन गया है। हां, इसमें कोई दो राय नहीं है कि डिजिटल युग में वैलेंटाइन डे का मतलब यह दिन नहीं रहा जो मतलब पिछली सदी के नवें दशक तक हुआ करता था। आज की तारीख में वैलेंटाइन डे मनाने के तौर तरीके बिल्कुल बदल गये हैं। रोजमर्रा की जिंदगी की तमाम दूसरी गतिविधियों की तरह यह भी एक स्मार्ट गतिविधि बन गई है। लोग अपने प्रिय से गले मिलने की जगह उसे ज्यादा से ज्यादा प्यारे संदेश और ऑनलाइन गिफ्ट भिजवाने में फोकस करते हैं। लोग जिनसे प्यार करते हैं, इस दिन उनके साथ ऑनलाइन चैट करते हुए भर भरकर इमोजियां पाते और भेजते हैं। नये से नये अंदाज की सेल्फी खींचते-खिंचाते हैं।

## आपकी बात

### प्रौद्योगिकी से बढ़ेंगे अवसर

प्रौद्योगिकी के इस दौर में युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आये हैं। ऐसे में युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है।

प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले।

**राज कुमार सिंह, लखनऊ.**

### मुफ्त की योजना लगाम

देश में जिस तरह से चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की योजनाओं की बाढ़ आ गयी है, उससे विकास के साथ ही राजकोषीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। पार्टियां चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की योजनाएं देंगी और इसके लिए पैसे का प्रबंधन कर्ज लेकर कर लेंगी। धीरे-धीरे यह कर्ज इतना बड़ा हो जायेगा कि सरकार के पास विकास के लिए पैसा ही नहीं बचेगा। यही कारण है कि अब अदालतें भी इस पर बहुत चिंतित हैं। हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों ने जमकर सियासी उपहार की योजनाओं का वायदा किया। राष्ट्रीय राजधानी में फ्री पानी की बात होती है लेकिन यमुना नदी प्रदूषण में त्राहि-त्राहि कर रही है। फ्री बिजली की बात हो रही है लेकिन अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी तक, पूरे चार महीने दिल्ली की हवा में जहर घुला रहता है। यह विडम्बना है कि जो दिल्ली यमुना के किनारे बसी है, उसकी पूजा करती है, यूपी-बिहार के लाखों लोग छठ और अनेक अन्य पर्वों पर यमुना की पूजा करते हैं, उसमें स्नान करते हैं, उस यमुना का पानी इतना विषैला है कि उसमें स्नान करने पर बीमार पड़ने का खतरा रहता है। इसलिए नयी बनने वाली सरकार को यमुना की सफाई और शुद्ध हवा सुनिश्चि करनी चाहिए। अगर यमुना से खिलवाड़ करती है, शुद्ध हवा देने में विफल रहती है, स्वच्छ पेयजल नहीं उपलब्ध करा पाती है, तो ऐसी सरकार इस देश को और राष्ट्रीय राजधानी को तो कदापि नहीं चाहिए। भाजपा सरकार को फ्रीबीज के बजाय विकास पर फोकस कर मतदाताओं का दिल जीतना चाहिए।

**आशुतोष शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 6 गांवों में अतुल ने किया जनसम्पर्क

**रायबरेली**। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊँचाहार के रोहनिया ब्लॉक के भाभी का पुरवा, नरेंद नगर, निबावर, गाठी एव ऊँचाहार ब्लॉक के बहादुरपुर, पासिन का पुरवा, सेवक का पुरवा एव रामचंदरपुर आदि गांवों में चैपाल, नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगो की समस्याएं सुनी व कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए एवं देश की एकता एवं अखंडता को बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं, साथ ही पूरे देश की पदयात्रा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, जिला सचिव अनुज सिंह, रामदत्त पांडे, आशु मौर्य आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## डिग्री कॉलेज में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली**। बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों सहित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पुस्तक मेले में इतिहास, भूगोल, विज्ञान सहित साहित्यिक क्षेत्र की हजारों पुस्तकें मौजूद थी। पुस्तक मेले की उपयोगिता पर विद्यार्थियों ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरानी पुस्तकों के संदर्भ में मेले का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया गया है। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें मील का पत्थर साबित होगी। वहीं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह और प्राचार्य प्रो. शीला श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। जब भी विद्यार्थियों को जिस भी तरह की जरूरत पड़ी है। विद्यालय परिवार ने बच्चों का सहयोग किया है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉक्टर निरंजन राय, डॉक्टर संजीव कुमार मिश्रा, डॉक्टर रमेश चंद्र यादव, सुरेश गुप्ता सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन बैडमिंटन हॉल का किया निरीक्षण

**रायबरेली**। डीएम हर्षिता माथुर ने खेलों इंडिया के तहत निर्माणाधीन बहुउद्देशीय बैडमिंटन हॉल जैतूपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डीएम ने निर्माण की प्रगति का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित कर कहा निर्माण को समय पर पूरा करने के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निर्माण में मानक के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर सीडीओ अर्पित उपाध्याय, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चालक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर**। एलटी लाइन के खंभे एवं विभागीय केबिल को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने चार पहिया वाहन चालक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डडियां गांव में बीते बुधवार को चार पहिया वाहन चालक के टक्कर मार देने से एलटी लाइन का एक खंभा एवं सरकारी केबिल क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे गांव के छः घरों एवं बदली पीजी कॉलेज की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अवर अभियंता इफ्तेखार आदिल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही वाहन चालक नवीन कुमार यादव के विरुद्ध नामजद के दर्ज किया है।

# साहित्य मानवीय सरोकारों की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति है

## संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में आयोजित हुई गोष्ठी



**कादीपुर, सुलतानपुर**। स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में ह्यसाहित्य के सरोकारह्न विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरूवार को आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने कहा कि साहित्य के बिना समाज की संकल्पना नहीं की जा सकती है। साहित्य मानवीय सरोकारों की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति है। साहित्य हमारे विचारों को उदात्त भाव भूमि पर प्रतिष्ठित करता है। प्रो. अवनीश प्रताप पांडेय ने कहा कि साहित्य मानवीय संबंधों की आधारशिला है। साहित्य के माध्यम से ही हम अपनी भावनाओं को मूर्त रूप प्रदान करते हैं। असिस्टेंट प्रो प्रतीक कुमार मौर्य ने कहा कि साहित्य में सौंदर्य चेतना होती है। जो हमारे जन जीवन को गहराई से प्रभावित करती है। साहित्य के विविध रूप हमारे मनोविकारों को परिष्कृत करते हैं।

प्रो. डॉ. जीनत रफीक ने कहा कि साहित्य हमें बेहतर जीवन जीने की कला सिखाता है। भावात्मक रूप से एक दूसरे से जोड़ता है। प्रो. उमाशंकर गुप्त ने कहा कि साहित्य और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। साहित्य के अभाव में स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता है। गोष्ठी को डॉ. नरेंद्र कुमार, प्रो. सुशील कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉ. प्रभाकांत त्रिपाठी, डॉ. वंदना मिश्रा, डॉ. शशिकांत द्विवेदी, डॉ. अनिल कुमार , डॉ. अखिलेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## आपसी रंजिश में विपक्षियों ने महिला को पीटा, घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक महिला की पिटाई कर दी, जिससे उसका पैर टूट गया। कोतवाली क्षेत्र के मैनेपारा की सुनीता देवी पत्नी रमाकांत का आरोप है कि बृहस्पतिवार को सुबह 10:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। तभी विपक्षीगण दरवाजे पर आकर गाली गलौज देने लगे। मना करने पर मारने के लिए दौड़ा लिए। भय बस वह घर में घुस गई। आरोप है कि विपक्षियों ने घर में घुसकर लाठी से मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मारने से उनका एक पर भी टूट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अमित कुमार एवं सुमित कुमार के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# कृषक गोष्ठी में पायनियर धान की फसल पर हुई चर्चा

**बल्दीराय, सुलतानपुर**। बल्दीराय के भवानीपुर गांव में पायनियर धान बीज कम्पनी द्वारा एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य कृषकों



को उन्नत कृषि तकनीकों और पायनियर धान की फसल के लाभ के बारे में जानकारी देना था। गोष्ठी में पायनियर कंपनी के प्रतिनिधि संदीप सिंह ने मुख्य रूप से पायनियर धान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पायनियर धान की फसल में अधिक पैदावार होती है और इसका चावल न केवल मुलायम बल्कि खाने में भी स्वादिष्ट होता है। संदीप सिंह ने कृषकों को सुझाव दिया कि वे पायनियर धान की नर्सरी डालें, जिससे उनकी फसलों की उपज में वृद्धि हो सके और वे अच्छे लाभ प्राप्त कर सकें। कृषक गोष्ठी में रामबरन वर्मा, राजकुमार यादव, हौसिला पांडेय, श्यामधर दुबे, अनुराग सहित कई अन्य कृषक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम से कृषकों को नई कृषि विधियों और उन्नत बीजों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके उत्पादन में सुधार लाने में मदद करेगी।

## बाइक चोरी, दी तहरीर

**लंभुआ, सुलतानपुर**। निमंत्रण खाने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सबसुखपुर निवासी रत्नाकर पाण्डेय बेनीपुर में शाम को मोटरसाइकिल से निमंत्रण खाने गए थे। निमंत्रण खाकर जब वापस लौटे तो देखा अपने स्थान पर मोटरसाइकिल नहीं थी।

# गांव में आपसी भाईचारा सुख समृद्धि का द्योतक : अदिति सिंह



**रायबरेली**। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में जन चैपाल में जन समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समस्याओं से परेशान गाँव के लोगों को उनके सुख दुख में साथ रहने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि आपस में भाइचारे और जन भागीदारी से तमाम समस्याओं का हल निकल जाता है और यदि वह समस्या सरकार की योजनाओं को ले करके हैं तो उसके लिए गाँव में तैनात ग्राम अधिकारियों से शिकायत अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि गाँव में आपसी भाईचारा सुख समृद्धि का द्योतक है। ग्राम सभा गोपाल सिंह का पुरवा, बेलागुसीसी, खलार, सवनई आदि ग्राम सभाओं में उन्होंने समस्याओं से ग्रसित लोगों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कुछ लोगों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनमानस पहुँचाने के लिए उन्होंने जन चैपाल को बृहद रूप देकर इसे लोगों तक पहुँचाने के लिए जोर दिया। इस मौके पर ग्राम सभा के प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से किया हमला

**अमेठी**। जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रंजीतपुर दादरा गांव में बीती रात दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया. इस दौरान हमलावरों ने अवैध असलहे भी लहराए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. घटना में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, दान बहादुर पुत्र स्वर्गीय शारदा प्रसाद अपने निमार्णाधीन मकान में शटरिंग का काम करवा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही तीन सगे भाई अनिल, विपिन और संजीव पुत्र छोटेलाल लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुसे और पूरे परिवार पर हमला कर दिया. हमले में एक युवक का हाथ कट गया, जबकि दूसरे को पीठ में गंभीर चोटें। हमलावरों ने इस दौरान अवैध असलहे भी लहराए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले पर एसएचओ विवेक सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निफ्ट में खादी एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम का समापन

**रायबरेली**। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), रायबरेली में आयोजित खादी एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम ऑन मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में खादी के विपणन, ब्रांडिंग, उत्पाद पैकेजिंग और डिजिटल युग में संचार रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन, विजुअल एलिमेंट्स ऑफ ब्रांडिंग एंड पैकेजिंग और फ्रेम द फैब्रिक कैप्चरिंग एंड कम्युनिकेटिंग खादी विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का नेतृत्व क्रमशः सोहैब अंसारी (सहायक प्रोफेसर, फैशन कम्युनिकेशन विभाग) और सचिन कुमार वर्मा (सहायक प्रोफेसर, फैशन कम्युनिकेशन विभाग) ने किया। इन सत्रों में ब्रांडिंग के लिए विजुअल ग्राफिक टूल्स के उपयोग और खादी के उत्पादों की पैकेजिंग में नवाचार पर चर्चा की गई। साथ ही, खादी के सार को फोटोग्राफी और विजुअल नैरेटिव के माध्यम से प्रस्तुत करने की तकनीकों पर भी प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस आयोजन ने खादी उद्योग के अधिकारियों को ब्रांडिंग और मार्केटिंग की नई रणनीतियों से अवगत कराने और भविष्य में इसे आधुनिक व्यवसायिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मजदूरी कर वापस लौट रहे मजदूर की लाठी-डंडे से पिटाई, केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर**। मजदूरी करके घर वापस आ रहे मजदूर की पुरानी रंजिश के चलते रास्ते में दो लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आ गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के विवेक नगर वार्ड निवासी मुकुल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत करवाया कि 10 फरवरी रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे वह मजदूरी करके घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में बुधई, दीपांशु खड़े थे और पुरानी रंजिस के कारण गाली देते हुए लाठी डंडे तथा लात घूसों से मारने लगे, जिससे शरीर में गंभीर चोटे आ गई। हल्ला-गुहार पर आसपास के लोग बीच बचाव किया तब जॉन से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

**रायबरेली**। डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा से संबंधित की गई प्रवर्तन कार्यवाही व सड़क दुर्घटनाओं के लिए की गई सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर अवैध नर्मित कटों को चिन्हित कर बंद किया जाए, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित पेट्रोलिंग की जाए, राष्ट्रीय राजमार्ग में स्पीड कैमरे लगाए जाए, तथा लोगों को जागरूक करने के लिए पर्याप्त स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगवाए जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत पोल एवं पेड़ो पर ट्री प्लेट, थर्मोप्लास्टिक, रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाए। बैठक में एडीएम सिद्धार्थ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण महिपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, बालिका विद्यालय, प्रा.वि. व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**अमेठी**। उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव ने जनपद अमेठी में वृद्धाश्रम गौरीगंज, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र हरखपुर, जिला अस्पताल गौरीगंज तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सर्वप्रथम उपाध्यक्ष ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना व जिन वृद्धिजनों को पेंशन नहीं मिल रही थी उन्हें पेंशन दिलाने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिया तथा कहा कि वृद्धाश्रम में समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन कर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए साथ ही उनके खाने-पीने, रहने का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके उपरांत उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र हरखपुर का निरीक्षण किया यहां उन्होंने छोटे बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उपाध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने आंगनबाड़ी परिसर में पोषण वाटिका बनवाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

इसके उपरांत उन्होंने प्रा. विद्यालय हरखपुर का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालयों में हेल्पलाइन नंबर और बालिकाओं, महिलाओं से संबंधित योजनाओं व बाल सेवा योजना, सीएम कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य योजनाओं की वॉल पेंटिंग करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने चिकित्सालय परिसर में बेहतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमओ को दिये।

# ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले दो चोरों को भेजा जेल




**महराजगंज, रायबरेली**। बीते 48 घंटे पूर्व कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े गैस एजेंसी के ट्रक से चोरी किए गए डीजल व दो अभियुक्त तथा एक पिकअप को कोतवाली पुलिस में बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव कुसुढ़ी सागरपुर गांव निवासी कुंवर बहादुर सिंह पुत्र विश्राम सिंह में बीती 11 फरवरी को कोतवाली में बताया था कि गैस की गाड़ी चलाता है, बीती 8 फरवरी को गाड़ी लोड करके लखनऊ से पहाड़पुर स्थित रावत गैस एजेंसी के लिए निकाला था लेकिन रात अधिक हो जाने के कारण गाड़ी खाली नहीं हो पाई जिस पर वह गाड़ी को लेकर अपने गांव स्थित पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर घर चला गया था और जब सुबह वापस आया तो देखा की गाड़ी के डीजल टैंक का ढक्कन खुला था जिसमें से डीजल गायब था। इस पर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो उसमें दो आरोपी डीजल चुराकर पिकअप से ले जाते हुए दिखाई पड़े। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर ट्रक से डीजल चोरी करने वाले दोनों आरोपी जमुरावां नहर पुलिया के पास मौजूद हैं। इस पर कोतवाली से उपनिरीक्षक सुनील कुमारके नेतृत्व में सिपाही शुभम यादव, कुंदन यादव, शिव प्रताप सिंह को मौके पर भेजा गया और आरोपी पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी दिलशाद खान पुत्र मुंशी खान ऊकाउता थाना जिला शाहजहांपुर मध्य प्रदेश तो वहीं दूसरा आरोपी नीरज कुमार जायसवाल पुत्र ललित प्रसाद जायसवाल थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के बवनपुर गांव का रहने वाला है। उक्त आरोपियों की निशानदेही पर चोरी में प्रयोग किया गया पिकअप व 35 लीटर डीजल व 16 पिपिया खाली एक निकासी पाइप व 4500 रु. नगद बरामद हुए हैं दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# बौद्ध विहारों में रविदास जयंती पर बाजार सुकुल में निकला जुलूस

**जगदीशपुर/संग्रामपुर**। संत रविदास जी की जयंती पर बौद्ध विहार लखासराय, बाजार सुकुल वसिरमौर बौद्ध विहार सोइया में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने संत रविदास की शिक्षाओं को आत्मसात कर सुखी और सम्पन्न समाज बनाने का संकल्प लिया। आयोजन कमेटी की ओर से रामकुमार भारती ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ज्ञानमार्गी शाखा के संत थे। उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान के बल पर समकालीन पोंगा पंथी पंडितों को परास्त किया और दुनिया को हर प्रकार के शोषण व धार्मिक भेदभाव मुक्त संपन्न समाज के निर्माण के साथ मानवता का संदेश दिया। रविदास जयंती पर दारानगर, लखासराय बौद्ध विहार से तीन झांकियो के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांवों का भ्रमण करते हुए अम्बेडकर चौराहा बाजार सुकुल में समाप्त हुई। यहां आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। रामकुमार भारती ने भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगजीवन प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम नंदलाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जगजीवन प्रसाद ने कहा संत रविदास जी, भगवान बुद्ध के समकालीन थे। मन ही पूजा, मन ही धूप, मन ही सेवहुं सहज सरूप, संत रविदास की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि संत गुरु की वाणी, हमें पाखंडवाद व अंधविश्वास से दूर रहकर शुद्ध चिंतन के लिए प्रेरित करती है। समारोह को डा अम्बेडकर नवयुवक दल के प्रदेश अध्यक्ष नंद लाल, जगन्नाथ सरोज, राहुल बौद्धाचार्य, विजय गौतम, अभिषेक जाटव, रामदास, जिया लाल आदि ने संबोधित किया।

# महाकुम्भ के दृष्टिगत सुगम यातायात बनाने के लिए डीएम व एसपी ने दिये दिशा-निर्देश



**अमेठी**। महाकुम्भ के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थानाक्षेत्र पीपरपुर अन्तर्गत अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग दुगार्पुर चौराहे का निर्बाध यातायात संचालन हेतु यातायात की वास्तविक स्थिति को जांचा गया तथा श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक पीपरपुर को श्रद्धालुओं से संयमित ढ़ग से समन्वय स्थापित कर यातायात को सुचारु रूप से चलाये रखने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को जाम की स्थिति का सामना न करना पड़े और अपने गन्तव्य तक आसानी से पहुंच सकें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र व अन्य अधि0 ,कर्म0गण मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ खाटू श्याम मंदिर की स्थापना शुरू

**रायबरेली**। श्री श्री माँ शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम समिति द्वारा कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कलश यात्रा चंपा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मन्दिर तक निकाली गयी। यात्रा में आम जनमानस द्वारा श्रद्धालुओं पर भव्य रूप से पुष्प और इत्र वर्षा की गयी।



इस कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं एवं 100 पुरुषों ने सहभाग किया। जिसमें सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर और कलश लेकर बाबा का गुणगान करते हुए पैदल चलते हुए यात्रा पूर्ण की। मंदिर पहुंचने पर कार्यक्रम प्रभारी मोहित अग्रवाल द्वारा सभी का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कलश यात्रा के उपरांत बाबा के पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसके मुख्य यजमान दिनेश खेतान रहे। उनके साथ शहर के अन्य 21 जोड़ो में अमिय शुक्ला, महेश नारायण अग्रवाल, राजेश गाडिया, राघव मुरारका, ऋषि अग्रवाल, राजकमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोविंद बंसल, अर्पित सिंघल, राघव सिकरिया, रोहित मित्तल, राकेश अग्रवाल फुरसतगंज, अनिल अग्रवाल लखनऊ, सौरभ अग्रवाल सुल्तानपुर, राकेश अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव, दीपक सिंह, माया शंकर शुक्ला, अनुपम अग्रवाल, ललित शुक्ला आदि ने पूजा में सहभागिता दी। पूजन का पूरा कार्यक्रम नैमिषारण्य से आये आचार्य अरुण शास्त्री ने संपन कराया। इसके अलावा पूजन में मुख्य रूप से अभिषेक गोयल, मोहित अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, रिषभ बिंदल, उमेश सिकरिया, पंकज मुरारका, अनुराग मुरारका, प्रतीक अग्रवाल, आशुतोष तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मारपीट में महिला समेत चार घायल

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विवादित रास्ते पर दीवार बनाने को लेकर हुई मारपीट में तीन महिला सहित चार लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर गांव के मंगरु का आरोप है कि विपक्षीगण विवादित रास्ते पर दीवार बना रहे थे। रोकने पर गालियां देते हुए लाठी डंडे व ईट से मारने लगे। जिससे निर्मला, पूनम, पुष्कर एवं रागिनी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित पक्ष के मंगरु की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही सर्वेश, विनोद, चैधरी, लेधई, रूबी, शर्मिला के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर की बैठक

**महराजगंज, रायबरेली**। ब्लॉक परिसर में भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक में किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर चिंता जताई गई। बैठक में मुख्य रूप से नहरों में पानी की कमी, बिजली आपूर्ति की समस्या और आवारा पशुओं के मुद्दे पर गहन विचार विमर्श किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश कुमार ने बताया कि वर्तमान में गेहूं की फसल सिंचाई के महत्वपूर्ण चरण में है लेकिन नहरों और माइनरों में पानी न आने से किसान बेहद परेशान है उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन की रणनीति के तहत बड़ा धरना आयोजित किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष और महामंत्री सहित सभी सदस्यों ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर राजकुमार लोधी (महामंत्री) सुखराम, रामलखन, माता प्रसाद, प्रेमचंद, श्याम प्रकाश, सोनी पाल, रेखा, सरोज, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे सभी ने सर्वसम्मति से किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

# महिला दिवस के रूप में मनी सरोजिनी नायडू की जयंती

**रायबरेली**। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में सरोजिनी नायडू जयंती (राष्ट्रीय महिला दिवस) पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नायडू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया।

सरोजिनी नायडू ने स्वतंत्रता आंदोलन में कई तरह से योगदान दिया, वे एक स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री और महिला अधिकारों की वकालत करने वाली आवाज थीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए कई देशों का दौरा भी किया।

अंत में प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सरोजिनी नायडू जानी-मानी कवयित्री होने के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिला थीं। देश की आजादी के बाद उनको पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव प्राप्त हुआ। नायडू जी ने महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनका मानना था कि




यदि पुरुष देश की शान हैं तो महिला उस देश की नींव हैं। इसीलिए महिलाओं के अधिकारों के लिए उनकी भूमिका को देखते हुए 13 फरवरी को अपने देश में ह्रराष्ट्रीय महिला दिवसह्न मनाया जाता है।

### एनएसपीएस त्रिपुला में मनायी गयी सरोजिनी नायडू की जयंती

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती ह्रराष्ट्रीय महिला दिवसह्न के रूप में मनायी गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि आजाद भारत की प्रथम महिला राज्यपाल के पद पर आसीन होने वाली सरोजिनी नायडू ने एक प्रखर वक्ता, वाक्पटु नेता एवं कुशल नेतृत्व कर्ता के रूप में अपने को स्थापित किया, वह प्रसिद्ध कवियत्री, कार्यकर्ता एवं राजनितिक नेता थीं, वह सविनय अवज्ञा तथा भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करने वाली प्रमुख हस्तियों में से एक थीं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, शशेंद्र श्रीवास्तव, शशी कनौजिया, अजय राज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## साइबर अपराध पुलिस ने रुपये वापस कराये

**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए वादी के 45,389 रुपए सकुशल वापस कराएं गए। वादी अरुण कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी लेबर कॉलोनी थाना फिरोजाबाद के साथ दिनांक 07.11.2024 को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधडी करके 76,562 रुपये ठग लिये थे। जिसकी शिकायत अरूण कुमार द्वारा थाना साइबर अपराध को दी गयी थी।थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित को पत्राचार कर विधिक कार्यवाही करते हुए वादी के 45,389 रुपये वापस कराए गए हैं। रुपए वापिस मिलने पर वादी ने थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया।

## कृषि से आय दोगुनी करने की चुनौती पर चिंतन

**मथुरा।** विश्व रेडियो दिवस पर आकाशवाणी स्टूडियो में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों की आय दोगुनी करने की वचनबद्धता एवं कृषि क्षेत्र की चुनौती विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में निष्कर्ष निकाला कि तकनीक, प्रजातियां, पर्यावरणीय परिस्थितियों के बदलाव के चलते हर स्तर पर किसानों को ट्रेन्ड करने के लिए स्कूल खोलने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि बगैर ट्रेनिंग के पुराने तरीकों से खेती लाभकारी नहीं होगी। आधुनिक मशीनें, रसायन, बीज किस्मों से अच्छा उत्पादन भी ट्रेन्ड किसान ही ले सकते हैं। सरकार का मुंह ताकने से ही काम नहीं चलेगा। किसानों को ताश-पत्ता खेलने में समय को जाया करने से बचना होगा। प्रसंस्करण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। प्रगतिशील किसान सुधीर अग्रवाल ने कहा कि खेती की जमीन बेचने की किसानों की आदत उन्हें सड़क पर ला रही है। जमीनें करोड़ों बिकती हैं लेकिन किसान व्यापार करना नहीं जानते लिहाजा जमीन और करोड़ दोनों से हाथ धो बैठते हैं। जीएलए विवि के कृषि विशेषज्ञ डाक्टर विकास राणा ने कहा कि सरकार को देशों की मांग के अनुसार निर्यात होने और अच्छी कीमत मिल सकने वाली जिंस लगाने की नीति पर काम करना चाहिए। एम एस पी पर सरकार समूचे अनाज नहीं खरीद सकती। किसानों को बहुत अधिक गंभीर होकर खेती करनी होगी। खेती के उत्पादन का प्रसंस्करण और मार्केटिंग में भी हाथ-पैर चलाने होंगे। प्रगतिशील किसान संजय गुप्ता ने सब्जी उत्पादन, विजय सिंह ने पशुपालन व शिवराम सिंह ने समूह बनाकर मार्केटिंग आदि से सतत आय की संभावनाओं पर विचार रखे। गोष्ठी का संचालन वीरेंद्र व दिलीप कुमार यादव ने किया।

## चार शातिर चोर दबोचे थार बरामद

**वृंदावन।** डीआईजी व पुलिस कप्तान शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत वृंदावन पुलिस को सफलता हाथ लगी है। कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी द्वारा गठित पुलिस टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतराज्यीय गिरोह के चार शातिर चोरो को चोरी की थार के साथ गिरफ्तार किया है। जिन्हें आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 6 जनवरी की देर रात्रि अज्ञात चोर आनंद वाटिका स्थित होटल श्री दरबार के बाहर से बरेली निवासी गुरुसा गांधी की थार संख्या यूपी 25 बीयू 0060 को चुरा कर ले गए थे। इस संबंध में पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

# कार्यों की नींव रखने से पूर्व अधिकारी करें स्थलीय निरीक्षण : चंद्र प्रकाश

### जिलाधिकारी ने विप्रा के विकास कार्यों पर अधिकारियों संग की कार्यशाला




**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा के विकास एवं निर्माण कार्यों में तकनीकी दक्षता उन्नयन कार्यशाला को संबोधित किया गया। डीएम ने सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एक्सियन व विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य एवं निर्माण कार्यों के विषय पर बोला कि सभी लोग आपस में समन्वय कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें। श्री सिंह ने अपने कहा कि जो भी कार्यों हो उसकी नींव रखने से पूर्व जेई, एई तथा एक्सियन को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए, जिससे शुरू में ही विभिन्न कमियों को पूर्ण कराकर आगामी होने वाले कार्य को बेहतर ढंग से कराया जा सके। डीएम ने पूर्व में रहे मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में अपने सुझाव शेयर किए। उन्होंने यह भी कहा कि हम सबका का एक ही मकसद की अपने जनपद को कैसे सुंदर बनाए और मथुरा जनपद को कैसे स्मार्टनेस बनाने का कार्य किया जा सके। सभी लोग इस कार्यशाला को सफल बनाने में अपना अपना योगदान देकर मथुरा जनपद की खूबसूरती में चार चांद लगाएं। श्री सिंह ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को निर्देश दिए कि छटीकरा चौराहे के लिए कोई विशेष प्लान तैयार कर उसको सुंदर बनाने पर जोर दिया जाए, जिससे चौराहे पर आई लव वृन्दावन लिखा जाए और आने वाले श्रद्धालुओं को एक नया अहसास के साथ कुछ नया संदेश लेकर जाएं। कार्यशाला में मथुरा वृन्दावन विप्रा के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, सचिव अरविंद द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, सहित जेई, एई, एक्सियन तथा कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**खेल खेलने से हर व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है : डीएम**

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बीएसए पीजी कॉलेज मथुरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से ही युवाओं की प्रतिभा निखरती है। इससे न केवल मनुष्य स्वस्थ रहता है, बल्कि अपनी खेल भावना और एकता का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा से अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम दुनियाभर में रोशन करता है। बीएसए पीजी कॉलेज मथुरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता दौड़ कार्यक्रम में जनपद के होनहार युवाओं ने भाग लिया। इसलिए युवा शक्ति को चाहिए कि वे बढ़-चढ़कर अपने पसंदीदा खेलों में हिस्सा लें और जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करे। खेल स्टेडियम बनाए जाएं, ताकि युवा शक्ति का ध्यान व्यर्थ की चीजों पर जाने की बजाए खेलों की तरफ जाए।

## चोरी की दो बाइक सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों को चोरी की 2 बाइक सहित गिरफ्तार किया। गुरुवार को थाना उत्तर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों विपिन पुत्र अशोक, रविन्द्र पुत्र मुन्नालाल को डीएसगार्डन जलेसर रोड के पीछे खाली मैदान गोपाल नगर से चोरी की 2 बाइकसहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध थाना उत्तर पर केस दर्ज कर अभियुक्तों को यायालय के समक्ष पेश किया है।

## प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है

**मथुरा।** जिला राइफल एसो. मथुरा द्वारा सिविल लाइन शूटिंग रेंज पर आयोजित तीन दिवसीय डिस्ट्रिक्ट मथुरा ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन का शुभारंभ करते हुए राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला राइफल एसो. ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए जिससे जहां हमारी उत्कृष्टता की जांच होती है वहीं हमें हार जीत को समान भाव से स्वीकार करने का भाव पैदा होता है जोकि हमारे व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है, प्रतियोगिता प्रभारी मनीष चैधरी ने बताया कि आज हुए मुकाबलों में एयर राइफल आईएसएसएफ वर्ग में शामली के गौरव कुमार ने 617.1 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाई, एयर राइफल आई एस एस एफ बालिका वर्ग में आगरा की नंदनी तोमर ने 605.8 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाई, एयर राइफल आई एस एस एफ जूनियर पुरुष वर्ग में गाजियाबाद के प्रदीप सिंह ने 625.6 अंकों के साथ बढ़त बनाई तथा एयर राइफल आईएसएसएफ यूथ वर्ग में ग्वालियर के हरीश कुशवाह 621.6 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाए हुए है, एयर राइफल एन आर पुरुष वर्ग में शामली के निखिल ने 413.5 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनायी।

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा पहुंची फिरोजाबाद



**फिरोजाबाद।** गुरुवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा के 76वें दिन जनपद फि रोजाबाद पहुँचने पर निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष-डॉ संजय कुमार निषाद का भव्य स्वागत किया गया। दबरई निरीक्षण भवन, जनपद फि रोजाबाद से यात्रा प्रारंभ हुई, तत्पश्चात रसूलपुर थाना जाटवपुरी चौराहा कोटला चुंगी चौराहा रामलीला मैदान, जलेसर रोड चौराहा जैन मंदिर होते हुए टुंडला शहर पहुंची जहां भाजपा ज़िला अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष संजय निषाद ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद पार्टी के गठन के पश्चात से ही जनपद फि रोजाबाद के युवाओं और मछुआ समाज का साथ निषाद पार्टी को आशीर्वाद के रूप में मिलता आया है। आज 76वें दिन संवैधानिक अधिकार यात्रा का जिस प्रकार से भव्य स्वागत किया गया है वो अकल्पनीय हैं, मछुआ समाज अपने हक-अधिकार के लिए निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के जोश और बुजुर्गों के आशीर्वाद से मछुआ समाज अपने आरक्षण के मुद्दे पर संवैधानिक अधिकार यात्रा को सफल बनाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मछुआ एससी आरक्षण ने मुद्दे को हल करवाने के लिए वो अपना सब कुछ न्योछावर करने को तैयार हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मछुआ एससी आरक्षण के मुद्दे को जल्द से जल्द हल किया जाये।

## फर्जी बैनामा करने वाला वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गंगा श्री पत्नी सूबेदार सिंह निवासी ग्राम गदनपुर थाना एका फिरोजाबाद द्वारा दिनांक 03-10-2024 को अभियुक्तगण द्वारा उसकी बहुमूल्य जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अन्य किसी को बैनामा कर देने के सम्बन्ध मे थाना जसराना पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें विवेचना में स चार अभियुक्तगण धनदेवी पत्नी स्व0 महावीर सिंह, डालचन्द पुत्र स्व0 महावीर सिंह, प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 महावीर सिंह, सुमन बाबू पुत्र स्व0 महावीर सिंह निवासीगण गदनपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा चुका है, गुरुवार को मुकदमें में वांछित अभियुक्त रमेशचन्द्र उर्फ साधू पुत्र बलवन्त सिह निवासी गदनपुर थाना एका फिरोजाबाद को मुस्तफाबाद अवागढ़ तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय में पेश किया है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने किया होटल रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों का निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आगामी त्योहारों (महाशिवरात्रि एवं होली) के दृष्टिगत जनपद में आम जनमानस एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु फरवरी माह में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान, वृन्दावन, बरसाना, गोवर्धन, बल्देव, छाता, मांट में संचालित होटल/रेस्टोरेण्ट, मिठाई की दुकानों, डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष सतर्कता अभियान के अन्तर्गत सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मिलावट में संदेह के आधार पर नमूनों का संग्रहण, कालातीत तिथि (एक्सपायरी) एवं सडे-गले खाद्य/पेय पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया। इस अभियान में अब तक खाद्य/पेय पदार्थों जैसे-मिठाई, पेड़ा, मिल्ककेक, बूंदी लड्डू, रिफायण्ड सोयाबीन तेल, सरसों का तेल, पनीर, दूध, सोयाबीन दाल एवं बेसन आदि के नमूने संग्रहित किये गये। साथ ही खाद्य कारोबारकताओं को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने व आस-पास स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रतिष्ठानों पर ढक्क्नयुक्त डस्टबिन करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय/भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। खाद्य कारोबारकताओं को निर्देशित किया जाता है कि पैक्ड कुट्टू का आटा व अन्य व्रत के खाद्य पदार्थों जिन पर निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि अंकित हो, का ही विक्रय करें। यदि जनपद में मिलावटी/दूषित खाद्य पदार्थ के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कोई घटना घटित होती है तो सम्बन्धित निमार्ता/खाद्य कारोबारकर्ता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही आमजनमानस से अपील की जाती है कि महाशिवरात्रि पर्व पर खुले कुट्टू के आटे का प्रयोग न करें, इसके सेवन से फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।

## डीएमने किया विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने गुरुवार को जनपद के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया, इस क्रम में वह सर्वप्रथम प्रोवेशन विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया, जहां भवन की दीवारें आदि गन्दी पाई गयी, जिलाधिकारी ने काउन्सलर की उपस्थिति पंजिका में स्टाफ की स्थिति की जानकारी की, उस दौरान वन स्टॉप सेन्टर में एक मुस्कान नाम की मरीज महिला मिली, उसके बारें में जिला प्रोवेशन अधिकारी से विस्तार से जानकारी प्राप्त की, इसी के साथ निर्देशित किया कि वन स्टॉप सेन्टर में गन्दगी को दूर करायें और नये भवन में इसे शिफ्टिंग करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसके पश्चात आश्रम पद्धति विद्यालय वजीरपुर जेहलपुर गयें, जहां पर प्रधानाध्यापक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस विद्यालय में 286 छात्र अध्ययनरतहै, साथ ही यहां 16 अध्यापक कार्यरतहै, वहां पर छात्रों को मिलें टेबलेट पर गणित की कक्षाऐं चलाई जाती है, लेकिन जिलाधिकारी के अवलोकन करने पर अध्यापक द्वारा टेबलेट का संचालन सही तरीके से नही कर पाया जिस पर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखें, उन्होने कहा कि जो भी उपकरण मिलें है उनका सही प्रयोग करना आना चाहिए, अन्यथा उसकी कोई उपयोगिता नही रह जाती, साथ ही साथ जिलाधिकारी यहां संचालित प्रयोगशाला को भी देखने गए जहां उन्होने जीव विज्ञान विषय से सम्बन्धित बच्चों से प्रश्न भी किए, साथ ही जिलाधिकारी ने कक्षा 9 के छात्रों से भौतिक विज्ञान में गति का फामुर्ला पूछा और गति से सम्बन्धित प्रशन को हल करने को भी कहा लेकिन कोई भी छात्र प्रशन को हल नही कर सका, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कक्षा 11 के छात्रों से भौतिक विज्ञान से सम्बन्धित प्रशन किए परंतु कोई भी छात्र इसका समुचित उत्तर नही दे पाया, जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि छात्रों की उपस्थिति प्रत्येक दिन समय से लें और जो भी विषय पढ़ाये उसे उदाहरण देकर सही ढंग व तार्किक रूप से पढ़ाये, जिससे छात्रों की पढ़ाई में सुधार आएं, निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम के आदेश पर तहसीलदार ने पीड़ित का नाम खतौनी में कराया दर्ज

**मथुरा।** ग्राम फैचरी निवासी सुखराम पुत्र छिद्दा की कृषि भूमि मौजा सकना की गाटा संख्या 170 मि० रकवा 3.7840 हे० पर दर्ज सहखातेदार की गलत वरासत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज कर दी गई थी। सुखराम पुत्र छिद्दा द्वारा तहसील में आकर शिकायत की गई थी, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिकायत की जांच तहसीलदार सदर को सौंपी गई। जांच तहसीलदार सदर द्वारा की गई। जांच में सुखराम पुत्र छिद्दा जीवित पाए गए। सुखराम पुत्र छिद्दा की गलत विरासत करने के दोषी लेखपाल रितेश के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्थित की गई तथा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु नोटिस दिया गया। तहसीलदार द्वारा अपने न्यायालय से त्रुटिपूर्ण वरासत को निरस्त कर पुनः सुखराम पुत्र छिद्दा का नाम यथावत दर्ज करने का आदेश पारित कर खतौनी में दर्ज कराकर खतौनी सुखराम को प्रदान की गई।

## ओवरलोड डंपरो का सिलसिला लगातार जारी



**टूंडला।** नगर के सुभाष चौराहा से गुजरते ओवर लोड डंपरो का सिलसिला लगातार जारी है। बता दें आगरा से एटा की तरफ टूंडला सुभाष चौराहा से होकर रोजाना दर्जनों रेत गिट्टी बालू के ओवर लोड डंपर गुजरते हैं, इन डंपरो पर आरएस उपाध्याय का साइन बोर्ड लगा हुआ है, जिन्हे रोकने की कोई प्रशासनिक अधिकारी हिम्मत नहीं करता रोजाना महीनों से ये ओवर लोड डंपर बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। जबकि मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओवरलोड वाहनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। मीडिया द्वारा बार बार खबर प्रकाशित किए जाने के बावजूद परिवहन विभाग व अन्य कोई प्रशासनिक अधिकारी इन पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। जिससे प्रतीत होता है कि कहीं न कही डंपर मालिक की पहुंच बड़े सत्ता धारी राजनेताओं से है। इन ओवर लोड डंपरों में प्रेशर हॉर्न लगे हुए हैं जिससे छोटे वाहन चालक कई बार हड़बड़ाहट में एक्सीडेंट होकर चोटिल हुए हैं। वहीं इतनी बड़ी संख्या में रोजाना गुजर रहे इन डंपरों से सुभाष चौराहा पर जाम लग जाता है। आखिर कब लगेगी इन पर लगाम कब इन पर कार्यवाही की जाएगी यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है।

## राज्य महिला आयोग सदस्या ने की महिलाओं की जनसुनवाई



**फिरोजाबाद।** उप्र राज्य महिला आयोग सदस्या मीना कुमारी ने आज लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में महिलाओं की जनसुनवाई की। राज्य महिला आयोग की सदस्या ने विभागवार जानकारी ली, उन्होंने सबसे पहले श्रम विभाग के अधिकारियों से पूछा कि आपके यहां कितने रजिस्ट्रेशन हुए है, उन्होने बताया कि हमारे यहां उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत लगभग दो लाख 94377 रजिस्ट्रेशन हुए हैं, एवं ई श्रम रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत लगभग दस लाख 85 हजार पंजीयन हो चुके है, वर्तमान में बेबसाइट चल रही है, ब्लाकों और नगर पालिकाओं में कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण कराए जा रहें है, उन्होंने महिलाओं के लिए योजनाओं की गहनता से समीक्षा की और श्रम विभाग एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपके विभाग में जो योजनाएं शासन के द्वारा चल रहीं है, उनको धरातल पर क्रियान्वित कराकर लोगों तक लाभ पहुंचाएं, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से शादियों के रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली और उनको निर्देशित कि आपके यहां योजनाएं अधिक हैं इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचाएं, उन्होंने पेंशन के बारे में पूछा कि जिस-जिस व्यक्ति की रुकी हुई पेंशन थी उनको मिली कि नहीं, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने डूडा विभाग के सर्वे के बारे में भी जाना, उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कस्तूरबा विद्यालयों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, उन्होंने बन स्टॉप सेंटर की भी जानकारी ली की वहां क्या स्थिति है और वहां महिलाओं कि स्थिति के बारें में भी जाना, उन्होंने महिला थाना प्रभारी से भी कार्यों के बारे में जाना की कितने केस दर्ज हुए हैं और कितने पेंडिंग हैं और कितनी बार नोटिस देकर मामले को सुनती हैं, उन्होंने महिला थाना को निर्देशित किया कि मामले को ज्यादा लम्बा नही करायें, मामले को गुणवत्तापूर्ण रूप से निपटाएं और प्रकरण की हर एक स्थिति की जांच करें, उन्होंने पूछा की कितनी एफआईआर दर्ज हुई है उसका डाटा भी उपलब्ध कराऐं।

इस दौरान शिकायतकत्री मीरा देवी पत्नी रमेश चन्द्र निवासी जैन नगर खेडा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गरीब महिला है व मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है, उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए पैसे जोडे थे पडोस की महिला रामश्री उर्फ कमलेश उसके पास आई और कहा कि मेरे भाई वेदप्रकाश की पुलिस में नौकरी लग रही है, हमे तीन लाख रू0 की अचानक जरूरत पड गयी है जिस पर उसने रामश्री उर्फ कमलेश को पेसे दे दिए अब पैसे वापस नही कर रहें है और मारपीट कर रहे है, इस शिकायत को गम्भीरता दिखाते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्या ने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी इसकी जांच गम्भीरतापूर्वक करें, और इस महिला को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

## महाराजा सूरजमल की जयंती मनायी

**मथुरा।** श्री वाटिका में हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल की जयंती पर अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर मालाअर्पण किया गया। वक्ताओ ने महाराजा सूरजमल के जीवन, त्याग और बलिदान से अवगत कराया। अध्यक्ष ने जाटों के इतिहास की जानकारी दी। श्री वाटिका गिराज से वाटिका मार्ग का नाम महाराजा सूरजमल जाट रखने का प्रस्ताव रखा गया.उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सुभाष चौधरी, सतवीर सिंह, शिवराज सिंह, देशवीर सिंह, विजेंद्र सिंह परिहार, लाखन सिंह, गुडू पहलवान, शेरा पहलवान, मुकेश चाहर, हरिवंश, हरिओम चैधरी, हरी गोपाल, सतीश चैधरी, अमित, दिलीप, विजय गजू, सुखवीर सिंह प्रधान, हरवीर सिंह अजय, कान्हा आदि उपस्थित रहे।

## प्रदत्त वसूली लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में लायें तेजी : जिलाधिकारी

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कर करेत्तर एवं राजस्व प्रशासन कार्य, वादों, आईजीआरएस संदर्भ, आदि (स्टाफ बैठक) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक दौरान कहा कि मुख्य देय वसूली में एसडीएम व तहसीलदार रुचि लें। उन्होंने कहा कि तहसील की बड़ी 25 आर सी का मिलान ज्वाइंट रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों को शासन द्वारा प्रदत्त वसूली लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में तेजी लाएं। वित्तीय वर्ष समाप्ति को लगभग 1 माह से कुछ अधिक का समय शेष है। सभी विभाग प्लानिंग करते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं ताकि वार्षिक वसूली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। आरसी से संबंधित विभागों के अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि आरसी जारी करते समय पोर्टल पर सही से मिलान कर लिया जाए। ऑनलाइन आरसी जारी करने के बाद समय से आरसी की कॉपी उपलब्ध करा दे, जिससे आरसी की वसूली समय से सुनिश्चित कराई जा सके। जिलाधिकारी ने मालकर, वाहन कर, यात्री कर की समीक्षा करते हुए शासन द्वारा प्रदत्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति लिए रणनीति बनाते हुए कार्य करने की सलाह दी। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में और प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अन्य प्रदेशों से प्राप्त आरसी का समय से निस्तारण कराया जाए। बैठक में विभिन्न राजस्व धाराओं में दायर वादों के समय से निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में निर्देशित किया गया कि पुराने वादों को मेरिट के आधार पर समय से निस्तारित करें। न्यायालय से जारी होने वाले आदेशों को रजिस्टर एवं ऑनलाइन दर्ज प्रतिदिन कराया जाए। बैठक में सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए गए, समस्त उप जिलाधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अधीनस्थों के साथ समय-समय पर बैठक करते रहे। सभी उप जिलाधिकारी समय से न्यायालय का कार्य करें, न्यायिक अधिकारी अपने अपने न्यायालय का निरीक्षण करें, इस महीने सभी न्यायिक अधिकारी ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## राजकीय लोहवन में हुआ दसवीं छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह

**मथुरा।** राजकीय हाई स्कूल, लोहवन में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह/ आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र /छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पूरे वर्ष बेहतर कार्य करने पर सम्मानित भी किया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड कक्षा 10 के असलम को दिया गया और लड़कियों में ये पुरस्कार एकता दिवाकर को दिया गया, साथ ही अनि षका और गौरी, रनर अप रही इस अवसर पर सभी अध्यापिकाओं ने बच्चों को उनके बड़े जीवन में अच्छा करने के लिए उनको उत्साहित किया, साथ ही बच्चों के समक्ष उनके द्वारा पूरे वर्ष भर किए गए कार्यों और पुरस्कारों पर सभी को अवगत कराया। विद्यालय में आज खान अकादमी से एहसान खान विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया से श्री अनुभव पांडे मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय में स्नेहुल सोलर कंपनी गुड़गांव से प्राप्त वाटर कूलर, इनवर्टर बैट्री, माइक सिस्टम प्राप्त करने के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित भी किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती कविता सक्सेना ने बच्चों को परीक्षा से पूर्व किस प्रकार से तैयारी करें, इस विषय पर उन्हें बताया और आगे भविष्य में अपनी राह कैसे चुने यह भी बताया और उन्हें कहा कि उनके शिक्षक उनके लिए सहायता के लिए 24/7 तैयार है, किसी को भी कोई समस्या हो तो वह तुरंत अपने अध्यापिका से संपर्क करें और अपनी उलझन को दूर करें अपने किसी परेशानी को छुपाई ना अपने जीवन की बेहतरीन के लिए सदैव अपने गुरुओं को सलाह लेते रहें बच्चों को दोपहर का भोजन प्रेम पूर्वक कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा परोस कर करवाया गया इस अवसर पर बच्चों ने अपनी रंग रंगीली प्रस्तुतियां भी दी।

## धूमधाम से मना महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव

**टूंडला।** नगर में महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गुरुवार को जाट हृदय सम्राट वीर शिरोमणि अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया समाज के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पअर्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर नगर में दर्जनों आकर्षण झाकियों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा दीपा चौराहा से शुरू हुई और नगर के स्टेशन रोड़ भारत माता चौक स्वामी विवेकानंद चौक सब्जी मंडी सुभाष चौराहा होते हुए एटा रोड़ तहसील पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता चौक स्थित भाजपा नगर कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।



शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि सम्मलित हुए फतेहपुर सीकरी भाजपा विधायक चौ. बाबूलाल ने कहा सूरजमल का जन्म 13 फरवरी 1707 को राजस्थान के भरतपुर में हुआ, उनके पिता का नाम राजा बदन सिंह व माता रानी देवकी था। राजा सूरजमल में वीरता धीरता गंभीरता उदारता सतर्कता, दूरदर्शिता सूझबूझ चातुर्थ से सुशोभित थे। सूरजमल के समकालीन एक इतिहासकार ने उन्हें जाटों का प्लेटों कहा है, राजा सूरजमल ने अपने जीवन काल में मुगालो व अन्य राजाओ से 80 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की भरतपुर के लोहागढ़ किले पर 13 बार आक्रमण करने के उपरांत भी कभी मुगल व अन्य किले को जीत नही पाए। अंतरास्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री लोकेंद्र पोनिया ने बताया कि महाराजा सूरजमल जाट हिंदू राजा थे उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार कर उसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया था। वे एक कुशल प्रशासक दूरदर्शी व कूटनीतिज्ञ थ। उन्होंने मुगलों के आक्रमण का मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने 1743 में उसी जगह पर भरतपुर नगर की नींव रखी थी। उन्होंने अभेद्य लोहागढ़ किला बनवाया था। उन्होंने आगरा नगर की रक्षा करने वाली मुगल सेना पर अधिकार कर लिया था। उन्होंने दीन-दुखियों दलितों शरणागतों, और महिलाओं की रक्षा की थी। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि चौ. बाबूलाल चौधरी अमित सिंह भाजपा विधायक प्रेम पाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन मनु चौ. संजीव लकड़ा भवानी सिंह किरमारा, मुख्य संयोजक लोकेंद्र सिंह पौनियां, उदय प्रताप वर्मा, डॉ गौतम सिंह, डॉ.ब्रजपाल पुनिया, शरद पूनिया बीनू वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चौ.भंवर सिंह उत्तम सिंह महेंद्र सिंह जुरेल रालोद के जिलाध्यक्ष देशराज सिंह जाट महासभा जिलाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## कोका-कोला ने जारी किये वित्तीय नतीजे

नई दिल्ली। कोका-कोला कंपनी ने चौथी तिमाही और वर्ष 2024 के वित्तीय नतीजों में यह दिखाया कि इस उद्योग में लगातार विकास की संभावनाएं बनी हुई हैं। हमारी रणनीति हर स्थिति में कारगर साबित हो रही है और हम लगातार बदलते माहौल में भी अपनी नेतृत्व क्षमता दिखा रहे हैं। हमारी वैश्विक पहुंच, स्थानीय बाजारों की समझ और हमारी टीम और सिस्टम की कड़ी मेहनत हमें आने वाले बड़े अवसरों का लाभ उठाने के लिए सबसे मजबूत स्थिति में रखती है। जनवरी, फरवरी और दिसंबर 2024 में, कंपनी ने भारत के कुछ क्षेत्रों में अपने बॉटलिंग कारोबार का पुनर्गठन किया। वर्ष 2024 की चौथी तिमाही और 31 दिसंबर 2024 को समाप्त पूरे साल के दौरान, कंपनी ने भारत में बॉटलिंग कारोबार के पुनर्गठन से क्रमशः 13 मिलियन डॉलर और 303 मिलियन डॉलर का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया।

## वनप्लस की 'रेड रश डेज' सेल की घोषणा

नई दिल्ली। वनप्लस ने आज भारतीय समुदाय के लिए एक नई रोमांचक पहल 'रेड रश डेज' सेल की घोषणा की - जो 11 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलेगी। इस अवधि के दौरान, भारतीय लोग फ्लैगशिप स्मार्टफोन, नॉर्ड सीरीज और आईओटी डिवाइस सहित वनप्लस के पसंदीदा उत्पादों पर विशेष छूट, रोमांचक बैंक ऑफर और आकर्षक ईएमआई योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। वनप्लस की 'रेड रश डेज' सेल एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य समुदाय को वर्षों से वनप्लस में उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए लाभान्वित करना है। यह पहल वनप्लस के नेवर सेटल सिद्धांत के अनुरूप है, जो समुदाय को सीमित समय अवधि के लिए रियायती कीमतों पर लोकप्रिय वनप्लस उत्पादों को प्राप्त करने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है।

## 286 किलोमीटर की दूरी से हुई पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी

नई दिल्ली। एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है।

## चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगी टाटा.ईवी

बंगलुरू। टाटा.ईवी ने आज देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए एक साहसिक, अभूतपूर्व पहल की घोषणा की है। 200,000 ईवी बेचने की उपलब्धि हासिल करने के बाद टाटा.ईवी ने 2027 तक देश में उपलब्ध चार्ज पॉइंट की संख्या को दोगुना से भी ज्यादा बढ़ाकर 400,000 करने का लक्ष्य रखा है।

## शार्क टैंक इंडिया 4 में दिखेंगी प्राची भाटिया की कहानी

बंगलुरू। घर की सजावट को अक्सर शानो-शौकत से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन दिल्ली की ब्रांड 'चोखट', जिसे प्राची भाटिया ने 2018 में शुरू किया था, का मिशन इसे हर किसी की पहुंच तक लाना है। हस्तशिल्प की खूबसूरती और बारीक डिजाइन के मेल से बना 'चोखट' सिर्फ सजावट का नाम नहीं, बल्कि घर में अपनापन और गर्माहट भरने की एक कोशिश है। शार्क टैंक इंडिया 4 सोनी लिव पर प्राची भाटिया की यह यात्रा दिखेगी। अब वह शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर हैं।

## जी 5 की फिल्म "Mrs." ने ओपनिंग वीकेंड दर्ज किया

नई दिल्ली। इंडिया और 'भारत' के सबसे बड़े स्वदेशी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, जी5, ने फिल्म "Mrs." की अभूतपूर्व सफलता का जश्न मनाया। यह फिल्म 150 मिलियन से अधिक स्ट्रीमिंग मिनट्स के साथ जी5 के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ी ओपनिंग वीकेंड साबित हुई है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के शानदार अभिनय से सजी यह फिल्म अपनी दमदार कहानी के चलते पूरे भारत में दर्शकों के दिलों को छू रही है। यही कारण है कि यह फिल्म न केवल जी5 पर रिकॉर्ड व्यूअरशिप हासिल कर रही है, बल्कि गुगल पर सबसे अधिक खोजी जाने वाली फिल्म बन गई है।

# सेंसेक्स में 32 अंकों की गिरावट



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार सातवें दिन हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चुनिंदा आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक यानी 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,764.53 के उच्चतम और 76,013.43 के निम्नतम स्तर को छुआ। इस तरह निचले और ऊपरी स्तर के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 13.85 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 23,031.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी तरफ सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और जोमैटो के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 4,969.30 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के कारण बाजार में शुरुआती आशावाद के बावजूद अनिश्चित वैश्विक संकेतों और कमजोर कॉरपोरेट आय के चलते ऊपरी स्तरों से गिरावट हुई। इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में बढ़ती रुचि के कारण एफआईआई अधिक प्रतिफल के लिए चीन के प्रौद्योगिकी शेयरों की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने कहा कि कारोबारियों की अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच होने वाली बैठक के नतीजों पर नजर है। चुनिंदा बैंकिंग, ऑटो, आईटी और एफएमसीजी शेयरों में कमजोरी के कारण प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। इस बीच एफआईआई ने बिकवाली का अपना रुख कायम रखा है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मिडकैप सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो आईटी खंड में 0.93 प्रतिशत, एफएमसीजी में 0.66 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 0.64 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 0.44 प्रतिशत और तेल एवं गैस में 0.34 प्रतिशत की गिरावट हुई।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे बढ़कर 86.92 पर बंद हुआ



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर लगभग स्थिर बंद हुआ। डॉलर के कमजोर रहने और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मिले समर्थन के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती के रुख ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी फंडों के निरंतर धन निकासी ने रुपये पर दबाव डाला और इसकी बढ़त को रोक दिया।

हालांकि, अमेरिकी आंकड़ों में उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति दिखाए जाने के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से डॉलर कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.82 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार के दौरान 86.77 के उच्च स्तर को छू गया। हालांकि, डॉलर के मुकाबले रुपया 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद होने से पहले दिन के निचले स्तर 86.94 को छू गया, जो पिछले बंद से तीन पैसे अधिक था। बुधवार को रुपया, डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 86.95 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक और एफआईआई की बिकवाली के दबाव के बीच बृहस्पतिवार को रुपया सपाट से लेकर सकारात्मक तक रहा। उन्होंने कहा कि घरेलू इक्विटी में समग्र कमजोरी और अमेरिकी डॉलर में अंतर्निहित मजबूती के बीच रुपये के नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार करने की उम्मीद है। एफआईआई की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, रिजर्व बैंक द्वारा आगे कोई हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तरों पर सहारा दे सकता है। व्यापारी अमेरिका से पीपीआई डेटा से संकेत ले सकते हैं। उन्होंने डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 86.60 से 87.30 रुपये के बीच रहने का अनुमान लगाया। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.33 प्रतिशत गिरकर 107.47 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.17 प्रतिशत गिरकर 74.30 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

# यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से जनवरी में सर्वाधिक 3.99 लाख यात्री वाहन बिकेः सियाम

नयी दिल्ली। यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 3,99,386 इकाई हो गई। जनवरी माह में दर्ज यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है जिसे यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से समर्थन मिला।

उद्योग संगठन सियाम की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, जनवरी 2024 में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 3,93,074 इकाई रही थी। यूटिलिटी वाहनों की आपूर्ति जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,12,995 इकाई हो गई जबकि जनवरी, 2024 में यह संख्या 2,00,917 इकाई थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री 1,27,065 इकाई पर स्थिर रही, जो जनवरी 2023 में l,26,505 इकाई थी। वैन की आपूर्ति जनवरी 2024 में 12,019 इकाइयों से 6.4 प्रतिशत घटकर पिछले महीने 11,250 इकाई रह गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि यात्री वाहनों ने जनवरी 2025 में 3.99 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जो जनवरी 2024 की तुलना में 1.6 प्रतिशत अधिक है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पिछले महीने 1,73,599 वाहन बेचे, जो जनवरी 2024 की 1,66,802 इकाई की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। वहीं हुंदै मोटर इंडिया ने 54,003 वाहनों की बिक्री की जो जनवरी 2024 के 57,115 वाहनों से पांच प्रतिशत कम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री जनवरी में बढ़कर 50,659 इकाई हो गई जो जनवरी 2024 में 43,068 इकाई थी। सियाम ने कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 15,26,218 इकाई हो गई, जबकि जनवरी 2024 में यह 14,95,183 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,48,201 इकाई हो गई। जनवरी में मोटरसाइकिल की बिक्री सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत घटकर 9,36,145 इकाई रह गई।

# एनबीएफसी ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें : आरबीआई गवर्नर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों से कहा कि वे ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें और शिकायतों के तत्काल निवारण के लिए एक प्रणाली बनाएं।

आरबीआई गवर्नर ने सरकारी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी), आवासीय वित्त कंपनियों और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों सहित सभी स्तरों पर चुनिंदा एनबीएफसी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात में यह बात कही। बैठक में शामिल एनबीएफसी कंपनियों की कुल एनबीएफसी क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि मल्होत्रा ने छोटे व्यवसायों और विशिष्ट क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने के मामले में एनबीएफसी की भूमिका रेखांकित की। रिजर्व बैंक और एनबीएफसी के बीच आवश्यक सहयोग के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गवर्नर ने समावेशी विकास, ग्राहक संरक्षण और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वृद्धि आकांक्षाओं को ठोस प्रथाओं के साथ संतुलित करने पर जोर दिया। गवर्नर ने ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने और त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली लागू करने के महत्व को भी रेखांकित किया। वित्तीय समावेशन की दिशा में अपने योगदान को आगे बढ़ाने के लिए एनबीएफसी से आग्रह करते हुए, गवर्नर ने उनसे रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित किए जा रहे यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) का हिस्सा बनने का अनुरोध किया। संवाद सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने क्षेत्र, विभिन्न उद्योग-स्तरीय पहलों और रिजर्व बैंक से अपनी अपेक्षाओं पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। यह बैठक रिजर्व बैंक की अपनी विनियमित संस्थाओं के बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन के साथ जुड़ाव की श्रृंखला का एक हिस्सा थी। चुनिंदा एनबीएफसी के साथ पिछली ऐसी बैठक 25 अगस्त, 2023 को हुई थी। बैठक में स्व-नियामक संगठनों (एसआरओ), सा-धन और माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन) के साथ-साथ वित्त उद्योग विकास परिषद (एफआईडीसी) के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर और स्वामीनाथन जे के साथ-साथ विनियमन, पर्यवेक्षण और वित्तीय समावेशन के प्रभारी कार्यकारी निदेशक भी शामिल हुए।

# सरकार पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को फरवरी से आगे नहीं बढ़ायेगीः प्रह्लाद जोशी

नयी दिल्ली। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को फरवरी से आगे नहीं बढ़ाएगी।

इस मामले पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली मंत्री-समूह (जीओएम) की बैठक में चर्चा की जाएगी। जोशी ने दलहन सम्मेलन-2025 के दौरान संवाददाताओं से कहा, हम पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात पर रोक लगाने जा रहे हैं। सरकार ने दिसंबर, 2023 में पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी और बाद में इसे तीन बार बढ़ाकर 28 फरवरी, 2025 तक किया गया था। उन्होंने कहा कि खाद्य मंत्रालय ने अपनी टिप्पणी दे दी है और पीली मटर पर सीमा शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय मंत्री-समूह द्वारा लिया जाएगा। इस बीच, भारतीय दलहन एवं अनाज संघ (आईपीजीए) के चेयरमैन बिमल कोठारी ने कहा कि सरकार किसानों के हित में पीली मटर के आयात पर प्रतिबंध लगा सकती है। उम्मीद है कि इसे (पीले मटर का शुल्क-मुक्त आयात) आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

## श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही कोका-कोला इंडिया

नई दिल्ली। महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर, जब लाखों श्रद्धालु एकत्र हो रहे हैं, कोका-कोला इंडिया स्थानीय समुदायों की बेहतरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। कंपनी न केवल श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने का काम कर रही है, बल्कि हजारों स्थानीय विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों और कचरा प्रबंधन से जुड़े श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही है। इस पहल के तहत रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं और महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। कोका-कोला इंडिया का खुदरा और वितरण नेटवर्क इस सकारात्मक बदलाव के केंद्र में है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति और वैश्विक पहचान को मजबूत करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप, कोका-कोला इंडिया ने एसएलएमजी बीवरेजेस के सहयोग से 500 हाइड्रेशन कार्ट (पानी के ठेले) लगाए हैं, जिन्हें स्थानीय विक्रेता चला रहे हैं। ये कार्ट श्रद्धालुओं को आसानी से ठंडे पेय उपलब्ध करा रहे हैं।

## न्यूरोबियन का सबसे बड़ा बी अभियान लॉन्च

मुंबई। लगभग आधे भारतीय वयस्क विटामिन-बी की कमी के लक्षणों से पीड़ित हैं जिसमें झुनझुनी, सुन्नता और कमजोरी जैसे लक्षण शामिल हैं। यह कमजोर तंत्रिका स्वास्थ्य के कारण हो सकता है, जिसे पेरिफेरल न्यूरोपैथी के रूप में जाना जाता है। विशेष रूप से, ये सूक्ष्म लक्षण अक्सर पकड़ में नहीं आते हैं, जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग तंत्रिका क्षति के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। स्वस्थ तंत्रिकाओं को बनाए रखने के महत्व पर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से, भारत के #1 तंत्रिका देखभाल ब्रांड न्यूरोबियन ने अपना नया अभियान - 'सबसे बड़ा बी' शुरू किया है। यह अभियान विटामिन बी के लाभों और तंत्रिका क्षति के शुरूआती लक्षणों के बारे में व्याप्त ज्ञान की कमी को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में एक अगला कदम है।

# राजस्थान की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य से काम कर रही सरकारः भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसके लिए सरकार तथा निजी क्षेत्र द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। हम सभी के प्रयासों से नए राजस्थान, बदलते राजस्थान, राइजिंग राजस्थान का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एपल, माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, सिस्को, एडोब जैसी कई वैश्विक कंपनियों से साझेदारी की है। बड़ी संख्या में इच्छुक युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र खनन, पर्यटन, कपड़ा एवं परिधान जैसे क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा नई नीतियां लाई गई हैं। उन्होंने आह्वान किया कि निवेशक राज्य सरकार द्वारा जारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए राज्य में निवेश करें। हमने राइजिंग राजस्थान सम्मेलन के पहले वर्ष में ही 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने निवेशकों की सुविधा के लिए डेटा सेंटर नीति, एवीजीसी-एक्सआर नीति और राजस्थान निवेश प्रोत्साहन जैसी नई नीतियां शुरू की हैं।

## लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंताः एडलवाइज

नई दिल्ली। भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की जिंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार 60 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफी नहीं है। पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### मणिपुर में लगा

को कहा कि राज्य प्रशासन को तीन मई 2023 से अवैध आव्रजन से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जब प्रदेश में जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों अन्य बेघर हुए हैं। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि सीमावर्ती राज्य में अवैध आव्रजन लगातार बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक ताना-बाना खतरे में पड़ रहा है। सिंह ने नौ फरवरी को मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, राज्यपाल ने उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था होने तक पद पर बने रहने को कहा था। मणिपुर में बृहस्पतिवार शाम राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। मूल निवासी मित्रों को संबोधित करते हुए सिंह ने अपने पोस्ट में कहा, हमारी भूमि और पहचान खतरे में है। एक छोटी आबादी और सीमित संसाधनों के मद्देनजर हम बहुत संवेदनशील हैं। मैंने दो मई 2023 तक लगातार अवैध आव्रजन पर नजर रखी और उसका पता लगाया। लेकिन तीन मई 2023 की दुखद घटनाओं के बाद हमारा राज्य प्रशासन प्रभावी ढंग से जवाबी कार्वाई करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### राष्ट्रपति ट्रंप

झंडे लहराए और भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं मोदी मोदी के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अमेरिका में स्वागत किया।

मोदी ने एक्स पर लिखा, ठंड के मौसम में गर्मजोशी से स्वागत। भारतीय प्रवासियों ने ठंड के बावजूद वाशिंगटन डीसी में मेरा बहुत ही खास स्वागत किया है। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की और भारत-अमेरिका मित्रता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि गबार्ड भारत-अमेरिका संबंधों की प्रबल समर्थक रही हैं। मोदी ने 43 वर्षीय हिंदू-अमेरिकी गबार्ड की देश की शीर्ष खुफिया अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में गबार्ड की नियुक्ति को बुधवार को मंजूरी मिली थी। ट्रंप प्रशासन के किसी शीर्ष नेतृत्व के साथ मोदी की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले फ्रांस में रात्रिभोज के दौरान उन्होंने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की थी जो एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां पहुंचे थे। ट्रंप की शुल्क नीति से दुनिया भर में मची हलचल के बीच मोदी की इस यात्रा की संभवतः यह प्राथमिकता होगी कि अमेरिका द्वारा भारत के खिलाफ की जा सकने वाली व्यापार संबंधी किसी भी कार्वाई को रोका जा सके। भारत-अमेरिका संबंधों पर करीब से नजर रखने वाले विशेषज्ञों ने संभावना जताई कि दोनों पक्ष उच्च शुल्क से बचने और समग्र व्यापार समझौते पर विचार करने के विकल्प की संभावना तलाश रहे हैं। इस बैठक में मोदी और ट्रंप व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी और आव्रजन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि अपनी व्यक्तिगत मित्रता के लिए जाने जाने वाले मोदी और ट्रंप के बीच बैठक किस तरह का व्यापक संकेत देती है। बातचीत में आव्रजन और शुल्क जैसे संवेदनशील मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री की अमेरिकी राजधानी की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब कुछ दिन पहले ही ट्रंप प्रशासन ने 104 भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़कर एक सैन्य विमान से उनके देश वापस भेजा था, जिससे भारत में आक्रोश फैल गया था। पिछले सप्ताह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में कहा था कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के संपर्क में है कि निर्वासित किए जाने वाले भारतीयों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार नहीं हो। एक और बड़ा मुद्दा व्यापार का है क्योंकि ट्रंप की नीति प्रतिद्वंद्वियों और सहयोगियों दोनों पर शुल्क लगाने की है। मोदी की अमेरिका यात्रा ट्रंप द्वारा अमेरिका में वैश्विक इस्पात और एल्यूमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के तुरंत बाद हुई है। इस कदम से अमेरिका को इस्पात और एल्यूमीनियम निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों पर असर पड़ने की आशंका है।

### सीएम योगी

मध्यम आय वर्ग के लोगों के वैवाहिक आयोजन, मांगलिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण तरीके से हो सकें। इस कल्याण मंडपम में सभागार, डॉरमेट्री, 6 रूम, किचन और लॉन भी है। सीएम योगी ने कहा कि कल्याण मंडपम गरीबों, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए स्थायी संपदा हैं जहां फाइव स्टार सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से विकास यात्रा में सहभागी बनने और स्वच्छता के प्रति आग्रही बनने की अपील की। इसके लिए आज विमोचित स्वच्छता कॉमिक का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 40 वर्ष में गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश ने गंदगी के कारण होने वाली मौतों को देखा है। गंदगी, कूड़ा, तालाबों को पाटने और नालियों के चोक होने के परिणामस्वरूप इंसेफेलाइटिस से बड़े पैमाने पर मौतें होती थीं। लोगों के स्वच्छता के प्रति आग्रही बनने, स्वच्छ भारत मिशन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों के परिणाम से आज इंसेफेलाइटिस पूरी तरह समाप्त है। सभी लोगों को स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने का संकल्प लेना होगा। सीएम योगी ने कहा कि हम लोग आज जहां खड़े हैं, वहां खोराबार की मेडिसिटी/टाउनशिप परियोजना में हर आय वर्ग के लोगों के लिए आवास का सपना साकार हो रहा है। यहां ईडब्लूएस, एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी के मकान बन रहे हैं, प्लॉट भी उपलब्ध करवाए गए हैं। लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव व गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया।

### जगद्गुरु

यज्ञशाला पहुंचे और आञ्जनेय हवन में सम्मिलित हुए। यहां हवन के बाद जगद्गुरु शंकराचार्य और गोरक्षपीठाधीश्वर ने भगवान आदि शंकर व गुरु गोरखनाथ से लोक मंगल और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को शृंगेरी पीठ से लाए दो विशिष्ट स्मृति चिन्ह भेंट किए। हवन अनुष्ठान के उपरांत सीएम योगी ने शंकराचार्य को गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने दोपहर में उन्हें गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार भावपूर्ण विदाई दी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। गुरुवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया।

### वक्फ संशोधन

उल्लंघन करार दिया और भारी हंगामे के बाद उच्च सदन से बहिर्गमन किया। हालांकि, सरकार ने विपक्ष के आरोपों को सच्चाई से परे बताते हुए उन्हें खारिज कर दिया और उस पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जेपीसी की पूरी रिपोर्ट को बगैर किसी संशोधन के पेश किया गया है और इसमें विपक्षी सदस्यों की असहमति टिप्पणी (डिसेंट नोट) को भी शामिल किया गया है। शुद्धिपत्र के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए, सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा यह दर्शाता है कि संसदीय संस्थाएं फल-फूल रही हैं, भावनाओं को ध्यान में रखा जा रहा है, कदम उठाए जा रहे हैं और इससे हमें एक और संदेश जाता है। उन्होंने कहा, इससे यह बात भी सामने आती है कि हमें कानून का सहारा लेना चाहिए न कि किसी ऐसी चीज में शामिल होना चाहिए जिसे लोग स्वीकार नहीं कर सकते या जो उनकी अरुचिकर हो। केवल आदान-प्रदान और बातचीत से ही हल निकल सकता है। धनखड़ ने कहा मैं सरकार का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया। हालांकि, विपक्षी सदस्यों को यह कहते हुए सुना गया कि यह उनके दबाव में किया गया है।

### नर्सिंग कॉलेज

उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। वह दर्द से चीखता दिखा, जो हिलने में असमर्थ था। इसके बाद वरिष्ठ छात्रों ने छात्र के शरीर के विभिन्न हिस्सों में कंपास चुभाया और तेज आवाज में एक, दो, तीन गिनते रहे। फुटेज के मुताबिक, जब पीड़ित दर्द से चिल्ला रहा था, तो आरोपियों ने उसका मजाक उड़ाते हुए सेक्सी बॉडी कहकर ताना मारा और उसे अपमानित किया। पुलिस ने बताया कि तीसरे वर्ष के छात्रों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में रैगिंग की यह क्रूर घटना दर्ज हुई है। यह दुर्व्यवहार लड़कों के छात्रावास में प्रथम वर्ष के नर्सिंग छात्रों को निशाना बनाकर किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए छात्रों में से एक नर्सिंग छात्र संगठन का पदाधिकारी है। पुलिस ने बुधवार को प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में तीसरे वर्ष के पांच छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान सैमुअल जॉनसन (20), राहुल राज (22), जीव (18), रिजिल जीत (20) और विवेक (21) के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, रैगिंग पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी।

### खेल संस्कृति

उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय खेलों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समय-समय पर खिलाड़ियों से भेंट की व उनकी जरूरतों को समझकर हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है और सरकार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार काम कर रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विभिन्न खेल स्थलों पर जाकर खिलाड़ियों से संवाद किया और उनके अनुभवों को साझा किया। सरकार ने न केवल खेलों के आयोजन में अहम भूमिका निभायी, बल्कि खेल सुविधाओं के उन्नयन के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाये।

### भारत ने

समझौता किया, जिससे ओडिशा के धामरा टर्मिनल के माध्यम से क्रायोजेनिक ट्रकों के माध्यम से सालाना 1,000 मीट्रिक टन (टीएमटी) की डिलीवरी सुनिश्चित हुई। तकनीकी मोर्चे पर, ओएनजीसी ने भारत के सबसे बड़े अपतटीय तेल क्षेत्र, मुंबई हाई फील्ड के लिए तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में बीपी को चुना। बीपी फील्ड के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा करेगा, तकनीकी सुधारों को लागू करेगा और उत्पादन को स्थिर और बढ़ाने के लिए काम करेगा। इसके अतिरिक्त, ईआईएल ने रिफाइनिंग, पाइपलाइन संचालन और उत्सर्जन में कमी प्रौद्योगिकियों पर सहयोग करने के लिए बीपी बिजनेस सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अपतटीय खनन में, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड और पेट्रोब्रास ने ब्राजील, भारत और तीसरे देशों में अपस्ट्रीम तेल और गैस परियोजनाओं में संयुक्त रूप से भाग लेने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें व्यापार, कम कार्बन समाधान और डिजिटलीकरण के अवसरों की खोज की गई। ऑयल इंडिया लिमिटेड और पेट्रोब्रास ने भारत के गहरे और अति-गहरे अपतटीय बेसिनों में हाइड्रोकार्बन खनन के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो सरकार की हाइड्रोकार्बन खनन और लाइसेंसिंग नीति के अनुरूप है।

# राज्यसभा के बॉयकाट पर बिफरे नड्डा

## सदन से विपक्ष के बहिर्गमन को बताया राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का जरिया

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन से विपक्ष के बहिर्गमन को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम करार दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल उन लोगों के हाथ मजबूत कर रहे हैं जो देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश किए जाने के खिलाफ विपक्ष के विरोध के दौरान आसन के पास आने वाले सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित किए जाने की भी मांग की।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जेपीसी की रिपोर्ट में विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करार दिया और भारी हंगामे के बाद उच्च सदन से बहिर्गमन किया। नड्डा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आसन की ओर से अपना पक्ष और चिंताओं को रखने का हर मौका दिए जाने के बाद विपक्ष का व्यवहार दर्शाता है कि वे राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, विपक्ष ने बहुत गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया है। इसकी निंदा होनी चाहिए। यह तुष्टीकरण की राजनीति है। ये देश को कमजोर करने के लिए। और सबसे बड़ा सवाल है कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। कुछ लोग इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का आज का बहिर्गमन कार्यवाही में दर्ज होना चाहिए कि ये देशद्रोही गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है, एक अभिव्यक्ति है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग देश को खंडित करना चाहते हैं, कांग्रेस और विपक्ष उनके हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं। नेता सदन ने सदन में हंगामे को बहुत धैर्य से संभालने और दरियादिली दिखाने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ की प्रशंसा की। हालांकि, धनखड़ ने कहा कि उन्होंने दरियादिली नहीं दिखाई है बल्कि उन सदस्यों को गंभीरता से लिया जो आसन के करीब आ गए थे और हंगामा कर रहे थे। उन्होंने कहा, सदन को आज सत्र समाप्त होने से पहले फैसला लेना चाहिए ताकि ऐसे सदस्यों के खिलाफ कार्वाई की जा सके अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर नड्डा ने कहा, उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए और उन्हें आज के लिए निलंबित कर दिया जाना चाहिए।

# सरकारी विभागों का आधुनिकीकरण आवश्यक : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेवा वितरण में दक्षता के लिए जनता की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के मकसद से सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपने तंत्र का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है।

विभिन्न सरकारी सेवाओं के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों, कौशल से अवगत रहने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल तथा पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने को कहा। भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त और लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा वितरण में अधिक गति और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि को लेकर जनता की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। मुर्मू ने कहा, इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपनी प्रणाली का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रौद्योगिकियों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एक मजबूत सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुशासन की नींव है। उन्होंने कहा, तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाना चुनौती का एक और क्षेत्र है। आपको लेखांकन और भुगतान प्रणालियों को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए उपाय करने होंगे। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त अधिकारियों की भूमिका वित्तीय संसाधनों के उपयोग को सर्वाधिक अनुकूल बनाने से कहीं आगे जाती है।

**संक्षेप**

## नाटो ने शांति वार्ताओं में यूक्रेन और यूरोप को शामिल करने पर दिया जोर

ब्रसेल्स। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जल्द बातचीत किए जाने का संकेत मिलने के बाद, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के कई सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी शांति वार्ता से यूक्रेन और यूरोप को दूर नहीं रखा जाना चाहिए। नाटो में शामिल देश ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हिली ने कहा, यह मत भूलिये कि रूस, यूक्रेन के अलावा और देशों के लिए भी खतरा बना हुआ है। अमेरिका ने यह कह कर नाटो को परेशानी में डाल दिया है कि यूक्रेन को कभी भी इस गठबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए तथा यूरोपीय सहयोगियों को आने वाले समय में यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हिली ने नाटो मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, कीव के बिना यूक्रेन के बारे में कोई बातचीत नहीं हो सकती। और किसी भी वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए। स्वीडन के रक्षा मंत्री पेल जॉनसन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने पिछले साल यूक्रेन को लगभग 60 प्रतिशत सैन्य सहायता प्रदान की थी, लिहाजा उन्हें भी वार्ता में शामिल किया जाना चाहिए। खासतौर पर अमेरिका की इस मांग को ध्यान में रखते हुए कि दीर्घ अवधि में यूरोप को यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# एलन मस्क का आह्वान : सारी एजेंसियों को हटाये अमेरिका

दुबई। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में खर्चों में भारी कटौती और प्राथमिकताओं को फिर से तय किए जाने के अपने अभियान के तहत अमेरिका की संघीय सरकार से संपूर्ण एजेंसियों को हटाने का आह्वान किया। मस्क ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में विभिन्न देशों की सरकारों के शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉल के माध्यम से एक व्यापक सर्वेक्षण की पेशकश की, जिसमें उन्होंने ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में बताया, जिनमें थर्मोन्यूक्लियर युद्ध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों के कई संदर्भ शामिल थे। मस्क ने कहा, हमारे यहां वास्तव में नौकरशाही का शासन है, न कि लोगों का शासन - लोकतंत्र।

मस्क काली टी-शर्ट पहनकर सम्मेलन में शामिल हुए जिस पर लिखा था: टेक सपोर्ट। उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि वह व्हाइट हाउस के टेक सपोर्ट हैं। मस्क ने कहा, मुझे लगता है कि हमें बहुत सी एजेंसियों को पीछे छोड़ने के बजाय समस्त एजेंसियों को हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर हम खरपतवार की जड़ों को नहीं हटाते हैं, तो खरपतवार के फिर से उगने की संभावना है।

# हाईकोर्ट के जज को हटाने का अधिकार सभापति के पास

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को व्यवस्था दी कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को हटाने के लिए सदन के कुछ सदस्यों ने जो नोटिस दिया है, उस पर विचार करने का अधिकार सभापति के पास है। धनखड़ ने इस मुद्दे पर अपनी व्यवस्था देते हुए कहा कि उच्च सदन के सदस्यों के 55 हस्ताक्षर वाला एक नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्राप्त हुआ था।

उन्होंने कहा कि इस नोटिस में संविधान के अनुच्छेद 124(4) के तहत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर यादव को हटाने का अनुरोध था। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत इस विषय पर विचार करने का अधिकार विशेष तौर पर राज्यसभा के सभापति तथा वस्तुतः संसद एवं माननीय राष्ट्रपति के पास है।

सभापति ने उच्च सदन के महासचिव को यह निर्देश दिया कि वह इन सूचनाओं से उच्चतम न्यायालय के महासचिव को अवगत करा दें। विपक्ष के विभिन्न सांसदों ने 13 दिसंबर 2024 को न्यायमूर्ति यादव के विरूद्ध महाभियोग चलाने का नोटिस दिया था। इन सदस्यों में कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा, दिग्विजय सिंह, जॉन ब्रिटास, मनोज कुमार झा, साकेत गोखले एवं अन्य शामिल थे।

# बढ़ती ऊर्जा मांग, भारत सरकार कोयला उत्पादन में जुटी : रेड्डी

नागपुर। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चूंकि भारत की ऊर्जा मांग तेजी से बढ़ रही है, इसलिए सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कोयला उत्पादन बढ़ाने पर काम कर रही है। कोयला एवं खान मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को विशेषकर गर्मियों के मौसम में बिजली की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिथियम और तांबे जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की भारी मांग है, ऐसे में भारत अर्जेंटीना में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक का अधिग्रहण कर रहा है। रेड्डी ने यहां भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में कोयला उद्योग के श्रमिकों को संबोधित किया और बाद में पत्रकारों से भी बातचीत की।


## मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोविन्द विहार आवासीय योजना-2024 के अन्तर्गत 121 आवासीय भूखण्डों का आवंटन लाटरी ड्रा के माध्यम से किये जाने हेतु दिनांक 30.11.2024 से दिनांक 07.01.2025 तक पंजीकरण खोले गये थे। उक्त के क्रम में प्राप्त कुल 6198 आवेदनों के परीक्षणोपरान्त लाटरी ड्रा हेतु कुल 6140 पात्र एवं कुल 58 अपात्र आवेदकों की सूची मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा की वेबसाइट https://mvdamathura.com पर अपलोड की गई है। यह सूची दिनांक 12.02.2025 से दिनांक 18.02.2025 तक उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि किसी आवेदक को उक्त सूची पर कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12.02.2025 से दिनांक 18.02.2025 को सायं 6.00 बजे तक प्राधिकरण के ई-मेल vcmvda2014@gmail.com पर अपनी आपत्ति उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 18.02.2025 को सायं 6.00 बजे के उपरान्त एवं लाटरी ड्रा के दिन प्राप्त आपत्ति अथवा साक्ष्यों आदि पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 19.02.2025 को प्रातरू 10 बजे से कार्यसमाप्ति तक किया जायेगा। गोविन्द विहार आवासीय प योजना-2024 के अन्तर्गत 121 आवासीय भूखण्डों का लाटरी ड्रा निम्नलिखित समयसारणी के वि अनुसार किया जायेगा -:

| क्रम संख्या | भूखण्ड श्रेणी एवं क्षेत्रफल | भूखण्डों की संख्या | लाटरी ड्रा का दिनांक व समय | लाटरी ड्रा हेतु स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | R-1 90 से 150 व.मी. | 89 | दिनांक 24.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से | पांचजन्य प्रेक्षागृह, डैम्पीयर नगर, मथुरा |
| 2. | R-2 151 से 235 व.मी. | 22 | दिनांक 25.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से | |
| | R-3 330 व.मी. | 10 | | |

सचिव, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा


# बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ेगी

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवटंन में कटौती के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि आयकर सीमा बढ़ाने सहित बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी।

सीतारमण ने कहा कि उच्च सदन में आम बजट पर चर्चा में 90 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बजट में उन सभी समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जो आज देश के समक्ष हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी के कारण ब्याज का बोझ एक समस्या है। उन्होंने कहा कि इससे उबरने के लिए बुद्धिमत्ता से राजकोषीय प्रबंधन करना आवश्यक उपाय है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस बार बजट इस प्रकार बनाया है, जिससे विकास को गति मिल सके, समावेशी विकास को हासिल किया जा सके, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके, गृहस्थ लोगों की भावनाओं को बल दिया जा सके तथा भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से क्रय शक्ति बढ़ायी जा सके। उन्होंने कहा कि बजट में चार वर्गों-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि पूरी अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में इन वर्गों का ध्यान रखा गया है ताकि उन्हें लाभ मिल सके। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय पर पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने पिछले साल के आंकड़े देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं की गयी है।

# 2019-20 से 42,000 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि वर्ष 2019-20 से 42,000 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है और 18.4 लाख से अधिक नौकरी चाहने वालों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेले की शुरुआत की थी। केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्रीय स्तर पर अब तक 14 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। भाग लेने वाले मंत्रालयों या विभागों आदि द्वारा रोजगार मेलों के दौरान कई लाख नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से सभी मंत्रालयों और विभागों में मिशन मोड में भर्तियां की गई हैं।

**18.4 लाख से अधिक का चयन: सरकार**

**इंटरटेनमेंट...**

# 'वेलकम टु द जंगल' अब तक की सबसे बड़ी फिल्म




मुंबई। अहमद खान, एक ऐसे शख्स जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। इनकी पहचान मूल रूप से डांस कोरियोग्राफर की थी, लेकिन आगे चलकर इन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में डायरेक्ट कीं। अहमद खान इस साल यानी 2025 में मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टु द जंगल से वापसी कर रहे हैं। फिल्म में सितारों की फेहरिस्त है। फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और रवीना टंडन सहित कई स्टार्स नजर आएंगे।

यह फिल्म वेलकम सीरीज की पिछली दोनों फिल्मों से बिल्कुल अलग होगी। अहमद खान इसी साल एक और फिल्म 'बाप' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को उन्होंने जी स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया है। इस फिल्म में संजय दत्त, सनी देओल, जैकी श्रॉफ और मिथुन चक्रवर्ती नजर आएंगे। अहमद खान बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने प्रोफेशनल और पर्सनल मसलों पर खुलकर बोला। सवाल- लोग आपकी फिल्म वेलकम टु द जंगल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, पहले तो इसके बारे में बताइए? जवाब- यह मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। मेरी छोड़िए, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी फिल्म कह सकते हैं। फिल्म में 34 एक्टर्स कास्ट किए गए हैं। प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने मुझसे कहा कि अहमद, तुम इस फिल्म में उन्हीं एक्टर्स को लेना, जिन्हें लोग नाम से जानते हों। एक भी ऐसा एक्टर नहीं होना चाहिए जिसके बारे में लोगों को बताना पड़े। फिल्म की कास्टिंग के दौरान सबसे खास बात यह रही है कि किसी एक्टर ने यह नहीं कहा कि मैं फिल्म में काम नहीं करूंगा, क्योंकि इसमें कई सारे कलाकार काम कर रहे हैं। स्क्रीन टाइम को लेकर किसी के मन में कोई इनसिक्योरिटी नहीं थी।

अहमद खान ने रंगीला और किक जैसी फिल्मों में डांस कोरियोग्राफी सिखाई है। सवाल- यह फिल्म वेलकम के पिछले दोनों पार्ट से कितनी अलग होगी? जवाब- यह फिल्म वेलकम (2007) और वेलकम बैक (2015) से पूरी तरह अलग होगी। फिरोज भाई का सीधा कहना था कि इस बार कुछ अलग और नया लेकर आना है। पिछली दोनों फिल्मों का पोस्टर देखिए, उसमें स्टारकास्ट ब्लैक सूट में नजर आई थी। इस बार पोस्टर देखिए। सारे एक्टर्स आर्मी ड्रेस में नजर आएंगे। इस बार हमने फिल्म का थीम आर्मी बेस्ड रखा है। अगर इसके नाम से वेलकम हटा दें, तो लगेगा ही नहीं कि यह उसी फ्रेंचाइजी की फिल्म है। सवाल- इतने सारे दिग्गजों को एक फ्रेम में लाने में दिक्कतें नहीं हुईं? जवाब- चुनौतियां तो बहुत थीं, लेकिन सब कुछ आसानी से हो गया। वजह यह थी कि सारे एक्टर्स अपने काम को एन्जॉय कर रहे थे। सब अपने आप को ऐसा दिखा रहे थे कि जैसे वे नए नवेले कलाकार हैं। ऐसा फील हो रहा था कि मैं स्टूडेंट्स को टीच कर रहा हूं।

# 'दबिड़ी दिबिड़ी' गाने की आलोचना पर बोलीं उर्वशी

मुंबई। उर्वशी रौतेला हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज में नजर आई थीं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म के गाने दबिड़ी दिबिड़ी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि इसे पॉजिटिव लिया जाएगा। लेकिन लोगों के रिएक्शन से वह खुद हैरान थीं। दरअसल, इस गाने के डांस मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत के दौरान उर्वशी ने कहा कि दबिड़ी दिबिड़ी गाना खास तौर पर नंदामुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए बनाया गया। इसके बोल भी उन्हीं के विचारों के अनुसार लिखे गए हैं। उर्वशी ने कहा, जब आप मेरी रिहर्सल की वीडियो देखते हैं, तो सब कुछ बहुत अच्छे से हुआ था। यह बिल्कुल वैसे ही था जैसे आमतौर पर किसी भी गाने की कोरियोग्राफी की जाती है।

# इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद पर समय रैना को दूसरा समन



मुंबई। समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में पेरेंट्स पर भद्दे कमेंट्स के मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना को इस हफ्ते में दूसरी बार समन भेजा है।

साथ ही साइबर सेल ने समय को सोमवार, 17 फरवरी को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा है। बुधवार को समय रैना के वकील ने साइबर सेल को बताया था कि समय रैना इस वक्त अमेरिका में हैं और 17 मार्च को लौटेंगे। साथ ही उन्होंने समन का जवाब देने के लिए अधिक समय की मांग की है। इससे पहले बुधवार को ही समय रैना ने अपने शो इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर चल रहे विवाद में सफाई दी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर दावा किया था कि उन्होंने अपने शो के सारे वीडियोज यूट्यूब से हटा दिए हैं।

# 'पुष्पा' जैसी फिल्म बॉलीवुड के बस की बात नहीं



मुंबई। फिल्ममेकर रामगोपाल वर्मा ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के फिल्म प्रोड्यूसर पुष्पा 2 जैसी फिल्में नहीं बना पाते, क्योंकि वे इस तरह के विचार नहीं रखते।

लेकिन साउथ की फिल्में हमेशा अपनी अलग कहानी और सांस्कृतिक शैली के कारण दर्शकों को पसंद आती हैं, जो बॉलीवुड से काफी अलग होती हैं। पिंकविला के साथ बातचीत के दौरान रामगोपाल वर्मा ने कहा कि बॉलीवुड के डायरेक्टर पुष्पा 2 जैसी फिल्में नहीं बना पाते। ऐसा नहीं है कि वे सक्षम नहीं हैं, बल्कि उनकी सोच अलग है। असली फर्क फिल्म निमार्ताओं की सोच में है, न कि दर्शकों की पसंद में, क्योंकि हिंदी सिनेमा पहले मसाला फिल्मों पर आधारित था, जैसा कि अमिताभ बच्चन की फिल्मों में देखा जाता है। रामगोपाल वर्मा ने कहा, 'मैं अमिताभ बच्चन के दौर यानी 70 और 80 के दशक के बारे में बात कर रहा हूं। तब साउथ फिल्म इंडस्ट्री हिंदी फिल्मों के रीमेक बनाती थी। रजनीकांत बच्चन की फिल्मों का रीमेक बनाते थे। चिरंजीवी और एनटीआर जैसे स्टार्स भी ऐसा ही कर रहे थे। लेकिन साउथ ने हिंदी सिनेमा की कला सीखी।

कुछ समय बाद म्यूजिक कंपनियां आ गईं और संगीत इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव लाया। इन कंपनियों ने फिल्मों में अपने गाने डालने के लिए पैसा देना शुरू किया। इसका असर ये हुआ कि एक्शन फिल्में कम होने लगीं और लगभग उसी समय अमिताभ बच्चन ने करीब पांच साल का लंबा ब्रेक लिया। इंडस्ट्री म्यूजिकल फिल्मों की ओर बढ़ने लगी, जैसे 'मैंने प्यार किया' और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और बॉलीवुड अपनी मसाला फिल्मों को भूलने लगा।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com